माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 8, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

अंतरिम बजट 2024

इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान और नवाचार पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी एलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है।

– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

11.11 लाख करोड़ रुपये रखा गया बजट में पूंजीगत व्यय

5.1% रहने का अनुमान है राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में

4.5% पर राजकोषीय घाटे को लाने का रखा है लक्ष्य

लोकलुभावन घोषणाओं से दूर, सुधारों पर जोर

आस का बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अगले वित्त वर्ष के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने वाला अंतरिम बजट पेश किया, जिसमें लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज किया गया। उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए एक तरफ जहां आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव दिया है, वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को संशोधित कर इसे जीडीपी का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। कुल 47.66 लाख करोड़ रुपये के व्यय का बजट पेश किया गया। इससे पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने दोपहर बाद सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए अंतरिम बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री का नाम पुकारा। इसके बाद सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। उन्होंने राजकोषीय नीति 2024-25 को भी सदन के पटल पर रखा।

अंतरिम बजट में यह रहा खास

- किसान सम्मान निधि और पीएम फसल योजना से अन्नदता को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया। 11.8 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है।
- पीएम स्वनिधि से 18 लाख वेंडर्स को मदद की गई है।
- देश में 3000 नए आईटीआईआई खोले गए।
- 1.40 करोड़ युवाओं को स्किल इंडिया की ट्रेनिंग।
- पीएम आवास योजना के कारण 70 प्रतिशत घर की मालकिन महिलाएं बन गई हैं।
- अब तक 3 करोड़ घर बनाने के अपने लक्ष्य को हासिल किया है। इस योजना के तहत 5 साल में 2 करोड़ और घर बनाएंगे।
- उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी 28 फीसदी बढ़ी गई है।
- एनर्जी, मिनरल और सीमेंट के लिए 3 नए कोरिडोर शुरू किए जाएंगे।
- पीएम सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ घरों पर सोलर लगाए जाएंगे नमो भारत और मेट्रो पर फोकस।

'सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के सिद्धांत पर अग्रसर सरकार'

नई दिल्ली, एजेंसी

सीतारमण ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कोई राहत नहीं दी। हालांकि 25,000 रुपये तक के छोटी राशि के कर मांग को लेकर विवाद से आम लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया। एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण में उन्होंने पिछले 10 साल में सरकार की उन उपलब्धियों को रखा, जिससे देश 'नाजुक अर्थव्यवस्था' की श्रेणी से बाहर निकल कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रखा गया। वहीं, चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत रहने का संशोधित अनुमान है। राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

वित्तमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले की हर चुनौती को आर्थिक प्रबंधन और बेहतर राजकाज के माध्यम से दूर किया गया जा चुका है। सीतारमण ने यह भी कहा कि सरकार अपने जुलाई के बजट में भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा पेश करेगी। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा, सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के सिद्धांत के आधार पर सरकार अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढ़ाएगी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों तथा संबंधित पक्षों के साथ आम सहमति बनाएगी। चालू वित्त वर्ष के लिए कुल प्राप्तियां 30.03 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह बजट अनुमान से अधिक है। यह अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाता है।

राज्यों को मिलेगा 75 हजार करोड़ का ब्याज फ्री लोन

वित्त मंत्री ने कहा कि जी20 मीटिंग का देश के 60 अलग-अलग स्थानों पर सफल आयोजन ने भारत की विविधता को दुनिया के सामने दिखाया है। हमारी आर्थिक क्षमता ने देश को बिजनेस और कॉन्फ्रेंस टूरिज्म के लिए एक आकर्षक स्थान बनाया है। हमारा मध्यमवर्गीय भी ट्रैवल कर देश को घूमना चाहता है। बजट 2024 में वित्त मंत्री ने बताया कि टूरिज्म को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार राज्यों को लंबी अवधि का 75000 करोड़ रुपये का ब्याज फ्री लोन देगी।

आयकर स्लैब की दरों में नहीं किया बदलाव

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट भाषण में कहा कि आयात शुल्क समेत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि आयकर स्लैब की दरें पहले की तरह बनी रहेगी। दोनों कर व्यवस्था में कर राहत दी गई है। नई कर व्यवस्था के तहत आयकर कानून की धारा 87ए के तहत सात लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्ति कर छूट के पात्र होंगे। वहीं पुरानी व्यवस्था के तहत कर का भुगतान करने वालों के लिए छूट की सीमा पांच लाख रुपये बनी हुई है।



फसल संबंधी गतिविधियों में निवेश को बढ़ावा देगी सरकार

सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए नए कदम उठा रही है और अब उसकी योजना फसल कटाई के बाद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के वास्ते निजी तथा सार्वजनिक निवेश पर ध्यान केंद्रित करना है। किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास तेज किए जाएंगे और इसके तहत खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

स्टार्टअप निवेश पर कर प्रोत्साहन को एक साल के लिए बढ़ाया

अंतरिम बजट में स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश पर कर प्रोत्साहन को मार्च, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश के लिए कुछ कर लाभ और साथ ही कुछ आईएफएससी (अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र) इकाइयों की कुछ आय पर कर छूट 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रही है।

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण को बढ़ावा

सरकार सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों के टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्रीय अंतरिम बजट 2024-2025 पेश करते हुए यह घोषणा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले महीने कहा था कि वह देश में सर्वाइकल कैंसर के मामलों पर बारीकी से नजर रख रहा है और राज्यों तथा विभिन्न स्वास्थ्य विभागों के साथ नियमित संपर्क में है।

सरकार का फोकस... गरीब महिला, युवा और अन्नदाता पर

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख जातियों- गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। सीतारमण ने कहा कि उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तब होती है, जब इन चारों जातियों से जुड़े लोग प्रगति करते हैं। इन चारों जातियों के लोगों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास में सरकारी सहायता की आवश्यकता है और उन्हें सरकारी सहायता मिल भी रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके सशक्तीकरण से और उनके कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक शासन पद्धति है। भ्रष्टाचार में कमी से पारदर्शिता आई है और सभी पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

इस बार रक्षा क्षेत्र के लिए सबसे अधिक बजट

2024-25 के अंतरिम केंद्रीय बजट में रक्षा खर्च में अन्य मंत्रालयों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि की गई है। गुरुवार को संसद में पेश किए गए बजट में पिछले साल के 5.95 लाख करोड़ के मुकाबले 4.72 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए इसे 6.21 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। पीआईबी के मुताबिक, यह कुल केंद्रीय बजट का 13.04 प्रतिशत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में रक्षा बजट का 1.72 लाख करोड़ रुपये सेना पर पूंजीगत खर्च के लिए अलग रखा गया है, जिसमें नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य हार्डवेयर की खरीद शामिल है।

वंदे भारत की तरह बदले जाएंगे 40 हजार डिब्बे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को "वंदे भारत" मानकों के अनुरूप बदला जाएगा और तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने लोकसभा में 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिसके परिणामस्वरूप अधिक यातायात वाले गलियारों में भीड़ कम होने से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी और यात्री सुरक्षा एवं यात्रा की रफ्तार बढ़ेगी। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि समर्पित मालभाड़ा गलियारों के साथ-साथ तीन आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की विकास दर बढ़ेगी तथा रसद व्यवस्था संबंधी लागत में भी कमी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिनमें ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, पत्तन संपर्क गलियारा और अधिक यातायात वाले गलियारे शामिल हैं।

उम्मीद मध्यम वर्ग के लिए आएगी नई आवास योजना, पीएम ग्रामीण योजना के तहत अब तक दिए गए 3 करोड़ घर

अगले पांच साल में दो करोड़ नए घर देगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिम बजट में अन्य क्षेत्रों की तरह आवासीय क्षेत्र को लेकर भी कई अहम ऐलान हुए हैं। बजट में वित्त मंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के लोगों को किफायती घर मुहैया कराने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार की घोषणा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना जून 2015 में 'सभी के लिए आवास' के उद्देश्य से शुरू की गई थी। योजना की मौजूदा समय सीमा दिसंबर 2024 को पांच साल तक बढ़ाया गया है। पीएम ग्रामीण योजना के तहत 3 करोड़ घर दिए गए हैं वहीं अगले पांच वर्षों में इसमें 2 करोड़ नए आशियाने बनाए जाएंगे। निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि केंद्र सरकार मध्यम वर्ग को आवास देने के लिए एक योजना शुरू करेगी। सीतारमण ने चुनाव से पहले वित्त वर्ष 2024-25 अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में समावेशी विकास के हिस्से के रूप में हर एक को मकान, पानी, बिजली, रसोई गैस और बैंक खाता उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। सरकार किराये के घर अथवा झुग्गी-बस्ती या चाल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के पात्र लोगों को अपने मकान खरीदने या बनाने में सहायता करने के लिए योजना लाएगी।

वैश्विक महामारी में भी चलती रही योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद इस योजना का कार्यान्वयन जारी रहा और सरकार तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य प्राप्त करने के करीब है। उन्होंने कहा कि परिवारों की संख्या में वृद्धि होने से बढ़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी होंगे आयुष्मान भारत के दायरे में

अंतरिम बजट में आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य देखभाल के दायरे में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लाने की घोषणा की। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रतिवर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। पिछले साल 27 दिसंबर तक इस योजना के दायरे में 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ लोग थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को पर्याप्त और समय पर वित्तपोषण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

जीडीपी यानी गवर्नेंस डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की झलक

अंतरिम बजट पेश करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में राजकोषीय घाटे पर बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण | कहा-वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के लिए हमने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 प्रतिशत किया

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह सिर्फ चुनावों से पहले पेश किया गया अंतरिम बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में देश की जीडीपी (जीडीपी) यानी गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की जानकारी दी गई है। गवर्नेंस की बात करें तो यह बजट उन क्षेत्रों की ओर हमारा ध्यान खींचता है, जहां हमने विकास किया है।

हमने अर्थव्यवस्था को सही इरादों, सही नीतियों और सही निर्णयों के साथ प्रबंधित किया है। डी यानी डेवलपमेंट की बात करें तो लोग बेहतर ढंग से रह रहे हैं और बेहतर कमाई कर रहे हैं। भविष्य के लिए उनकी उच्च आकांक्षाएं है। वित्तमंत्री ने कि 'पी' यानी परफॉर्मेंस की बात करें तो लगातार तीन वर्षों में 7 प्रतिशत वृद्धि दर हासिल की गई है। हमारा देश जी-20 में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और देश के सभी हिस्से विकास में अपना योगदान दे रहे हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया, "बजट घाटा या राजकोषीय घाटा 5.8 प्रतिशत है, जो 5.9 से कम है। इसी तरह 2024-25 के बजट के लिए हमने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्री के अनुसार आंकड़े स्पष्ट रूप से संकेत दे रहे हैं कि हम 2021-22 में निर्धारित लक्ष्य जिसके तहत वित्त वर्ष 26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत या उससे भी कम किया जाना है, हासिल करने के रास्ते पर हैं।

अंतरिम बजट-2024 पेश करने से पहले राज्यमंत्री भागवत किशनराव कराड़, पंकज चौधरी और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ निर्मला सीतारमण।

प्रमुख योजनाओं के लिए बजट

योजनाएं	बजट
मनरेगा	86,000
आयुष्मान भारत	7,500
पीएलआई	6,200
सौर ऊर्जा (ग्रिड)	8,500
राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन	600

(राशि करोड़ में)

मंत्रालयों के लिए बजट आवंटन

मंत्रालय	बजट
रक्षा	6.2
संचार	1.37
गृह	2.03
रेल	2.55
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग	2.78
ग्रामीण विकास	1.77
कृषि एवं किसान कल्याण	1.27

(राशि लाख करोड़ रुपये में)

सरकार गठन के बाद आम बजट में पेश होगा देश का रोड मैप

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ अंतरिम बजट पेश करने के बाद बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

अमृत विचार: संसद में अंतरिम बजट पेश करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है की देश का आम बजट लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा की आम बजट में भारत को विकसित बनाने के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों का रोड मैप प्रस्तुत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव होने के कारण संसद के आखिरी सत्र में आम बजट पेश करने के बजाय अंतरिम बजट पेश किया गया और वित्तमंत्री का बजटीय भाषण समाप्त होते ही लोकसभा में अंतरिम बजट को ध्वनिमत से पारित भी कर दिया गया।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद जून-जुलाई तक नई सरकार का गठन हो जाएगा और उसके बाद आम बजट पेश किया जाएगा, जिसमें भारत को विकसित बनाने के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

लोकसभा में अंतरिम बजट पास होने के बाद अब राज्यसभा में शुक्रवार को इस पर चर्चा होगी। माना जा रहा है कि शुक्रवार को ही राज्यसभा में भी अंतिम बजट पास हो जाएगा।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करेगा अंतरिम बजट: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करने वाला करार दिया है। योगी ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को भी धन्यवाद दिया। योगी ने अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में लोकसभा में प्रस्तुत अंतरिम बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग के सपनों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से लखपति दीदी योजना के लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया है। साथ ही, आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय स्वागत योग्य है मुख्यमंत्री के मुताबिक, सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य तय किया है। यह योजना गरीबों के लिए पक्के घर की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

वहीं, तीन नए रेल कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य और 40 हजार रेल डिब्बो को वंदे भारत में बदलने का निर्णय आने वाले वर्षों में औद्योगिकीकरण को गति प्रदान करेगा।

दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ाकर तीन करोड़ किया गया

▸▸ वित्तमंत्री ने की घोषणा, योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं को जोड़ना

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि सरकार ने 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ करने का फैसला किया है। 'लखपति दीदी' योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में महिलाओं को प्रशिक्षण देना है, ताकि वे प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये की स्थायी आय अर्जित कर सकें। संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि नौ करोड़ महिलाओं वाले 83 लाख स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'नौ करोड़ महिलाओं के साथ 83 लाख एसएचजी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उनकी सफलता ने पहले ही लगभग एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने में मदद की है। वे दूसरों के लिए प्रेरणा हैं।'

बजट में किसान

कृषि और किसानों के लिए 1.27 लाख करोड़ का आवंटन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने को शुरू होगा 'आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट के केंद्र में गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता रहे। अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि और किसानों के लिए भी इस बजट में कई घोषणाएं की गईं। बजट में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

लोकसभा चुनावों से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में सरकार ने ग्रामीण विकास पर जोर दिया है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में बताया कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। पीएम-किसान सम्मान योजना के अंतर्गत हर वर्ष सीमांत और छोटे किसानों सहित 11.8 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा प्रदान किया गया है। अनेक दूसरे कार्यक्रमों के अलावा इन उपायों से 'अन्नदाता' को देश और पूरी दुनिया के लिए अन्न पैदा करने में सहायता दी जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट ने 1361 मंडियों को एकीकृत कर दिया है और इसमें 3 लाख करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार हो रहा है और 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि-क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्चतर संवृद्धि और उत्पादकता की ओर अग्रसर है। इन्हें कृषक-केंद्रित नीतियां लाकर, किसानों को उनके आय अर्जन में सहायता देकर, कीमत और बीमा के माध्यम से जोखिम कवरेज देकर, स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचारों को बढ़ावा देकर सुगम किया गया है।

कृषि क्षेत्र के लिए अहम घोषणाएं...

- सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देगी।
- सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में नैनो-डीएपी के इस्तेमाल का विस्तार किया जाएगा।
- तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए ''आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'' शुरू किया जाएगा।
- डेयरी विकास के लिए व्यापक कार्यक्रम बनाया जाएगा।
- जलीय कृषि उत्पादकता बढ़ाने, निर्यात दोगुना करने और अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाया जाएगा।
- पांच एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित किए जाएंगे।

राहत कम, उपलब्धियों का बखान ज्यादा

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

विश्लेषण

- किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं, वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में कोई छूट नहीं मिली

अमृत विचार: वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में चुनावी वर्ष की छाया दूर-दूर तक नजर नहीं आई। जनता को तमाम उम्मीदें थीं। करदाताओं, उद्यमियों, व्यापारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को कोई राहत नहीं मिली है। गरीबों, महिलाओं, युवा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई योजनाओं का ऐलान किया गया है। कुल मिलाकर अंतरिम बजट में आम नागरिकों को राहत काम और सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का गुणगान ज्यादा किया गया है।

वित्तमंत्री ने अंतरिम बजट में किसी खास नई घोषणा का ऐलान नहीं किया है। बजट भाषण में उन्होंने ज्वलंत मुद्दों की एक रूपरेखा को भी प्रस्तुत किया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए उन्हें सभी योजनाओं को अगले वर्ष भी जारी रखने का ऐलान किया गया है। बजट में करोड़ों करदाताओं, आम नागरिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन वर्तमान आयकर ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसी तरह किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। वित्तमंत्री ने किसानों को अन्नदाता बताकर एक तरह से सम्मानित किया है, बल्कि उनकी किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है।

महिलाओं के लिए भी कोई नई योजना के बजाय पुरानी योजनाओं को ही आगे बढ़ा दिया गया है। जैसे लखपति दीदी के दायरे को 3 करोड़ तक कर दिया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे से कोई छूट नहीं मिलेगी। साथ ही आम रेलवे यात्रियों को भी रेल किराए में किसी भी तरह की छूट नहीं मिलेगी।

पर्यटन को लगेंगे पंख | अंतरिम बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर जोर

लक्षद्वीप समेत द्वीप समूहों की सूरत बदलेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कई परियोजनाओं का जिक्र किया। बजट भाषण में रेलवे से लेकर पर्यटन को बढ़ावा देने तक पर जोर दिया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि घरेलू पर्यटन के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह पर खरा उतरने के लिए लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीप समूहों के विकास पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप और अन्य द्वीप समूहों में यातायात सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। पर्यटन अवसंरचना, पत्तन संपर्क और सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। इससे न केवल पर्यटन में बढ़ोतरी होगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा।

निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि जी-20 बैठकों के दौरान दुनियाभर के लोगों ने भारत की विविधता को बेहद करीब से देखा है। हमारा देश पर्यटन के लिए एक बड़ा स्थान बनकर सामने उभरा है। साथ ही कहा कि मध्यम वर्ग भी अब पर्यटन के लिए जाने लगा है। वे अब नए-नए स्थानों के बारे में जानने की रूचि करता है। पर्यटन का दायरा बहुत बढ़ा है। पर्यटन को सुदृढ़ करने के लिए विकास पर जोर दिया जा रहा है।

सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत को पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग की जाएगी। साथ ही पर्यटन केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग देने के लिए फ्रेमवर्क बनाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसे कार्यकलापों का वित्तपोषण करने के लिए राज्यों को मैचिंग आधार पर ब्याज मुक्त दीर्घावधि ऋण दिया जाएगा।

घरेलू द्वीप समूहों के विकास पर जोर

हाल ही में लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया था। प्रधानमंत्री का घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने की बात पड़ोसी द्वीप देश मालदीव को रास नहीं आई। मोदी के पोस्ट पर मालदीव के मंत्रियों ने आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी, जिसके बाद भारत और मालदीव के संबंधों में खटास पैदा हुई थी। हालांकि मालदीव के मंत्रियों ने अपनी टिप्पणियों को सोशल मीडिया से पोस्ट हटा दिया था। अंतरिम बजट में लक्षद्वीप और द्वीप समूहों में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।

बजट पर अपनी-अपनी राय

मोदी सरकार की उपलब्धियों पर रोशनी डालता है निर्मला सीतारमण का बजट भाषण

केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। बजट भाषण भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की मोदी सरकार की यात्रा में पिछले 10 वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों पर रोशनी डालता है। इन कार्यों की बुनियाद पर विकसित भारत की भव्य इमारत खड़ी की जा रही है। इस उत्कृष्ट यात्रा के माध्यम से देश का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी का और गहरी सोच वाले बजट भाषण के लिए वित्त मंत्री निर्मली सीतारमण जी का हृदय से आभार। **-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

अनुसंधान-विकास के लिए 1 लाख करोड़ की पूंजी बाजी पलटने वाली नीति

निजी क्षेत्र के अनुसंधान एवं अभिनव प्रयासों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 1 लाख करोड़ अनुसंधान कोष पूंजी बाजी पलटने वाली नीति होगी। भारत का युवा अब उस स्तर पर पहुंच गया है, जहां उसके पास वैश्विक चुनौतियों एवं जरूरतों को पूरा करने के साथ भारत की आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति करने के लिए शक्ति और क्षमता है। यह कोष भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की जरूरतों को पूरा करने में काफी मदद करेगा। **-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

अंतरिम बजट शब्दों का मायाजाल, गरीबों-मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं

मैंने बजट भाषण सुना। मैंने सोचा था कि वित्त मंत्री गरीब और मध्यम वर्ग के लिए नई योजनाएं लाएंगी। उनकी तकलीफों को कम करने के लिए कुछ घोषणाएं होंगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। हर साल की तरह मोदी सरकार का अंतरिम बजट केवल रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल है। इसमें ठोस कुछ नहीं है, बड़े-बड़े और खोखले दावे करना इस सरकार की आदत है। **-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

अंतरिम बजट में गरीबों के लिए कुछ नहीं

वित्तमंत्री द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में युवाओं या गरीबों के लिए कुछ नहीं है। यह अंतरिम बजट इस सरकार का आखिरी बजट है। इसमें ढेर सारी बातें कही गई हैं। उन्होंने ऐसी योजनाएं घोषित की हैं, जो 2047, 2050 में पूरी होंगी। ये योजनाएं तो रहेंगी, लेकिन इनका क्रियान्वयन नई सरकार करेगी। इस बजट से ज्यादा उम्मीद नहीं है। फिर भी लोग बड़े ध्यान से देख रहे हैं कि कैसे सरकार मुख्य मुद्दों बेरोजगारी, गरीब, युवाओं और किसानों की आय दोगुनी करने के मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। **-शत्रुघ्न सिन्हा, टीएमसी सांसद**

केंद्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य

इस बजट में उच्च शिक्षा के लिए ऋण की राशि बढ़ाई गई है, जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। तीन नए रेलवे इकोनॉमिक कोरिडोर की शुरुआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आएगी। सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लाएगी, जिसके तहत किराए के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। यह स्वागत योग्य कदम है। **-नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार**

बजट जमीनी वास्तविकता से दूर

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव से पूर्व संसद में पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि देश की जनता की अपार गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई मंहगाई आदि से त्रस्त जीवन को नकारना अति-दु:खद व चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो फिर यहां 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता। **-मायावती, बसपा प्रमुख**

महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने वाला बजट

महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए हैं। दस वर्षों में उच्चतर शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 प्रतिशत बढ़ गया है। स्टेम पाठ्यक्रमों में तैंतालीस प्रतिशत नामांकन बालिकाओं और महिलाओं का है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। आशा बहनों को आयुष्मान के अंतर्गत कवर किया जाना। ये सभी प्रयास महिला सशक्तिकरण एवम आत्मनिर्भर आधी आबादी के लक्ष्य पूर्ति में सहायक सिद्ध होंगे। यह बजट विकसित भारत की दिशा में एक ठोस कदम है। **-रिमिता मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज, लखनऊ**

चीन सीमा पर आधारभूत ढांचा मजबूत करने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ लद्दाख में न्योमा एयर फील्ड समेत कई परियोजनाओं पर ध्यान

अंतरिम बजट में चीन की सीमा से लगे क्षेत्रों में बुनियादी रक्षा ढांचे के लिए 6,500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 30 प्रतिशत और 2021-22 के मुकाबले 160 प्रतिशत अधिक है।

रक्षा बजट में लद्दाख में समुद्र तल से 13,700 फुट ऊंचाई पर न्योमा एयर फील्ड, अंडमान निकोबार द्वीप में स्थानीय पुल कनेक्टिविटी, हिमाचल प्रदेश में 4.1 किलोमीटर लंबी शिंकू ला टनल का निर्माण, अरुणाचल प्रदेश में नेचिफू टनल निर्माण समेत कई परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ने यह भी घोषणा की कि रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करने और क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' में तेजी लाने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

रक्षा बजट में कुल राजस्व व्यय 4,39,300 करोड़ रुपये आंका गया है, जिसमें रक्षा पेंशन के लिए 1,41,205 करोड़ रुपये, रक्षा सेवाओं के लिए 2,82,772 करोड़ रुपये और रक्षा मंत्रालय (सिविल) के लिए 15,322 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस साल के रक्षा बजट का 27.67 प्रतिशत पूंजीगत खर्च, 14.82 प्रतिशत सेना की तैयारी के लिए खर्च किया जाएगा।

माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 8, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत 16

कॉकटेल 2 में दिखेंगी सारा अली और अनन्या पांडे 15

meenakshi
मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती

होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान

पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

एक नजर

पूर्व राजनयिक संजय वर्मा यूपीएससी के सदस्य नियुक्त

नई दिल्ली। पूर्व राजनयिक संजय वर्मा को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के बयान के अनुसार 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी वर्मा ने गुरुवार को यहां यूपीएससी सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने उन्हें शपथ दिलाई। आयोग आईएएस, आईएफएस और आईपीएस सहित अन्य के वास्ते अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। यूपीएससी सदस्य को छह साल की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु होने तक नियुक्त किया जाता है।

संजय सिंह ने सत्र में भाग लेने को मांगी अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह की उस अर्जी पर दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्होंने मौजूदा संसद सत्र में भाग लेने के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने ईडी को 3 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने पदभार छोड़ा

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के एक दिन बाद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव का पदभार छोड़ दिया है। चौबे ने अन्य अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं। चौबे ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव था। जब मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया तो मुझे प्रधान सचिव पद छोड़ना पड़ा। मैंने अन्य सभी अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं।

आज जारी होगा समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा प्रवेश पत्र

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) शुक्रवार को समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) 2023 प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी करेगा। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आयोग की वेबसाइट से ही अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउन लोड करेंगे। परीक्षा 11 फरवरी को प्रदेश के 40 शहरों में आयोजित होने जा रही है। परीक्षा दो पाली में होगी। आरओ एवं एआरओ के कुल 411 पदों के लिए 10 लाख 69 हजार 725 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। पहली बार इस परीक्षा में इतनी बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं।

हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत, रिमांड पर आज होगा फैसला

ईडी ने पीएमएलए अदालत से मांगी थी पूर्व मुख्यमंत्री की 10 दिन की रिमांड

रांची, एजेंसी

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वकीलों ने यह जानकारी दी। ईडी ने सोरेन का 10 दिन का रिमांड मांगा था। अदालत ने अपना आदेश शुक्रवार के लिए सुरक्षित रख लिया। वकीलों ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोरेन की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत के बाहर बताया कि झामुमो नेता को आदेश पारित होने तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरा मामला गलत मंशा से प्रेरित है। यह सरकार गिराने की साजिश है। पूरी कार्यवाही में पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उनकी गिरफ्तारी तब की गई जब उनका बयान दर्ज करने की कार्रवाई जारी थी, जो गैरकानूनी है। हेमंत सोरेन को बुधवार रात यहां धनशोधन मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। झामुमो नेता को यहां बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ले जाया गया। जेल ले जाने के लिए जैसे ही पूर्व मुख्यमंत्री को अदालत के बाहर लाया गया, उनके समर्थकों ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए।

कोर्ट में पेशी के लिए जाते पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

गिरफ्तारी को शीर्ष कोर्ट में चुनौती, आज सुनवाई

नई दिल्ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन की धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। सोरेन ने पहले झारखंड उच्च न्यायालय में गिरफ्तारी को चुनौती दी और गुरुवर अपने वकीलों के माध्यम से उच्चतम न्यायालय का रुख किया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हुई।

राज्यपाल ने चंपई सोरेन को मनोनीत किया मुख्यमंत्री

रांची। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद के लिए मनोनीत कर उन्हें शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया। राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने कहा कि हमने उन्हें शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया है। अब वह तय करेंगे कि शपथ कब लेनी है। चंपई सोरेन ने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के एक प्रतिनिधिमंडल को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की और सरकार गठन के उनके अनुरोध को यथाशीघ्र स्वीकार करने का अनुरोध किया।

झामुमो विधायकों को भेजा जा सकता है राज्य से बाहर

रांची। झारखंड में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायकों को भाजपा की ओर से लुभाए जाने के किसी भी प्रयास को नाकाम करने के लिए उन्हें हैदराबाद भेजा जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि हमारे विधायकों को हैदराबाद ले जाने के लिए 12 और 37 सीट वाले दो चार्टर्ड विमान बुक किए गए हैं। वहीं, एक विधायक ने कहा कि सरकार गठन के लिए राजभवन से आमंत्रण मिलने में देरी की सूरत में भाजपा की ओर से विधायकों को तोड़ा जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाए मुस्लिम पक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति को वाराणसी की जिला अदालत के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख करने का गुरुवार को निर्देश दिया। वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार से संपर्क किया और मामले में तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। रजिस्ट्रार ने उन्हें बताया कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने उन्हें हाईकोर्ट जाने को कहा है।

अपनी अर्जियों में अधिवक्ता निजाम पाशा और फुजैल अहमद अय्यूबी ने कहा कि आदेश की आड़ में स्थानीय प्रशासन ने बेहद जल्दबाजी में उक्त स्थल में भारी पुलिसबल तैनात किया है और वह मस्जिद के दक्षिणी हिस्से में लगे जाल को काटने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास रात के अंधेरे में इतनी जल्दबाजी में यह काम करने का कोई कारण है क्योंकि निचली अदालत की ओर से पारित आदेश में उन्हें पहले ही एक सप्ताह का वक्त दिया गया है ताकि जरूरी इंतजाम किए जा सकें।

ज्ञानवापी मामला

व्यास तहखाने में पूजा-अर्चना करते पुजारी।

- उच्चतम न्यायालय ने खारिज की अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका

खोला गया व्यास जी का तहखाना, हुई पूजा-अर्चना

वाराणसी। जिला अदालत द्वारा हिंदू समुदाय को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के चंद घंटों बाद बुधवार देर रात तहखाने को खोलकर उसमें पूजा की गई। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर तंज करते हुए इसे नियत प्रक्रिया से परे गतिविधि करार दिया है। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे 31 साल बाद व्यास जी का तहखाना पूजा-पाठ के लिए खोला गया और साफ-सफाई के बाद पूजा कराई गई। जिला प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, बुधवार की देर रात मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ज्ञानवापी परिसर पहुंचे। उनके साथ अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर द्रविड़ भी थे। कुछ लोगों का दावा है कि तहखाने में लक्ष्मी-गणेश की आरती की गई। हिन्दू पक्ष के एक वादी सोहनलाल आर्य ने बताया कि तहखाने के बैरिकेटिंग को हटा कर वहां लोहे का गेट लगा दिया गया है।

हाईकोर्ट पहुंची मस्जिद कमेटी, पूजा के आदेश को दी चुनौती

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करती है) ने वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है। वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष उक्त मामले की शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। मालूम हो कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट द्वारा मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार करने के एक दिन बाद आया है।

रामभक्तों के लिए 8 और शहरों से हवाई सेवाएं शुरू

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामनगरी में लगातार बढ़ रही भक्तों की संख्या के चलते एयरलाइंस कंपनियों ने अयोध्या के लिए अपनी उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है। इसी क्रम में गुरुवार को अयोध्या धाम के लिए एक फरवरी से स्पाइस जेट की आठ नई नियमित उड़ान शुरू की गई हैं। अब श्रद्धालुओं को पटना, दरभंगा, जयपुर, दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, मुम्बई और बंगलुरु के बीच सीधी विमान सेवा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ से आठ शहरों के लिए फ्लाइट सेवा शुरू की। केंद्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। अयोध्या में डीएम नीतीश कुमार ने स्पाइसजेट के पहले यात्री को बोर्डिंग पास सौंपा। अब महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से इंडिगो, स्पाइसजेट और एयरइंडिया एक्सप्रेस की 14 फ्लाइट विभिन्न शहरों के लिए उड़ान भरेंगी।



- स्पाइस जेट की सीधी विमान सेवा से अयोध्या में पर्यटन को पंख
- विभिन्न शहरों के लिए अयोध्या से उड़ान भरेंगी 14 फ्लाइट

वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये की वृद्धि

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के गुरुवार को बजट भाषण से पहले तेल-विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये बढ़ाने की घोषणा की। देश की तीन तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हर महीने के पहले दिन रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं। तेल-विपणन कंपनियों ने गुरुवार को 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 14 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ा दिए। बढ़ी हुई कीमतें आज से ही प्रभावी होंगी। वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत 14 रुपये बढ़कर 1,769.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है। इससे पहले कीमत प्रति सिलेंडर 1,755.5 रुपये थी। तेल कंपनियां हर महीने अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के हिसाब से संशोधन करती हैं।

- घरेलू एलपीजी मूल्य में नहीं हुआ कोई बदलाव

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवासन के ठिकानों पर छापा

चेन्नई, एजेंसी

- ईडी ने उनकी कंपनी इंडिया सीमेंट्स के कार्यालयों में की छानबीन
- विदेश मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन की कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड' के चेन्नई व दिल्ली स्थित कार्यालयों की तलाशी ली है। केंद्रीय एजेंसी ने यह कार्रवाई चेन्नई की अग्रणी सीमेंट निर्माता कंपनी द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन की जांच के सिलसिले में की है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि संघीय जांच एजेंसी ने पिछले दो दिनों में कंपनी के चेन्नई स्थित दो कार्यालयों और दिल्ली में एक कार्यालय परिसर की तलाशी ली।

उन्होंने बताया कि यह जांच इसकी सहयोगी कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स कैपिटल लिमिटेड' (आईसीसीएल) से जुड़े मामलों और विदेश में लगभग 550 करोड़ रुपये के धन हस्तांतरण से संबंधित है। सूत्रों ने कहा कि कुछ कथित संदिग्ध एजेंट और निदेशकों की भूमिका भी ईडी की जांच के दायरे में है। आईसीसीएल विदेशी मुद्रा, धन हस्तांतरण और यात्रा बीमा जैसे क्षेत्रों में कार्य करती है। वहीं, कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि वह संघीय जांच एजेंसी के साथ सहयोग कर रही है। इंडिया सीमेंट्स ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के कुछ अधिकारियों ने 31 जनवरी और एक फरवरी के दौरान चेन्नई में हमारे कॉरपोरेट कार्यालय का दौरा किया और यह पता लगाने के लिए तलाशी ली कि क्या फेमा से संबंधित कोई अनियमितता है।

कोर्ट ने निर्धारित की अब्दुल्ला आजम की आयु

मुरादाबाद। आखिरकार सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की आयु निर्धारण का मामला निस्तारित हो गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. अजय कुमार ने लंबी सुनवाई एवं साक्ष्यों के आधार पर अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि 1 जनवरी 1993 मानी है। अब सर्वोच्च न्यायालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू-क्वीन मैरी अस्पताल) और नगर निगम की ओर से आयु निर्धारण के संबंध में जो साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, उसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने रामपुर के सेंट पॉल स्कूल के प्रधानाचार्य की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों को ही सही माना है।

अलीगढ़ मुस्लिम विवि का अल्पसंख्यक दर्जा

उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने आठ दिन तक प्रतिद्वंद्वी पक्षों की दलीलें सुनीं। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा भी शामिल हैं। एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मामला पिछले कई दशकों से कानूनी दांव-पेंच में फंसा हुआ है। उच्चतम न्यायालय ने 12 फरवरी, 2019 को विवादास्पद मुद्दे को निर्णय के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया था। इसी तरह का एक संदर्भ 1981 में भी दिया गया था। वर्ष 1967 में एस अजीज बाशा बनाम भारत संघ मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा था कि चूंकि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता।

- सात न्यायाधीशों की पीठ ने 8 दिन तक सुनीं प्रतिद्वंद्वी पक्षों की दलीलें

योगी ने नेताओं को दिया प्रसाद, बुलाया अयोध्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : शुक्रवार से शुरु हो रहे राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भी राम मंदिर की चर्चा रही। विधानभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलीय नेताओं के बीच राम मंदिर का प्रसाद अपने हाथ से बांटा और सभी को एकसाथ रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या चलने का प्रस्ताव भी रखा। दलीय नेताओं ने भी मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए दर्शन का कार्यक्रम तय करने की बात कही। बैठक में सभी दलीय नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वह सदन के संचालन में पूरा सहयोग करेंगे।

राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में शामिल विधायकगण।

- राज्य विधानमंडल का बजट सत्र आज से, पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण
- 2024-25 का बजट 5 फरवरी को होगा पेश 12 फरवरी तक चलेगा सदन

इससे पूर्व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सत्र की कार्यवाही तारीख के साथ तय की गई। 2 फरवरी को सत्र की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दोनों सदनों को एकसाथ संबोधित करने से होगी। उसी दिन औपचारिक कार्यों समेत अध्यादेशों, अधिसूचनाओं को पटल पर रखने के साथ-साथ विधेयकों के पुरःस्थापन की कार्यवाही चलेगी। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी जो 3 फरवरी शनिवार को भी जारी रहेगी। सरकार 2024-25 का बजट 5 फरवरी को पेश करेगी। यह उप्र. का अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए बजट का आकार लगभग 7.5 लाख करोड़ रुपये होना संभव है। आगे के दिनों में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट पर भी चर्चा चलेगी। 12 फरवरी तक सदन चलाने का कार्यक्रम तय हुआ है।

शिष्या से दुष्कर्म मामले में चिन्मयानंद दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वर्ष 2011 में मुमुक्षु आश्रम में कई बार दुष्कर्म करने का था आरोप
- एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के बाद गुरुवार को आया फैसला

अमृत विचार : शिष्या से दुष्कर्म करने के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने गुरुवार को अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए मुमुक्षु आश्रम के अधिष्ठाता पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को दोषमुक्त कर दिया है। 30 नवंबर, 2011 को चिन्मयानंद के खिलाफ उनकी शिष्या ने चौक कोतवाली में दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उन्होंने कर्मचारियों की मदद से मुमुक्षु आश्रम शाहजहांपुर में उसे बंधक बनाया और कई बार दुष्कर्म किया था। उस वक्त यह प्रकरण सामाजिक और राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चित रहा था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने विवेचना के उपरांत स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। जिसके बाद से मुकदमा विचाराधीन था। गुरुवार को एडीजे तृतीय एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश एहसान हुसैन ने निर्णय सुनाते हुए स्वामी चिन्मयानंद को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

"केंद्र सरकार के आम बजट से देश के ऊर्जा क्षेत्र को भारी निराशा हुई है। सौभाग्य योजना के तहत देश के करोड़ों बिजली उपभोक्ता सस्ती बिजली के इंतजार थे, पर उन्हें निराशा हाथ लगी, सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाकर 300 यूनिट फ्री बिजली की घोषणा कोई बड़ा क्रांतिकारी निर्णय नहीं है। – अवधेश कुमार वर्मा, अध्यक्ष, राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद

"अंतरिम बजट देश के विकास को गति देने वाला है, जो देश को अगले तीन वर्षों से भी कम समय में पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सक्षम होगा। बजट युवा व विकसित भारत की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला रामराज वाला बजट है। –आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल

अयोध्या के पांच स्टेशन संवरेंगे हर साल पहुंचेंगे 3.5 करोड़ श्रद्धालु

यूपी को मिला 19,575 करोड़, रेल नेटवर्क होगा अपग्रेड

अंतरिम बजट

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी की संभावनाओं को देखते हुए रेलवे अपना नेटवर्क मजबूत करेगा। अयोध्या को जोड़ने के वाले नेटवर्क को अपग्रेड किया जाएगा। वहीं, पांच स्टेशनों का पुनर्विकास कर यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाएगा। मंत्रालय को हर साल 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इन स्टेशनों पर सुविधा बढ़ाने व नेटवर्क के अपग्रेडेशन के लिए अंतरिम बजट में रेल मंत्रालय को यूपी में विकास कार्य के लिए 19575 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अंतरिम बजट पारित होने के बाद उत्तर प्रदेश और अयोध्या के विकास को लेकर जानकारी दी।

▸▸ **अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, कटरा, दर्शन नगर और सलारपुर स्टेशनों पर बढ़ेंगी सुविधाएं**

रेल मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से बताया कि अयोध्या में अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, कटरा, दर्शन नगर और सलारपुर स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है। देश के चारों ओर से अयोध्या को गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज और लखनऊ रेल नेटवर्क जोड़ते हैं। लखनऊ-अयोध्या और वाराणसी-अयोध्या सेक्शन की डबलिंग और विद्युतीकरण हो गया है। इससे ट्रेनों की क्षमता और गति दोनों ही बढ़ेगी। अब गोरखपुर और प्रयागराज से अयोध्या आने वाले सेक्शन को अपग्रेड करने के लिए भी डीपीआर तैयार हो रहा है।

रामघाट स्टेशन का होगा विकास: अयोध्या से मनकापुर की तरफ स्थित पूर्वोत्तर रेलवे का रामघाट स्टेशन भी विकसित होगा। डीआरएम आदित्य कुमार ने बताया कि रामघाट स्टेशन पर यात्रियों के लिए जर्मन हैंगर लगाए गए हैं। मनकापुर-अयोध्या सेक्शन की डबलिंग की सर्वे रिपोर्ट चली गई है।

1700 प्रतिशत ज्यादा बजट

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने अयोध्या सहित उत्तर प्रदेश में वर्ष 2014 से पहले रेलवे के पिछड़ेपन के कारणों पर चर्चा करते हुए बताया कि इस बार उत्तर प्रदेश को रिकार्ड बजट का आवंटन हुआ है। इस बार 2.52 लाख करोड़ रुपए का बजट रेलवे को मिला है। इसमें से उत्तर प्रदेश को वर्ष 2024-25 के लिए 19575 करोड़ रुपए मिला है। यह 1700 प्रतिशत अधिक है। यूपी को रेल बजट में 10 साल पहले प्रत्येक वर्ष 1109 करोड़ रुपए ही मिलते थे। उत्तर प्रदेश में हर साल 1978 किमी. नया ट्रैक बिछ रहा है। यह श्रीलंका के आकार के लगभग बराबर है। करीब 10 साल पहले 150 से 160 किमी. रेल नेटवर्क ही प्रत्येक वर्ष जुड़ता था। यूपी में रेल विद्युतीकरण 100 प्रतिशत हो गया है। इस समय यूपी में 157 अमृत स्टेशन विकसित हो रहे हैं। स्टेशन का विकास तेजी से हो रहा है। पिछले 10 साल में 1377 फ्लाई ओवर और अंडरपास उत्तर प्रदेश में बने हैं। यूपी के 143 स्टेशन पर स्थानीय प्रोडक्ट को बढ़ावा देने के लिए एक स्टेशन एक प्रोडक्ट की व्यवस्था की गई है।

आयुष्मान का दायरा बढ़ाने से आमजन को लाभ : पाठक

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ **उप मुख्यमंत्री ने बताया खुशहाली वाला बजट होगा फायदा**

अमृत विचार: केंद्र सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किए गए अंतरिम बजट (2024-25) को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आमजन की खुशहाली वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाने से आमजन लाभांवित होंगे। आयकर की सीमा में कोई बदलाव न करके केंद्र सरकार ने एक करोड़ लोगों को सीधे लाभ पहुंचाया है।

उप मुख्यमंत्री ने गुरुवार को केन्द्र में बजट प्रस्तुत करने के बाद, बोल रहें थे। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब कल्याण, किसान, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन एवं देश की समृद्धि व विकसित भारत के लिए समर्पित है। इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। आमजन को समर्पित इस बजट में सबका साथ, सबका विकास मंत्र के साथ सरकार ने चुनौतियों पर काबू पाया है और अर्थव्यवस्था को नई ताकत दी है।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से लखपति दीदी योजना के लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया है। साथ ही, आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय स्वागत योग्य है मुख्यमंत्री के मुताबिक, सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य तय किया है। यह योजना गरीबों के लिए पक्के घर की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

वहीं, तीन नए रेल कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य और 40 हजार रेल डिब्बो को वंदे भारत में बदलने का निर्णय आने वाले वर्षों में औद्योगिकीकरण को गति प्रदान करेगा। योगी ने कहा कि बजट में रक्षा, कृषि, बुनियादी ढांचा, उद्योग, ऊर्जा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा दिया गया है। यह अंतरिम बजट 'नए भारत' की समृद्धि का संकल्प है, इसमें अंत्योदय का विजन है और 140 करोड़ देशवासियों की सेवा का लक्ष्य है।

कर्मचारी वर्ग को कष्ट देने वाला है बजट: अफीफ

अमृत विचार,लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष व अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य अफीफ सिद्दीकी ने संघीय बजट को कारपोरेट बजट कहा है। चुनावी वर्ष को देखते हुए इस बजट से कर्मचारी वर्ग वित्त मंत्री के पिटारे से अपने लिए चमत्कार की आशा कर रहा था। 3 नवंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में हुई रैली से कर्मचारियों ने नेशनल पेंशन के स्थान पर सभी के लिए पुरानी पेंशन योजना की मांग, सरकारी विभाग में रिक्त पदों को भरना, आउटसोर्सिंग स्टाफ को नियमित करने सहित कोरोना काल मे रोके गए भत्तों को जारी करने की वकालत की थी। बजट में कर्मचारियों की मांगों को तरजीह न देकर कारपोरेट वर्ग के कर (22 प्रतिशत) में लगातार कमी करने के फैसले ने कामकाजी समुदाय को निराश किया है। इस कड़ी में आगामी 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल में करोड़ों कामकाजी लोग अपने मान सम्मान व सामाजिक सुरक्षा के लिए शामिल होने जा रहे हैं।

बजट में विकसित भारत की परिकल्पना : आईआईए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के केंद्रीय कार्यालय लखनऊ, राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली एवं सभी चैप्टर मुख्यालयों में आईआईए के पदाधिकारियों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट भाषण सुना।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, महासचिव आलोक अग्रवाल एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने क्रमशः गाजियाबाद, बरेली, कानपुर एवं लखनऊ में विभिन्न उद्योगपतियों एवं विशेषज्ञों के साथ बजट का अवलोकन किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह अंतरिम बजट आईआईए की आशा के अनुरूप था। जो घोषणाएं वित्त मंत्री ने की है उसके अनुसार आईआईए सरकार द्वारा देश को विकसित भारत बनाने की परिकल्पना का स्वागत करता है। बजट भाषण में जीडीपी की नई परिभाषा दी गई है, जिसका भी आईआईए समर्थन करता है। जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ जय अनुसंधान जोड़ने का भी आईआईए स्वागत करता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए नीरज सिंघल ने बताया कि एसोसिएशन अपने मिशन आईआईए 2.0 और ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टूवर्ड 4.0 के अन्तर्गत भारत को विकसित बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। महासचिव आलोक अग्रवाल ने कहा कि वित्तमंत्री ने टैक्स रिफॉर्मस के बारे में जो कहा उसका आईआईए स्वागत करता है। अंतरिम बजट होने के कारण हम टैक्स की संरचना में बदलाव की आशा नहीं रख रहे थे।

आईआईए के कार्यालय में बजट के दौरान चर्चा करते पदाधिकारी। अमृत विचार

▸▸ **बजट में एमएसएमई के लिए कोई प्रत्यक्ष घोषणा नहीं**

यह भाजपा की विदाई का बजट : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह भाजपा की विदाई का बजट है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि जनविरोधी बजटों का रिकार्ड फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है।

बजट देश की जनता के साथ धोखा : प्रमोद तिवारी

अमृत विचार, लखनऊ: राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी व कांग्रेस की नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' ने साझा तौर पर जारी बयान में कहा कि बजट देश की जनता के साथ धोखा है।नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 साल पूरे कर लिये पर किसानों के हित में दिये गये स्वामी नाथन रिपोर्ट के सुझावों को लागू करने का बजट में जिक्र तक नहीं किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य का कोई जिक्र नहीं है, जिससे किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। महंगाई कैसे कम होगी, इसका भी कोई जिक्र अंतरिम बजट में नहीं किया गया है।

लोक आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला बजट : भूपेंद्र

अमृत विचार, लखनऊ: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि अंतरिम बजट लोक आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला उत्कृष्ट बजट है। उन्होंने कहा कि देश के स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला रखने वाला यह अंतरिम बजट गरीब, किसान, महिला व युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए समृद्धि और विकास को तीव्र गति देगा। उन्होंने कहा कि बजट 'सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-विश्वास और सबका-प्रयास' के मूल मंत्र को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बजट विकसित भारत के चार स्तंभ-युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा।

किसानों और मध्यम वर्ग को निराशा : अजय राय

अमृत विचार, लखनऊ: कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि बजट से युवाओं, किसानों और मध्यम वर्ग को निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि देश में 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि भेजी जा रही है, जबकि सच्चाई यह है 2 करोड़ 29 लाख किसानों का नाम काट दिया गया। बजट में उम्मीद थी कि पूरे देश को गैस सिलेंडर सस्ता मिलेगा लेकिन देश के लोगों को फिर धोखा दिया गया। महंगाई के दौर में सरकारी योजना के तहत मिलने वाली भवन निर्माण लागत को बजट में कम से कम दो गुना कर दिया जाने की उम्मीद थी, पर उसमें कोई वृद्धि नहीं की गई।

समृद्धि को समर्पित है केंद्रीय बजट : सूर्य प्रताप शाही

अमृत विचार, लखनऊ: कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि अंतरिम बजट किसानों, महिलाओं, गरीबों व युवाओं को सभी क्षेत्रों में अनेक अवसर उपलब्ध करने वाला है। इससे भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि बजट में देशभर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली योजनाओं, कृषि क्षेत्र को मजबूती देने वाले कदमों के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजना है। इसका सकारात्मक प्रभाव अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट समृद्धि को समर्पित है।

महंगाई और बेरोजगारी का समाधान नहीं : अनिल दुबे

अमृत विचार, लखनऊ: राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि बजट में महंगाई, बेरोजगारी की ज्वलंत समस्याओं से निपटने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है और न ही स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की गयी है और न ही विदेशी कर्ज को कम करने का कोई उपाय है। उन्होंने कहा कि 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तब इण्डिया गठबंधन की सरकार किसानों, मजदूरों और नौजवानों तथा महिलाओं के हित में बजट लायेगी।

कर्मचारियों के लिए बजट निराशाजनक : शैलेंद्र दुबे

अमृत विचार, लखनऊ: कर्मचारियों के लिए बजट निराशाजनक है। ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने यहां जारी बयान में यह प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बढ़ती मंहगाई को देखते हुए डायरेक्ट टैक्स की दरों में कोई बदलाव न किए जाने से नौकरीपेशा लोगों को भारी निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि 80 सी और स्टैंडर्ड कटौती की सीमा में भी कोई वृद्धि नहीं की गई है जिसकी उम्मीद की जा रही थी। सबसे अधिक निराशा इस बात से हुई है कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कुछ भी नहीं कहा है।

पशुओं की नस्ल सुधार कर बढ़ाएंगे दुग्ध उत्पादन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केंद्र के अंतरिम बजट से उत्तर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बल मिलेगा। इसके लिए योजनाओं के साथ बजट का प्राविधान किया गया है। राज्यों की अपेक्षा उत्तर प्रदेश में पशु दूध उत्पादकता कम है। इसके लिए गायों की नस्ल सुधार के साथ कृत्रिम गर्भाधान पर काम पशुपालन व दुग्ध विकास मिलकर काम करेगा। बजट की कमी नहीं रहेगी। वैसे भी प्रदेश में नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना के तहत पांच योजनाएं संचालित की गई हैं। इसी क्रम में पशुपालक 2 से 25 गाय की इकाई लगाएंगे और पंजाब, हरियाणा, राजस्थान से उन्नत नस्ल की दुधारू गाय साहीवाल, गिर, थारपारकर व गंगातीरी खरीदेंगे। इसके लिए ऋण व लक्ष्य बढ़ाया गया है। इन गायों की दुग्ध देने की क्षमता अधिक है। गांवों से दूध खरीदने के लिए भी विभाग मिलकर एक ढांचा तैयार करेंगे।

दूध उत्पादन में प्रथम, लेकिन पशु कम: देश में उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में तो प्रथम है लेकिन, प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता अन्य राज्यों से कम है। कारण गायों की खराब नस्ल, उनमें रोग, सड़क पर छोड़ना आदि हैं। विभागीय रिपोर्ट पर गौर करें तो प्रदेश में देशी गायों की दूध उत्पादकता प्रति पशु 3.6 किग्रा प्रतिदिन है। जबकि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान आदि में कई गुना अधिक है। इसी तरह भैंस की दुग्ध उत्पादकता क्षमता प्रति पशु 5.2 किग्रा है। जबकि प्रदेश में कृषि क्षेत्र में 29.3 प्रतिशत पशुपालन का योगदान है। इन्हीं कमियों को दूर कर योजनाओं पर काम हो रहा है।

बजट में पशुपालन के साथ दुग्ध उत्पादन पर भी जोर दिया गया है। सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। इसके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। बजट से इस दिशा में काफी बदलाव आएगा जो पशुपालकों को समृद्ध करेंगे।

– डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, अपर निदेशक, पशुपालन निदेशालय

मत्स्य संपदा योजना दोगुना करेगी निर्यात

बजट में मछुआरों पर भी खास ध्यान दिया गया है। जो प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से मछली का उत्पादन बढ़ाएंगे। योजना के तहत पट्टा व बीज वितरण का दायरा बढ़ाया गया है। अधिक उत्पादन से निर्यात करना आसान होगा। और रोजगार सृजन होगा। एक्वापार्क भी स्थापित किए जाएंगे।

बजट में बढ़ा लखपति दीदी का दायरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **समूह की महिलाओं की आजीविका और सशक्तीकरण में मददगार**

अमृत विचार : केंद्रीय अंतरिम बजट 2024-25 में लखपति दीदी योजना का दायरा और बढ़ गया है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए केंद्र ने लखपति दीदी योजना शुरू की थी। समूह की महिलाओं की आजीविका चलाने और उनके सशक्तीकरण में योजना मददगार साबित हो रही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक बदलाव आया है।

दरअसल, ग्रामीण आजीविका मिशन यानी एनआरएलएम की अब तक की यह सबसे अच्छी योजना है। इसमें समूह से जुड़ीं महिलाएं जो पहले से काम कर रहीं उन्हें और रोजगार के साधन उपलब्ध कराने के साथ उनकी आमदनी को 10 हजार रुपये प्रतिमाह करने का लक्ष्य है। पिछले वर्ष यह योजना केंद्र ने संचालित की थी। इसमें प्रदेश को 14 करोड़ समूह की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य मिला था। इसमें अधिकांश की पूर्ति भी कर ली गई है। इसे देखते हुए वित्तीय वर्ष में लक्ष्य और बढ़ाया गया है। इसमें नई महिलाओं को भी घर-घर समूह से जोड़ा जाएगा। इससे परिवार के भरण-पोषण में मदद मिलेगी। इसके लिए लाभान्वित लखपति दीदी महिलाओं को प्रेरणा देंगी।

कर्मचारियों का नहीं रखा ध्यान : नसीम

अमृत विचार, लखनऊ: एनई रेलवे मजदूर यूनियन लखनऊ के मीडिया प्रभारी मोहम्मद नसीम ने बताया कि केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट में कर्मचारियों का ध्यान नहीं रखा है। न तो पेंशन व्यवस्था में सुधार किया है। न ही कर्मचारी सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की है। कई रेलवे स्टेशनों को संवारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करने की घोषणा कर दी है। वहीं, कर्मचारियों के लिए इस बार कोई खास घोषणा नहीं की। उम्मीद थी कि इनकम टैक्स की स्लैब में कर्मचारियों को राहत मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। सरकार उद्योगपतियों का टैक्स जरूर माफ कर रही है, लेकिन कर्मचारियों व आमजन पर नाजायज तौर पर थोपने का काम किया जा रहा है। बजट में हर वर्ग को राहत देने की बात कहना बेमानी है।

प्रदेश में 12 नए छात्रावासों की जगी उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रावासों के निर्माण के लिए इस बार बढ़कर आएगा बजट**

▸▸ **छात्रावास के निर्माण में केन्द्र सरकार की ओर से मिलते हैं 30 हजार रुपये**

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में कुछ विभागों की योजनाओं को अमली जामा पहनाने का काम किया गया है। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रस्तावित 12 नए छात्रावासों को भी पंख लग गए हैं। बजट मिलने के साथ ही नए वित्तीय वर्ष में छात्रावास का निर्माण शुरू हो जाएगा।

बता दें कि प्रदेश के सभी जिलों में छात्रावास का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जा रहा है। जरूरतमंद परिवारों के छात्र-छात्राएं यहां रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रावासों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार की ओर से निर्माण के लिए धनराशि दी जाती है। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 12 नए छात्रावासों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया था। विभाग को उम्मीद थी कि केंद्र सरकार छात्रावास के प्रस्ताव पर मोहर लगा देगी। अंतरिम बजट में समाज कल्याण विभाग को बजट बढ़ाकर देने की बात कही गई। साथ ही छात्रावास के लिए भी बजट देने की बात हुई है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष में 12 नए छात्रावास का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। जिससे के छात्रावास की समस्या से निजात मिलेगी।

बजट आगामी चुनावों में भारी पड़ेगा : अतुल मिश्र

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र. के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि बजट में कर्मचारियों के लिए कोई घोषणा नहीं की है। बजट से कर्मचारियों का नुकसान आने वाले समय में पता चलेगा। सरकार की योजनाओं को पूरा कराने में योगदान करने वाले कर्मचारियों की अनदेखी कई सवाल भी खड़े करती है।

आयकर में राहत न मिलना निराशाजनक

अमृत विचार, लखनऊ: पेशे से अधिवक्ता ओपी मिश्रा ने बताया कि केंद्र सरकार ने आयकर में कोई राहत नहीं दी है। आम जन को इस बार के बजट में टैक्स में राहत की काफी उम्मीद थी। पुरानी टैक्स व्यवस्था में ढाई लाख रुपये तक ही छूट रहेगी। वहीं, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87ए के तहत भले ही पांच लाख तक इनकम पर टैक्स बचा सकते हैं। केंद्र सरकार ने चुनावी साल होने के बावजूद अपने बजट में कोई खास राहत नहीं दी।

यह कोई चुनावी बजट नहीं: चंद्रशेखर सिंह

अमृत विचार, लखनऊ: अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने केंद्रीय आम बजट काफी अच्छा रहा, इसे चुनावी बजट बताया जा रहा था, लेकिन चुनावी बजट नहीं बल्कि साल में केंद्र सरकार ने जो काम किया है, उसको लेकर ही यह बजट पेश किया है। बजट 143 करोड़ जनता को ध्यान में रखकर बनाया गया है

फसलों में नुकसान कम कर बढ़ाएंगे उत्पादन और आमदनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **किसानों को और समृद्ध करेगा बजट 2024-25, निजी क्षेत्र करेंगे निवेश और मदद**

▸▸ **फसलों के उत्पादन के अनुसार प्रसंस्करण कर बनाई जाएंगी खाद्य सामग्रियां**

अमृत विचार : कृषि क्षेत्र को डिजिटल बनाने के साथ सरकार निजी कंपनियों को साथ लेगी। जो फसलों की कटाई के दौरान होने वाले नुकसान को कम करने की दिशा में काम करेंगी। क्योंकि अक्सर कटाई के दौरान बारिश या फिर अन्य आपदा से फसल बर्बाद होती आ रही है। इससे किसानों को नुकसान के साथ उत्पादन घटता है। गुरुवार को पेश हुए केंद्रीय बजट 2024-25 ने फसल और किसानों में नुकसान से बचाने की उम्मीद जगाई है। उनका सरकार के साथ निजी क्षेत्र तकनीकी सपोर्ट करेगा।

वहीं, किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण इस बार के बजट में भी फिर प्राथमिकता पर रखा गया है। प्रदेश में होने वाले उत्पादन का प्रसंस्करण करने की और योजनाओं के साथ सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इससे निर्यात बढ़ेगा और बाहरी आत्मनिर्भरता कम होने से किसानों को मेहनत के वाजिब दाम मिलेंगे। साथ ही हर वर्ष होने वाले उत्पादन की सही दिशा में खपत होगी। क्योंकि प्रदेश में उत्पादन अधिक होता और उनके प्रसंस्करण करने के संसाधन कम हैं।

नैनो डीएपी व यूरिया बचाएगी फसल और अनुदान

बजट में नैनो डीएपी और यूरिया के प्रयोग को बढ़ावा दिया गया है। जो दानेदार उर्वरकों से सस्ती और ज्यादा असरदार है। इससे फसल, स्वास्थ्य और पर्यावरण को नुकसान नहीं है। जबकि रासायनिक खाद नुकसानदायक साबित हो रही है। इसे रोकने के लिए सरकार ने पीएम प्रणाम योजना चलाई है। इसके माध्यम से जैविक व परंपरागत खेती के फायदे बताए जा रहे हैं। इससे उत्तर प्रदेश में कई गुना डीएपी व यूरिया की खपत कम हुई है और सरकार का करोड़ों रुपये अनुदान बचा है। जो कृषि क्षेत्र में सरकार लगाएगी।

आत्मनिर्भरता कम करेगा तिलहन, बीमित भी होगा

प्रदेश में सरसों, मूंगलफली, तिल, सोयाबीन, सूरजमुखी आदि तिलहन व दलहनी फसलों का रकबा बढ़ेगा। बजट में भी इसे प्राथमिकता में रखा गया है। इसकी जल्द प्रदेश में कार्ययोजना बनाई जाएगी। इससे प्रदेश में उत्पादन बढ़ेगा और बाहर से खरीद की आत्मनिर्भता कम होगी। पैदावार के साथ किसानों को अनुदान, प्रशिक्षण के साथ बिक्री का बाजार मिलेगा। खास बात यह है कि यह फसलें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल होंगी। जिसका सीधा लाभ उन किसानों को मिलेगा जो इनकी खेती करते हैं।

बजट में किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया गया है। फसलों की पैदावार के साथ खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा मिलेगा। इससे जो संसाधनों का अभाव है वह दूर होगा।

– तेग बहादुर सिंह, जिला कृषि अधिकारी

वित्त मंत्री ने दूरगामी बजट पेश किया है। यह हर वर्ग में संतुलन बनाने और विकास को देखकर तैयार किया गया है। किसानों के फायदे से व्यापारियों को फायदा होगा।

– वेद रत्न सिंह चौहान, अध्यक्ष, संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी

बजट में किसानों को प्राथमिकता दी गई है। पुरानी योजनाओं और प्रयास से कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिला है। जो किसान सिर्फ उपज तक सीमित हैं उनकी फूड प्रोसेसिंग से आय बढ़ेगी।

– धर्मेंद्र सिंह, कठवारा, बीकेटी

सरकार का बजट सराहनीय है। जो खासकर किसानों को समृद्ध करेगा। पिछली योजनाओं के बेहतर परिणाम मिले हैं। इसे और बेहतर बनाया जाएगा।

– विकास सिंह, भीम रामपुर देवरई, बीकेटी

पेंशनरों के बहुरेंगे दिन, मिल सकती है बढ़ी हुई पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **लगभग 47 लाख 55 हजार पात्रों को मिल रहा लाभ**

अमृत विचार: समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित छात्रवृत्ति योजना में अगले वित्तीय वर्ष से बजट बढ़कर आने की उम्मीद है। साथ ही प्रदेश के 47 लाख 55 हजार से अधिक पेंशनरों को एक हजार की जगह डेढ़ हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन मिल सकती है।

प्रदेश के 75 जिलों में लगभग 47 लाख 55 हजार पात्रों को पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। अभी इनको एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग की ओर से पात्रों को डेढ़ हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन देने का प्रस्ताव भेजा गया था। उम्मीद है कि नए वित्तीय वर्ष से पेंशनरों को डेढ़ हजार रुपये के हिसाब से पेंशन मिल सकती है। वहीं दूसरी ओर नेशनल सोशल असिस्टेंस प्रोग्राम के तहत दस हजार करोड़ का बजट आया था। इस प्रोग्राम में भी बजट बढ़कर आने की उम्मीद है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि छात्रवृत्ति के लिए दो सौ करोड़ रुपये का बजट बढ़ाया गया है। बजट का विवरण आने के बाद ही पता चलेगा कि कितना बजट बढ़ाया गया है। बढ़ा हुआ बजट आने पर सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों की मदद में इस्तेमाल किया जाएगा।

विकास के ढांचे की मजबूती के साथ @ 2047 का लक्ष्य

केंद्रीय अंतरिम बजट पर अर्थशात्रियों और विशेषज्ञों ने साझा की राय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बुनियादी ढांचे को मजबूती देते हुए अंतरिम बजट का लक्ष्य @ 2047 पर केंद्रित रहा। किसी ने आने वाले समयाकाल को लक्ष्य का आधार बताया। वहीं अन्य ने उच्च शिक्षा, स्तर और आधार पर अपनी राय साझा की।

स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से महिला वर्ग को मजबूती : लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. मनोज अग्रवाल कहते हैं कि बजट चार वर्ग महिला, युवा, किसान और निर्धन पर आधारित रहा। सभी को राहत देते हुए एमएसएमई सेक्टर की मजबूती का प्रयास किया गया है। लखपति दीदी के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं को आगे बढ़ाकर महिलाओं को मजबूती देने का प्रयास सराहनीय है। विश्वविद्यालयों के लिए अतिरिक्त बजट मिल जाता, तो बेहतर था।

प्रो. मनोज

रेलवे की व्यवस्थाएं अर्थव्यवस्था के ढांचे के लिए रहेंगी कारगर: आर्थिक विषयों के विशेषज्ञ डॉ. मनोज अग्रवाल बताते हैं कि रेलवे व्यवस्था के सहारे केंद्र सरकार का लक्ष्य तीन कॉरिडोर को मजबूत करना है। इसमें रेल के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सीमेंट, मिनरल सहित अन्य सामानों को आयात और निर्यात किया जाना है। जो निश्चित रूप से दूरगामी परिणाम देगा।

अर्थशास्त्रीय गणित पर राजनीतिक गणित हावी नहीं

प्रो. भारती

बजट मामलों की विशेषज्ञ और जेएनपीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर भारती पान्डेय बताती हैं कि आयकर दाताओं के लिए टैक्स स्लैब में कोई परिवर्तन न कर अर्थशास्त्रीय गणित पर राजनीतिक गणित को हावी नहीं होने दिया गया है। डिजिटल ढांचे को मजबूत करने से नई तकनीकी व्यवस्थाओं के सहारे युवा वर्ग तेजी से आगे बढ़ेंगे।

आधारभूत ढांचे की मजबूती का प्रयास

प्रो. एनएम पी वर्मा

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष और आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. एनएमपी वर्मा कहते हैं कि अंतरिम बजट की सीमाएं हैं। केंद्र सरकार का विजन @2047 का है। ऐसे में उन्होंने आधारभूत ढांचे को मजबूत करने का प्रयास किया है। जीडीपी पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जीएसटी में 18 प्रतिशत से अधिक टैक्स देने वालों को राहत देते तो और बेहतर रहता।

विकसित देशों के बीच देश को मुख्य धारा में लाने का प्रयास

प्रो. अरविंद

लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अरविंद मोहन बताते हैं कि सरकार का विजन साफ है, वो विकसित देशों की मुख्य धारा से राष्ट्र को जोड़ना चाहती है। स्किल डेवलपमेंट पर फोकस करते हुए मत्स्य और दुग्ध व्यवसाय को योजनाओं के सहारे आगे बढ़ाने का प्रयास है। इससे मध्यम वर्ग, महिला और युवा वर्ग लाभान्वित होंगे।

युवा बोले - मजबूती की ओर बढ़ रहे कदम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष जयव्रत राय ने कहा कि बजट के सहारे सोलर व्यवस्था के माध्यम से दी जाने वाली राहत युवाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया जाने वाला लाभ गांव– गांव शिक्षा और स्वास्थ्य में मजबूती लाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय से सीनियर रिसर्च स्कॉलर दुर्गेश सिंह बताते हैं कि ऋण मुद्रा योजना महिला उद्यमियों को सुदृण और मजबूती प्रदान करेगी। छात्रा खुशबू झा का कहना है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा राजकोषीय घाटा कम होना अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का संकेत दे रहा है। एमए अर्थशास्त्र की छात्रा अंकिता यादव कहती हैं कि सर्वाइकल कैंसर के वैक्सीनेशन से लेकर आयुष्मान भारत योजना के तहत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से दी जाने वाली स्वास्थ सेवाएं कारगर बन रही हैं। इनकी ओर ध्यान देने से ग्रामीण स्तर पर परिवारों की स्थितियां मजबूत होंगी।

सत्र से पहले भाजपा और सपा विधानमंडल दल की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

अमृत विचार: विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान विपक्ष जहां सदन में राज्य सरकार को घेरने की कोशिश करेगा वहीं सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष के हमलों से निपटने के लिए कमर कस ली है। गुरुवार को भाजपा विधानमंडल दल की बैठक हुई जिसमें इस बैठक में सभी पार्टी के एमएलए और एमएलसी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री आवास पर ही एमएलए के साथ मंत्रीगण और सचेतक मंडल के सदस्य भी शामिल रहे। साथ ही सहयोगी दल के सदस्य भी मौजूद रहे। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण और बजट पर सरकार का पक्षरखने की रणनीति बनाने के साथ विपक्ष को जवाब देने पर मंथन किया गया। दूसरी ओर मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के विधानमण्डल दल की बैठक गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में हुई। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. एसपी. यादव, विधायक लालजी वर्मा की माताजी, विधायक नफीस अहमद की माताजी की मृत्यु पर शोक प्रस्ताव में दिवगंत आत्माओं की शांति व शोकाकुल परिवारीजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। साथ ही सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने पर भी चर्चा की गई।

प्रतिक्रिया-व्यापारी संगठन

आयकर की डिमांड खत्म करने से व्यापारियों को लाभ

बनवारी लाल

केंद्र सरकार का अंतरिम बजट सराहनीय है। केंद्र सरकार ने आयकर में वर्ष 2010 तक 25 हजार तक की डिमांड को खत्म कर दिया है। वर्ष 2011 से 2014 तक 10 हजार तक की डिमांड को खत्म कर दिया गया है यह सरकार का सराहनीय कदम है। सरकार का यह बजट व्यापारियों के लिए हितकारी है। सरकार के इस कदम से लाखों व्यापारियों को लाभ होगा।

बनवारी लाल कंछल, प्रांतीय अध्यक्ष उप्र .उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

देश को उन्नति की ओर ले जाने वाला बजट

प्रभू जालान

देश की उन्नति के लिए ऐसे ही पूर्ण बजट की आवश्यकता है। इसमें मुफ्त की रेवड़ियां नहीं बांटी गई हैं और न ही व्यापारियों को टैक्स के दांवपेंच में लाने का प्रयास हुआ है। इसमें देश के विकास का खाका साफ दिखता है। इसमें सभी वर्गों के लोगों को लाभ देने की कोशिश की गई है। बजट सब को साथ लेकर चलने वाला एक बेहतरीन प्रयास है।

प्रभू जालान, कपड़ा कारोबारी एवं संरक्षक श्री राम रोड व्यापार मंडल

अर्थव्यवस्था को टॉनिक देने वाला है बजट

अनुराग रस्तोगी

अंतरिम बजट की स्थिति में सरकार से जैसी अपेक्षा थी वैसा कुछ भी ज्वैलरी इंडस्ट्री को नहीं मिला। किसी भी प्रकार के टैक्स स्लैब में और जीएसटी में कोई भी बदलाव नहीं किया गया। इंडस्ट्री की किसी भी विचार नहीं किया गया है। जुलाई में पेश किए जाने वाले बजट के दौरान इन मांगों को सरकार स्थान दे। ऐसी उम्मीद है। कई चीजें देश की अर्थव्यवस्था को टॉनिक देने वाली हैं। इनमें खास तौर पर बिना ब्याज के 1 लाख करोड़ रुपये एमएसएमई सेक्टर को देने के लिए सरकार धन्यवाद की पात्र है। इससे छोटे उद्यमी भी अपना व्यापार कर सकेंगे।

अनुराग रस्तोगी, नॉर्थ इंडिया हेड, इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन

सरकार के बजटीय प्रयास देश के विकास के इंजन को रफ्तार देने वाला है

सुरेश छबलानी

सरकार के बजटीय प्रयास देश के विकास के इंजन को रफ्तार देने वाला है। बजट सकारात्मक सोच के साथ लाया गया है। उत्साहवर्द्धक है। उम्मीद है कि बजट में व्यापारियों को बड़े फायदे होंगे। सरकार के कदम सराहनीय हैं। वंदे भारत की बोगियों को आधुनिक बनाए जाने की सोच अच्छी है।

सुरेश छबलानी, प्रदेश प्रवक्ता अ .भा .उ .व्यापार मंडल

सभी वर्गों का ख्याल रखा गया

संदीप बंसल

आयकर छूट 7 लाख तक पूर्ण टैक्स मुक्त किए जाना, एक लाख करोड़ के ब्याज मुक्त ऋण का फंड बनाए जाने से नये उद्यमियों और व्यापारियों को प्रोत्साहित करने का काम किया गया है। डायरेक्ट टैक्स को समाप्त करना, 30 करोड मुद्रा लोन और सोलर योजना को बढ़ावा दिये जाने का कदम संतुलित बजट पर मुहर लगाता है। देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट है।

संदीप बंसल, अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

11.1 लाख करोड़ के खर्च से बढ़ेगा व्यापार

विनोद महेश्वरी

अंतरिम बजट स्वागत योग्य है। 11.1 लाख करोड़ रुपये के खर्च से देश के व्यापार में वृद्धि होगी। लॉजिस्टिक कॉरिडोर बनाने तथा रेलवे की माल ढुलाई से व्यवस्था और सक्षम होगी। हां, सर्राफा इंडस्ट्री की कई मांगों पर अभी ध्यान नहीं दिया गया है। इसे भी ग्रोथ देने की आवश्यकता है। बजट बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करेगा। वित्तीय तरलता बढ़ेगी।

विनोद महेश्वरी, प्रदेश संयोजक, ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन

इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने वाला है बजट

मुकुंद मिश्रा

अंतरिम बजट था। इसमें व्यापारी समाज को बहुत ज्यादा उम्मीद पूर्व से ही नहीं थी, लेकिन फिर भी इस बजट में विकसित भारत के लिए एक रोड मैप है। इंफ्रास्ट्रक्चर, एयरपोर्ट, सोलर और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार जो योजनाएं लाई है उसका फायदा व्यापारी समाज को ही सीधे–सीधे मिलने वाला है। कोशिश ठीक है। सरकार से जो अपेक्षाएं हैं उन पर काम हो रहा है।

मुकुंद मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल

ऑनलाइन कारोबार पर पॉलिसी बनाने की पुरानी मांग पर अभी सरकार ने ध्यान नहीं दिया है। चूंकि यह बजट अंतरिम है इससे व्यापारियों को ज्यादा आशा नहीं थी। लेकिन केंद्र सरकार का यह बजट निश्चित तौर पर देश की विकास को बढ़ावा देने वाला है। आयकर में व्यापारियों और मध्यम वर्ग के लिए कुछ विशेष नहीं है। बजट से ठीक एक दिन पहले मोबाइल फोन के कलपुर्जों मे पांच फीसद आयात शुल्क घटाने की बात कही गई। इससे मोबाइल सस्ते हो सकते हैं। यह प्रयास मोबाइल इंडस्ट्री को गति देने वाला है।

नीरज जौहर

नीरज जौहर, प्रदेश एवं लखनऊ अध्यक्ष ऑल इंडिया रिटेल मोबाइल एसोसिएशन (एमरा)

चुनावी बजट नहीं, कई कदम सराहनीय

अमरनाथ मिश्र

केंद्र सरकार ने अपने अंतरिम बजट में व्यापार मंडल की ओर से की गई मांग पर कोई घोषणा नहीं की है। पेंडिंग मामलों में राहत देते हुए बीते अलग–अलग वर्षों में टैक्स से जुड़े मामलों को वापस लेने का फैसला सही कदम है। सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ज्यादा जोर दिया है और पहले से चल रही योजनाओं को गतिशील रखने के लिए बजट दिया जाना एक बेहतर प्रयास है। रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने में 300 यूनिट बिजली की छूट की घोषणा स्वागत योग्य है। इसे चुनावी बजट नहीं कहा जा सकता है। सरकार ने साफगोई से अपनी बात बजट के माध्यम से कही है।

अमरनाथ मिश्र, अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल

इस बजट में आमजन मानस एवं मध्यम वर्गीय व्यापारी पर अतिरिक्त टैक्स का बोझ नहीं डाला गया है। जीएसटी के स्लैब में कमी होने की मांग व्यापारियों की थी इस पर ध्यान नहीं दिया गया। पेंशन की मांग और आयकर में परिवर्तन की बात पर ध्यान नहीं दिया गया है। यह निराश करने वाला कदम है। ऑनलाइन ट्रेडिंग पर बीस प्रतिशत कर की बात को भी अनदेखा किया गया है।

भारत भूषण

भारत भूषण गुप्ता, लखनऊ दाल एंड राइज मिलर्स एसोसिएशन

1800 बच्चों को पढ़ाई के लिए बजट का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अक्टूबर से दिसंबर तक का नहीं मिला है बजट
- प्रत्येक बच्चे को पढ़ाई के लिए दिए जाते हैं 2500 रुपये प्रतिमाह

अमृत विचार: मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत पंजीकृत 18 सौ बच्चों को आर्थिक मदद के लिए धनराशि का इंतजार है। तीन माह का बजट न आने से अभी तक राशि उनके खाते में नहीं भेजी जा सकी है।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत पात्रों के दो बच्चों को शिक्षा के लिए 2500-2500 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। सितंबर माह में पंजीकृत नौ सौ से अधिक बच्चों को धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। योजना का लाभ लेने के लिए लोग तेजी से पंजीकरण करा रहे हैं। अभी तक जिले में 18 सौ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। किसी माता-पिता की अगर चार संतानें हैं और वे योजना के दायरे में आ रहे हैं तो लाभ सिर्फ दो ही बच्चों को मिलेगा। तीन माह के भुगतान के लिए लगभग सवा करोड़ से अधिक के बजट की जरूरत है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि जल्द ही बजट आ जाएगा। बजट आते ही पात्रों के खाते में धनराशि हस्तांतरित की जाएगी।

रेल कॉरीडोर से माल भाड़ा होगा कम

राजेन्द्र कुमार

बजट प्रधानमंत्री मोदी के सपनों का संकल्प पत्र है जो नए भारत की तस्वीर को रेखांकित करता है। बजट में पर्यटन के माध्यम से व्यापार व रोजगार को बढ़ाने और तीन नए रेलवे कॉरिडोर बनाने की बात कही गई है। इससे माल भाड़ा कम होगा और व्यापारियों को लाभ होगा। जीएसटी के स्लैब को नहीं छुआ गया है।

राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, चेयरमैन, लखनऊ व्यापार मंडल एवं अध्यक्ष पांडेयगंज गल्ला मंडी

इस बजट में उम्मीद थी कि साड़ी में पांच प्रतिशत जीएसटी है। लहंगे में 12 फीसद। उम्मीद की जा रही थी कि इस बजट में राहत मिलेगी। लेकिन नहीं मिली। व्यापारियों के लिए इसमें कुछ नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट देश के विकास को ग्रोथ देने वाला है।

उत्तम कपूर

उत्तम कपूर, कपड़ा और लहंगा कारोबारी

स्वीकृत किए जा चुके हैं 38.71 लाख आवास

अमृत विचार, लखनऊ : वित्त मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक देश में 3 करोड़ घर बनाए जा चुके हैं। इस बार 2 करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत यूपी के ग्रामीण क्षेत्र में अब तक 38.71 लाख आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से 28.55 लाख आवास, महिला लाभार्थियों को दिए गए। वहीं यूपी में अब तक 14 हजार युवाओं को आईटीआई के जरिए कौशल निखारने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें सरकारी और प्राइवेट दोनों आईटीआई संस्थान शामिल है।

कर्मचारी हितों के लिए कुछ भी नही

अमृत विचार, लखनऊ : भारत सरकार का अंतरिम बजट में कर्मचारियों के हित के लिए कोई घोषणा नहीं है। पुरानी पेंशन की घोषणा नहीं की गई, स्थाई रोजगार सृजन ना होने से तकनीकी योग्यता धारक लोगों को निराशा हुई है। सरकार को स्वास्थ्य और चिकित्सा का अधिकार भी जनहित में सभी के लिए लागू किया जाना चाहिये। बजट में स्थाई रोजगार की घोषणा नहीं है, कर्मचारी कल्याण की घोषणा नहीं हुई है अतः यह बजट कर्मचारी हितों के प्रतिकूल है ।

गुणवत्तायुक्त आम के उत्पादन में आईपीएम प्रभावी

अमृत विचार, लखनऊ : गुणवतायुक्त आम उत्पादन व किसानों की आय दोगुनी करने में आईपीएम प्रभावी साबित हो रहा है। यह बात मुख्य अतिथि डॉ. एसएन सुशील निदेशक राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बंगलुरू ने उप कार्यालय क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र में कही। गुरुवार को अंतिम दिन किसानों को आम की फसल में आईपीएम की तकनीक बताई गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि टीपी चौधरी निदेशक (कृषि रक्षा), डॉ. विजय बहादुर द्विवेदी संयुक्त निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण व क्षेत्रीय आईपीएम सेंटर के प्रभारी एवं संयुक्त निदेशक डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह रहे। डॉ. ज्ञान प्रकाश ने किसानों को बताया कि आम की फसलों में रासायनिक कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से नुकसान होता है। इस रोकने के लिए आईपीएम विधि किसानों तक पहुंचाने के लिए यह प्रशिक्षण संचालित किया गया।

बजट में व्यापारियों के लिए ज्यादा कुछ नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लखनऊ व्यापार मंडल कार्यालय में बजट को लेकर चर्चा करते महामंत्री पवन मनोचा व अन्य पदाधिकारी।

- देश के विकास को गति देगा, लेकिन कारोबार के लिए उम्मीद की किरण

अमृत विचार: लाटूश रोड स्थित लखनऊ व्यापार मंडल कार्यालय में अंतरिम बजट पर चल रहे लाइव प्रसारण पर बड़ी संख्या में व्यापारी जुटे। संगठन के कई पदाधिकारियों ने कहा कि इस अंतरिम आम बजट में फिलहाल व्यापारियों के लिए कुछ नहीं है। जनता की नजर से बजट में ठीक है। लेकिन इसमें उम्मीदें अभी हैं। इनकम टैक्स के स्लैब में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा के मुताबिक बजट में लगभग 76 बिंदु उठाए गए हैं। व्यापारियों की मांग थी कि 10 लाख तक इनकम टैक्स फ्री हो और जीएसटी की चार दरें समाप्त कर एक दर लागू की जाए।

देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा ऑनलाइन कारोबार पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त कर लगाया जाए। लेकिन इन सभी मांगों पर गौर नहीं किया गया। देश के विकास में व्यापारी रीढ़ की हड्डी होता है और वह हमेशा देश को विकास की ओर ले जाने में अपनी महती भूमिका अदा करता है। महामंत्री जितेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि यह सही है कि देश की अर्थव्यवस्था को यह अंतरिम बजट आगे ले जाएगा लेकिन व्यापार बढ़ाने के लिए कुछ ठोस नहीं दिख रहा है। उम्मीद है कि जुलाई में पेश होने वाले बजट में सरकार व्यापारियों की मांगों पर गौर करेगी। चर्चा में उमेश शर्मा, वरिष्ठ नेता सतपाल सिंह मीत, सीपी अग्रवाल, राजेंद्र सिंह दुआ, राजेश शुक्ला, राजू शुक्ला, परमजीत सिंह और नरेश अग्रवाल, अमृतपाल सिंह, प्रमोद अवस्थी, सुमित गुप्ता, युवा वरिष्ठ महामंत्री प्रियंक गुप्ता, महामंत्री युवा और साइकिल संगठन से जगदीश सिंह जग्गा, प्रेमचन्द्र अग्रवाल ,उपाध्यक्ष संजय कपूर, कुश मिश्र समेत शहर के कई व्यापारियों ने हिस्सा लिया।

लाइव प्रसारण देख व्यापारियों ने कहा– उम्मीदों भरा बजट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

केंद्र सरकार के अंतरिम बजट का लाइव प्रसारण देखते व्यापारी नेता व अन्य। अमृत विचार

- बजट चर्चा में व्यापारी , उद्योगपति, चार्टर्ड अकाउंटेंट, महिला व्यापारी और अर्थशास्त्री हुए शामिल

अमृत विचार: व्यापारियों ने गुरुवार को केंद्र सरकार के अंतरिम बजट का लाइव प्रसारण देखा और चर्चा की। सप्रू मार्ग स्थित एक होटल में व्यापारियों के साथ बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट और आर्थिक मामलों के जानकारों ने हिस्सा लिया।

उप्र. आदर्श व्यापार मंडल और फिक्की के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बजट चर्चा में विशेषज्ञों ने कहा कि इसे चुनावी बजट के रूप में नहीं देखा जा सकता है। भले ही बजट में सीधे तौर पर व्यापारियों के लिए कोई स्पष्ट चीजें नहीं हैं लेकिन व्यापारी इसे उम्मीद के रूप में देख रहे हैं। सरकार ने इसमें अपनी प्राथमिकताएं दर्शायी हैं। युवा, किसान, महिला, गरीब के साथ-साथ व्यापार उद्योग को प्राथमिकता में रखा गया है। देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में यह बजट खासा सहायक होगा। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा इसमें संगठन को ई कॉमर्स पॉलिसी, रिटेल ट्रेड पॉलिसी, सभी प्रमुख बाजारों हेतु सीसीटीवी कैमरा योजना, व्यापारी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने की अपेक्षा थी लेकिन व्यापारी नाउम्मीद हुए। पूर्णकालिक बजट में व्यापारियों की मांगें पूरी होंगी।

चर्चा में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ,ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, नगर महामंत्री राजीव शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ साकेत चतुर्वेदी, मोहम्मद आदिल, महिला इकाई की ट्रांस गोमती अध्यक्ष अंजलि मौर्य, उपाध्यक्ष रितु ठाकुर, एकता, रीमा अग्रवाल, चार्टर्ड अकाउंटेंट बीके गुप्ता, फिक्की के यूपी चेयरमैन मनोज गुप्ता, फिक्की के कोचेयरमैन विश्वास स्वरूप, फिक्की के राज्य प्रमुख अमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी शामिल थे।

केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• निःशुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच निःशुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन
• कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

मुख्यमंत्री कल करेंगे रेनबो फेस्टिवल का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : दिव्यांगजनों की प्रतिभा को मंच उपलब्ध कराने के लिए 3 से 5 फरवरी तक दिव्यांगजन रेनबो फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में शुरू होने वाले तीन दिवसीय फेस्टिवल का उद्घाटन 3 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत शुरू होने वाले इस फेस्टिवल में दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। दिव्यांगों की सांस्कृतिक प्रतिभा का सम्मान किया जाएगा। स्वावलंबी दिव्यांगजन की तरफ से फूड कोर्ट लगाया जाएगा। दिव्यांगजन के शैक्षिक पुनर्वास के लिए पुस्तक गैलरी बनाई जाएगी और उनका जीवन सुगम बनाने के लिए सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा।

34 मृतक आश्रितों को महापौर ने दिए नियुक्ति पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने गुरुवार को 33 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नगर निगम मुख्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त समस्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। महापौर के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर सभी आश्रितों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

साइबर अपराधियों पर उन्हीं के हाईटेक तरीकों से अंकुश लगाएगी पुलिस

डीजीपी का कार्यभार संभालते ही प्रशांत कुमार ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

अमृत विचार: बढ़ते साइबर अपराध और खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से समाज को गुमराह करने वाले शरारती तत्वों पर उप्र. पुलिस उन्हीं की तकनीक से अंकुश लगाएगी। नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल आने वाले दिनों में निरन्तर हाईटेक होता जाएगा। पुलिस सक्रियता की वाट्सएप ग्रुप से न केवल मॉनिटरिंग की जाएगी बल्कि प्राप्त शिकायतों का भी डिजीटलीकरण किया जाएगा। इसमें क्राइम एनालिटिक्स एंड प्रिडिक्टिव पुलिसिंग का लॉन्च नया पोर्टल अहम भूमिका निभाएगा।

देश के विशालतम पुलिस बल उप्र. पुलिस में कार्यरत 3 लाख 13 हजार 946 कर्मचारियों के नवनियुक्त मुखिया प्रशांत कुमार ने गुरुवार को चार्ज संभालने के बाद पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर में पत्रकारों को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट करते हुए जहां बड़े अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कही वहीं, महिलाओं, बालिकाओं, बुजुर्गों, बच्चों आदि की सुरक्षा को प्राथमिकता बताया।

प्रशांत कुमार ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री समेत देश-विदेश के विशिष्टजनों की सुरक्षा में पुलिस फोर्स के कोर-कसर न छोड़ने की सफलता साझा की तो यह भी कहा कि, निकट भविष्य में लोकसभा चुनाव को निष्पक्षता और पारदर्शिता से संपन्न कराने पर उप्र. पुलिस दृढ़संकल्पित है।

इन खास बातों पर चर्चा

- प्रदेश भर के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं
- 4 लाख 4 हजार 271 स्थानों पर 10 लाख 49 हजार से अधिक कैमरे भी लगे
- सोशल मीडिया पर नजर रखने को मीडिया सेल का गठन किया गया है
- सोशल मीडिया सेंटर को जनशिकायतों के साथ छोटी-छोटी घटनाओं की त्वरित जानकारी मिलती है
- फेक न्यूज का खंडन कर अफवाहों को फैलने से रोकना, अराजकतत्वों पर कार्रवाई हो रही है
- वर्तमान में लगभग 79,082 हजार विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की जा रही है
- मैन्युअली प्राप्त प्रार्थना पत्रों को डिजिटाइज्ड कर समयबद्ध कार्रवाई होगी

▶▶ पुलिस सक्रियता की वाट्सएप ग्रुप से न केवल मॉनीटरिंग की जाएगी बल्कि मैनुअली प्राप्त शिकायतें भी डिजीटिलाइज्ड की जाएंगी

फोर्स की हौसला अफजाई के साथ दी चेतावनी

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कार्यभार संभालते ही जहां फोर्स को निर्भय होकर अपराधियों पर कार्रवाई करने की हौसला अफजाई की वहीं उन अफसरों को चेतावनी भी दी जो अकसर फोन नहीं उठाते। पुलिस फोर्स निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जो अफसर फोन नहीं उठाते उनको स्पष्ट आदेश है कि हर कॉल का जवाब दें। साथ ही सोशल मीडिया पर मिलने वाली किसी भी प्रकार की शिकायत पर 7 से 8 मिनट में रिस्पॉन्स करें।

गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात के दौरान नवनियुक्त डीजीपी प्रशांत कुमार, साथ में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद व अन्य। अमृत विचार

फर्जीवाड़ा कर बीमा कंपनी के भवन में बन गए किरायेदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ कोर्ट समन पहुंचने पर बीमा कंपनी के अफसरों को पता चली गड़बड़ी

▶▶ गोमतीनगर का मामला, शिकायत पर पुलिस ने शुरू की जांच

अमृत विचार : गोमतीनगर इलाके में संचालित बीमा कंपनी के भवन में फर्जीवाड़ा कर किरायेदार बनने का मामला सामने आया है। बीमा कंपनी के प्रबंधक ने भवन हड़पने की नीयत से आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। कोर्ट से समन मिलने के बाद गड़बड़ी का पता चला। पीड़ित पक्ष ने जेसीपी कानून एवं व्यवस्था को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। तब आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

विश्वासखंड में संचालित ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि उनकी कंपनी केंद्र सरकार के अधीन सरकारी बीमा कंपनी है। 29 जनवरी को कोर्ट से समन मिला। इसमें पता चला कि मन्नू सिंह निवासी मथाना, तहसील सरधना जिला मेरठ ने एक फर्जी लीज डीड तैयार की है। इसमें कंपनी की विश्वास खंड स्थिति जमीन के फर्जी कागजात लगाए गए हैं। इसके अलावा कंपनी को हर माह तीन हजार रुपये किराया देने का भी जिक्र है। संजय का कहना है कि उनकी कंपनी का उक्त भवन चार वर्ष से खाली पड़ा है। लीड डीड पर उनके हस्ताक्षर भी फर्जी हैं, कंपनी की मुहर भी फर्जी है। उनका कहना है कि जमीन हड़पने की नीयत से यह फर्जीवाड़ा किया गया है। उन्होंने जेसीपी कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार को शिकायती पत्र दिया था। उन्होंने गोमतीनगर पुलिस से मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुन्नू सिंह, सुरेंद्र कुमार यादव, निरमेश शर्मा और नोटरी अधिवक्ता विजय कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

लोकायुक्त ने राज्यपाल को सौंपा वर्ष 2022 का वार्षिक प्रतिवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : लोकायुक्त न्यायमूर्ति संजय मिश्रा ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की और उनके समक्ष लोकायुक्त प्रशासन वर्ष 2022 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। लोकायुक्त ने राज्यपाल को अवगत कराया कि वर्ष 2022 में कुल 1833 परिवाद निस्तारित किए गए, जिसमें प्रारंभिक स्तर पर निस्तारित परिवादों की संख्या 1151, अन्वेषण के बाद निस्तारित वादों की संख्या 682 रही। लंबित परिवादों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर 2022 तक शेष लंबित परिवादों की संख्या 2152 रही है। उन्होंने बताया कि लोक आयुक्त संगठन की ओर से वर्ष 2022 में कुप्रशासन से सम्बन्धित प्रकरणों में परिवादियों को राहत दिलाते हुए 369 .38 लाख धनराशि का भुगतान कराया गया। इस भुगतान में सेवानिवृत्ति सम्बन्धी मामलों में राहत पहुंचाए जाने के प्रकरण भी शामिल रहे हैं। लोकायुक्त एवं उपलोकायुक्त ने वर्ष 2022 में कुल 43 प्रतिवेदन, तीन संस्तुति व चार विशेष प्रतिवेदन भेजे हैं। राज्यपाल ने शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया पर लोकायुक्त से विशेष चर्चा की। कहा कि गलत शिकायत करने वालों के खिलाफ भी दंड का व्यवस्था हो। इस अवसर पर उप लोकायुक्त शम्भू सिंह यादव, दिनेश कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार यादव व कार्यवाहक सचिव राजेश कुमार मौजूद रहे।

योगी ने देखी उप्र की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत की गाथा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानभवन स्थित राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हॉल के नवीनीकरण कार्य की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने एलईडी पर उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत की कहानी देखी। नवनिर्मित श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, लोकभवन, विधानभवन, दीपोत्सव आदि की गौरवगाथा को देख योगी अभिभूत नजर आए।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री को यहां की विशेषताओं से भी अवगत कराया। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महिला कल्याण व बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्य, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय समेत कई विधायक आदि भी मौजूद रहे।

▶▶ विधानभवन स्थित टंडन हॉल के नवीनीकरण के कार्य की शुरुआत

देर रात तक सदन को संचालित करने की तैयारी

इसके बाद सर्वदलीय बैठक में विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि उप्र की जो बेहतरीन छवि है उसे हम सबको बनाए रखना है। यह भी कहा कि यदि सदन में कोरम पूरा होगा तो देर रात तक भी सदन को संचालित किया जाएगा। इससे अधिक से अधिक सदस्यों को सदन में अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि उप्र. का बजट चुनाव की दृष्टि से प्रभावी और महत्वपूर्ण है। सदन देर रात 11-12 बजे तक चले जिससे क्षेत्र की जनता यह समझ सके कि जन प्रतिनिधि समस्याओं को प्रभावी तरह से सदन में बताते हैं। सदन जो भी भाषण हो वह संसदीय मर्यादा के अनुरूप हो।वहीं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि नेता सदन की मंशा के अनुरूप चर्चा कर ऐतिहासिक रूप से परंपरा का निर्वाह किया जायेगा। सत्र सुचारू रूप से चलाने के आश्वासन का हम स्वागत करते हैं।

अखिलेश की जगह मनोज पाण्डेय रहे मौजूद

बैठक में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की जगह समाजवादी पार्टी के सचेतक मनोज कुमार पाण्डेय ने बजट सत्र में अपने दल का पूरा सहयोग करने तथा सकारात्मक चर्चा किए जाने पर अपनी सहमति जताई। नेता अपना दल रामनिवास वर्मा, नेता लोकदल राजपाल बालियान, नेता सुहेलदेव पार्टी ओम प्रकाश राजभर, नेता निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के अनिल कुमार त्रिपाठी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा, (मोना), जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के नेता रघुराज प्रताप सिंह, राजा भैया एवं नेता बहुजन समाज पार्टी उमाशंकर सिंह सहित सभी दलीय नेताओं ने मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष को सदन चलाने में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में समिति के सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे।

संजय प्रसाद और प्रशांत कुमार ने भी देखी गैलरी : उप्र. भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से गुरुवार को उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष के साथ प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और नवनियुक्त डीजीपी प्रशांत कुमार ने नवीनी कृत टंडन हॉल व डिजिटल गैलरी को देखा।

चिकित्सकों को मिला कर्तव्य भूषण रंगभारती सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रंगभारती एवं उत्तर प्रदेश नागरिक परिषद द्वारा गुरुवार को बलरामपुर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सकों को कर्तव्य भूषण रंगभारती सम्मान से सम्मानित किया गया।

जिसमें डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, डॉ. सत्येन्द्र कुमार तिवारी, डॉ. अखिलेश चन्द्र, डॉ. अवधेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. सुखरंजन समद्दृ एवं आनंद कुमार गुप्त को सम्मानित किया गया। चिकित्सकगण को अंगवस्त्र एवं सम्मान स्मृतिका समर्पित की गई।

स्मृति चिन्ह के साथ डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी व अन्य।

जनवरी में आबकारी विभाग के राजस्व में हुई 59.17 प्रतिशत की वृद्धि

अमृत विचार, लखनऊ: आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बताया कि आबकारी विभाग में माह जनवरी-2024 में 5 हजार पांच करोड़ छह लाख रुपये की राजस्व प्राप्तियां हुई हैं। जो कि जनवरी-2023 के सापेक्ष 59.17 प्रतिशत ज्यादा है। जनवरी-2024 तक कुल 36 हजार 122 करोड़ 36 लाख रुपये की प्राप्तियां हुईं हैं। गत वर्ष की राजस्व प्राप्तियां 31 हजार 246 करोड 62 लाख रुपये के सापेक्ष चार हजार 875 करोड़ 74 लाख रुपये की वृद्धि हुई है जो पिछले साल के सापेक्ष 15.60 प्रतिशत ज्यादा है।

अटल आवासीय विद्यालयों में नए सत्र के लिए आवेदन की प्रक्रिया तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

अमृत विचार : निर्माण श्रमिकों के बच्चों और कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके छात्र-छात्राओं शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए मंडल स्तर पर शुरू किए गए अटल आवासीय विद्यालयों में अगले सत्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर आगामी सत्र के लिए कई मंडलों में या तो आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो गई है या फिर कुछ ही दिनों में इसे पूरा कर लिया जाएगा। अधिक से अधिक आवेदन के साथ ही छात्रों को परीक्षा की तैयारी कराने के लिए अटल आवासीय विद्यालय उप्र. के आग्रह पर शिक्षा निदेशक (बेसिक) की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 के लिए आवेदन को वही छात्र पात्र होंगे, जिनका जन्म 1-5-2012 से पहले और 31-7-2014 के बाद नहीं हुआ हो। वहीं कक्षा 9 में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी का जन्म 1-5-2009 से पहले और 31-7-2011 के बाद नहीं होना चाहिए। यह बाध्यता एससी, एसटी और ओबीसी सहित सभी श्रेणियों पर लागू होगी।

सीपी राय बने कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय की संस्तुति पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने पूर्व राज्यमंत्री डॉ. सीपी राय को पार्टी के मीडिया विभाग का चेयरमैन व डॉ. मनीष श्रीवास्तव हिंदवी को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, सचिन रावत, प्रियंका गुप्ता, संजीव सिंह, अलीमुल्लाह खान, तमजीद अहमद व अन्य कांग्रेस नेताओं ने इन्हें बधाई दी है।

कांग्रेस में शामिल : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर गुरुवार को पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मिश्रा व उनकी पत्नी सुनीता मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में सदस्यता दिलाई गई।

लिफ्ट की डक्ट में गिरकर घायल हुआ तीमारदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल के इमरजेंसी में लगी लिफ्ट की डक्ट में तीमारदार गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। वह अस्पताल में भर्ती अपने भाई से मिलने आया था। कई दिनों से लिफ्ट खराब होने के बाद भी नोटिस नहीं चिपकाई गई।

लिफ्ट फ्लोर पर नहीं थी और चैनल खुल गया, जैसे ही पैर रखा वह सीधे डक्ट में गिर गया, गिरने की आवाज से आसपास के कर्मचारी दौड़े और काफी मश्क्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। तीमारदार को गंभीर चोट आई है, वह अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती है।

नक्खास निवासी सरफराज (65) गुरुवार को शाम चार बजे अपने बड़े भाई से मिलने बलरामपुर अस्पताल पहुंचे थे। उनके भाई को सांस लेने में दिक्कत थी वह इमरजेंसी के फर्स्ट फ्लोर में भर्ती हैं।

> लिफ्ट खराब नहीं है जबरदस्ती चैनल को खोलकर जाने की कोशिश की थी इसलिए डक्ट में जा गिरे।
> -डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, एमएस बलरामपुर अस्पताल

करोड़ों की भूमि कब्जाने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विभूतिखंड निवासी कारोबारी ने 12500 वर्गफीट का व्यावसायिक प्लॉट बैंक की नीलामी में खरीदा। इस जमीन का जाली विक्रय अनुबंध तैयार कर जालसाजों ने कब्जा करने का प्रयास किया। इसके लिए प्लॉट की चहारदीवारी तोड़ दी। जानकारी होने पर पीड़ित कारोबारी ने थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने एक महिला सहित चार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

प्रभारी निरीक्षक विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह के मुताबिक विशालखंड-2 में स्वदेश कुमार मल्ल परिवार सहित रहते हैं। स्वदेश कुमार मां वैष्णो इन्फ्रा कट्रेक्ट के साझीदार हैं। फर्म के नाम से पिरामल कैपिटल एवं हाउसिंग फाइनेन्स लि (पीसीएचएफनि) से नीलामी में 12500 वर्गफीट का व्यावसायिक भूखंड टीसीज 4/4 को 8,01,00,000 रुपये में खरीदा। इस भूखंड पर विशालखंड-5 निवासी नीना मिश्रा, विरामखंड के चंद्रशेखर भट्ट, विशालखंड-2 के विवेक महेश्वरी और प्रवीण गुप्ता ने जाली विक्रय अनुबंध तैयार कर कब्जा करना चाहते हैं। इन लोगों ने प्लॉट की पश्चिमी चहारदीवारी 11 जनवरी को गिरा दी। जानकारी होने पर विरोध किया तो धमकी दी।

मुख्यमंत्री के आदेश पर पहले भी दर्ज हुई थी रिपोर्ट

स्वदेश मल्ल ने बताया कि इस मामले में विभूतिखंड थाने में चार कारोबारियों पर अजय कुमार गुप्ता, शालिनी गुप्ता, गुंजित कालरा व नलिन रस्तोगी ने मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचने का प्रयास किया था। इस मामले में मुख्यमंत्री से शिकायत की गई थी। जिस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस कमिश्नर को कार्रवाई का निर्देश दिया था। इस मामले में चारों के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, जालसाजी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसकी विवेचना पुलिस कर रही है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

रेफरल हॉस्पिटल में गर्भवती को मिलेगा बिना डोनर खून

अमृत विचार, लखनऊ : लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के शहीद पथ स्थित मातृ शिशु एवं रेफरल हॉस्पिटल में रक्तदान शुरू हो गया। पहले दिन गुरुवार से तीमारदारों के साथ डॉक्टरों ने भी रक्तदान किया। इस ब्लड बैंक में गर्भवती महिलाओं को बिना डोनर खून मिलेगा। ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुब्रत चन्द्रा ने कहा कि इस ब्लड बैंक में भी खून के सभी कंपोनेंट मिलेंगे। साथ ही खून की अन्य अधिकांश जांचों की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि ब्लड बैंक में खून की उपलब्धता को बनाए रखने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। तीमारदारों में जागरूकता बढ़ाई जाएगी कि अच्छी सेहत के लिए रक्तदान जरूरी है। खून डोनेशन से खून में हेपेटाइटिस बी, सी, एचआईआई, सिफलिस समेत अन्य जांचें की जाती हैं।

पार्टी की समीक्षा बैठक के दौरान सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर व अन्य।

लोकसभा चुनाव में सुभासपा अहम भूमिका निभाएगी : राजभर

अमृत विचार, लखनऊ : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि पूर्वांचल से ताकत मिलने के बाद सुभासपा का पश्चिम उत्तर प्रदेश में पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है हमें एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ना है। सभी नेता मिलकर पार्टी को मजबूत करे। सुभासपा अध्यक्ष, गुरुवार को रविन्द्रालय में पार्टी की समीक्षा बैठक के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस पूरी तरह से जमीन पर समाप्त के कगार पर है। इस अवसर पर विभिन्न दलों के सैकड़ों लोगों ने सपा, बसपा, तथा कांग्रेस को छोड़कर सुभासपा की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा लखनऊ के सर्वेश कुमार राणा व सूरज पाल को राष्ट्रीय सचिव बनाते हुए सात राष्ट्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की गई। बैठक में अरुण राजभर, अरविंद राजभर, रामललित चौधरी, शक्ति सिंह, सालिक यादव, संजय बंजारा, हरीश बंजारा आदि लोग उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

एडिशनल इंस्पेक्टर पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : कोर्ट के आदेश पर इंदिरानगर थाने के तत्कालीन एडिशनल इंस्पेक्टर इंद्रजीत आर्या पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। पीजीआई क्षेत्र निवासी महिला का आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने पर कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उसने कोर्ट से गुहार लगाई थी। इंदिरानगर इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि इंद्रजीत आर्या मौजूदा समय में प्रयागराज में तैनात हैं। पीड़िता ने बताया है कि वर्ष 2019 में लोहिया अस्पताल में नर्स थी। आरोपित इंस्पेक्टर इंद्रजीत आर्या उनके मुकदमे की जांच कर रहे थे।तभी दोनों की मुलाकात हुई और दोस्ती हो गई थी। वर्ष 2021 में बात-चीत के दौरान इंदिरानगर इलाके में मिलने के लिए बुलाया और नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया।

एपेक्स ट्रामा सेंटर में चालू की गईं 128 स्लाइस सीटी मशीन

अमृत विचार, लखनऊ : एपेक्स ट्रामा सेंटर (एटीसी) में नव स्थापित और चालू की गईं 128 स्लाइस सीटी मशीन का उद्घाटन समारोह गुरुवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे शुरू हुआ, जिसमें अतिथि पद्मश्री निदेशक प्रो. आरके धीमान, प्रो. राज कुमार एटीसी एवं विभागाध्यक्ष, न्यूरोसर्जरी डॉ. आर हर्षवर्धन, अस्पताल प्रशासन प्रो. अर्चना गुप्ता, नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह एवं परिसर में अन्य संकाय, कर्मचारियों, छात्रों और अन्य लोगों ने शिरकत की। वैज्ञानिक कार्यक्रम की प्रारंभिक टिप्पणी डॉ. आर हर्षवर्धन द्वारा दी गई। जिसमें उन्होंने कहा कि एटीसी एक अग्रणी स्वास्थ्य सेवा संस्थान है जो ट्रामा केयर के पूरे स्पेक्ट्रम में अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है। इसलिए ऐसी मशीन की आवश्यकता अनिवार्य है। प्रो. राज कुमार ने बताया कि एटीसी में नई 128 स्लाइस सीटी मशीन की स्थापना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एसजीपीजीआईएमएस के निदेशक आरके धीमान ने कहा कि इस नई सीटी मशीन के रोगी देखभाल पर पड़ने वाले सकरात्मक प्रभाव के बारे में उत्साह व्यक्त किया। यह तकनीक हमारी चिकित्सा टीम को तेजी एवं अधिक सटीक निदान प्रदान करने में सक्षम बनाएगी, जिससे कि अंततः रोगी के परिणामों में सुधार होगा।

एक किलोवॉट का सोलर पैनल निशुल्क लगाने की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने मांग उठाई है कि प्रदेश में गरीब उपभोक्ताओं के घरों पर एक किलोवॉट का सोलर पैनल निशुल्क लगाया जाए। संघ ने कहा कि इससे सरकार को लगभग 516 करोड़ रुपये सब्सिडी की प्रतिमाह बचत होगी। बजट में प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ परिवारों के घर पर सोलर रूफटॉप लगाने व लगभग हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का स्वागत करते हुए संघ ने कहा कि इस योजना से लाखों परिवार अपने इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग कर सकेंगे। संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में गरीबी रेखा (लाइफलाइन) श्रेणी के 1.63 करोड़ उपभोक्ता घरेलू विधा में बिजली का प्रयोग करते है जिनका प्रति यूनिट बिजली खर्च 100 यूनिट के आस-पास रहता है।

हॉस्टल के छात्रों ने जड़े चौके-छक्के

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर छात्रावास प्रतियोगिता में तीसरे दिन हॉस्टल के छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे में तीन छात्रावासों की टीम फाइनल में पहुंची। प्रतियोगिता के दौरान चीफ प्रोवोस्ट और डीन ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। लविवि में गुरुवार को आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में सम्मिलित टीमों के साथ संकायों के छात्र भी उपस्थित थे। क्रिकेट मैच का आरंभ चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह की उपस्थिति में डीन छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू द्वारा दो टीमों के बीच सिक्का उछालकर किया गया। फिर मैच लखनऊ यूनिवर्सिटी एथलेटिक एसोसिएशन ग्राउंड में खेला गया। इसमें टीमों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए चौके- छक्के लगाए। ऐसे में महमूदाबाद हॉल, हबीबुल्लाह हॉल, कौटिल्य हॉल और एचजेबी हॉल की टीम फाइनल में पहुंचीं।

मनुष्य के कल्याण के लिए फिर प्रकट हुए हैं राम : देवकीनंदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में लखनऊ के डीएवी कालेज मैदान में चल रही रामकथा के समापन दिवस पर देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि कलयुग में राम मनुष्य के कल्याण के लिए फिर से राम मंदिर में प्रकट हुए हैं। उनके काम से जुड़ना उनकी सेना में शामिल होने की तरह है।

उन्होंने कहा कि प्रार्थना कभी निष्फल नहीं जाती है। भगवान अपने भक्तों की ही नहीं उनकी वाणी की भी रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि जब इंसान की मृत्यु होनी ही है तो फिर उसे राम का होकर मरना चाहिए। राम को बुरा कहने वाला कभी सम्मान के लायक नहीं हो सकता। रामकथा वाचक ने कहा कि मनुष्य से माया राम का विरोध कराती है। मनुष्य को सेवा सबकी करनी चाहिए लेकिन धर्म केवल अपना स्वीकार करना चाहिए।

देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि आज के समय में रावण की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि इंटरनेट में कोई भी अपनी लाज नहीं बचा पा रहा है। इंटरनेट की वजह से हमारा भारत न जाने कहां जा रहा है। सीता मां की रक्षा के लिए जटायू रावण से भिड़ गया था और अपने प्राण तक गंवा दिए लेकिन आज का मनुष्य बस खड़ा होकर तमाशा ही देख रहा है। उन्होंने कहा कि गुरु के वाचन, वेद-पुराण और माता-पिता के वचनों पर विश्वास रखने वाले से सफलता दूर नहीं हो सकती। जो अधर्म की राह पर चलता है उसे कोई आशीर्वाद नहीं देता है। आशीर्वाद सिर्फ धर्म के रास्ते पर चलने वाले को ही मिलता है।

आरती करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल , उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य।

समाज में अच्छे कार्यों से ही रामराज्य आएगा : आनंदीबेन पटेल

अमृत विचार, लखनऊ : रामकथा सुनने पहुंचीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि साधु-संतों के माध्यम से समाज में अच्छाई फैलती है और लोग सकारात्मक सोच के प्रति प्रेरित होते हैं। इससे नकारात्मकता कम होती है। उन्होंने कहा कि समाज में अच्छे कार्यों से ही रामराज्य आएगा। कथा के मुख्य यजमान और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, डीएवी कॉलेज के प्रबंधक मनमोहन तिवारी, प्रमुख यजमान सर्वेश पाण्डेय, मुरलीधर आहूजा, अंशु गुप्ता, अरविन्द सिंह, सुरेश मिश्र और नितिन गुप्ता ने आरती एवं पूजन किया। रामकथा में शामिल हुईं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक ने कहा कि देवकी नन्दन ठाकुर ने नौ दिन तक रामकथा का जो रसपान कराया है उसे सुनकर हम इतने भावविभोर हैं कि समझ नहीं आ रहा कि इस दिव्य आयोजन को कैसे विदा किया जाए। इस आयोजन ने लखनऊ को राममय कर दिया है।

महिला सशक्तिकरण पर लविवि में व्याख्यान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग ने मिशन शक्ति के तहत व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर गौरी सक्सेना ने किया। इसके बाद मिशन शक्ति की संयोजक प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम का विषय महिला सशक्तिकरण प्रस्तुत किया। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य, आत्म-निर्भरता, सुरक्षा और महिला साक्षरता बढ़ाने के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर अपने व्याख्यान में प्रोफेसर चंद्रा ने चर्चा की। इस अवसर पर प्रोफेसर आर चंद्रा को शॉल, विभागीय मग और स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर मुन्ना सिंह सहित शिक्षक, पीएचडी छात्र व विवि के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

शहर में आज

- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में पुस्तक लोकार्पण व काव्य समागम - 11:00 बजे।
- प्रेस क्लब में सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच की ओर से प्रेस वार्ता - 2:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक शंकराचार्य वैभवम का मंचन - 6.30 बजे।

एक नजर

एलडीए के नवनियुक्त सचिव ने संभाला कार्यभार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त सचिव विवेक श्रीवास्तव ने गुरुवार को कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान उप सचिव माधवेश कुमार समेत अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि आवंटियों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। शहर की बढ़ती आबादी को देखते हुए आवास की जरूरत पूरी करने के लिए नई योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा।

चेस प्रतियोगिता के लिए कोच नामित

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी में चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 6 से 8 फरवरी के बीच आयोजित अखिल भारतीय नॉर्थ जोन चेस पुरुष प्रतियोगिता में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की चेस टीम के लिए कोच को नामित किया गया है। कुलसचिव रीना सिंह ने बताया है कि कोच टीम मैनेजर के रूप में गिरीश को नामित किया गया है।

गृहकर के बड़े बकायेदारों को नोटिस, प्रतिष्ठान होंगे सील

अमृत विचार, लखनऊ : गृहकर के बड़े बकायेदारों को नगर निगम ने नोटिस जारी की है। सभी जोन में लगभग 4,00 भवन स्वामियों को एक सप्ताह में बकाया गृहकर भुगतान करने के लिए कहा गया है। एक सप्ताह बाद नगर निगम के कर निरीक्षक व कर अधीक्षक बकायेदारों के घर पहुंचेंगे। मौके पर बकाया जमा न करने पर प्रतिष्ठान सील किए जाएंगे।

ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार नैक ग्रेडिंग के लिए की जा रही तैयारियों के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के प्रस्तुतिकरण का बिंदुवार अवलोकन करते हुए कहा कि किसी भी क्राइटेरिया में प्रमाण के लिए संलग्न फोटोग्राफ की पुनरावृत्ति न करें। उन्होंने कहा कि फोटो में प्रदर्शित गतिविधि का स्पष्ट विवरण कैप्शन में लिखें। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

10 करोड़ से खुद की जमीनें सुरक्षित करेगा नगर निगम

दोबारा अतिक्रमण न हो इसके लिए कराएगा मेड़बंदी और तारबंदी, बजट के लिए सदन में रखा जाएगा प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम ने अपनी बेशकीमती जमीनों से अतिक्रमण हटाने के साथ उन्हें सुरक्षित रखने की कवायद शुरू कर दी है। अतिक्रमण हटाने के बाद जमीन पर दोबारा कब्जा न होने पाए इसके लिए नगर निगम ने 10 करोड़ रुपये का बजट रखा है। इस बजट से खाली कराई गई भूमि पर मेड़बंदी और तारबंदी की जाएगी। इसके लिए नगर निगम सदन की आगामी बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। भूमि पर तारबंदी के

लिए समस्त जोन से एक वर्ष के लिए टेंडर निकाला जाएगा। अपर नगर आयुक्त ने इस सम्बन्ध में समस्त जोनल अभियंताओं को निर्देश जारी कर दिए हैं।

नगर निगम के सम्पत्ति विभाग को तहसीलदार, नायब तहसीलदार समेत लेखपाल मिल चुके हैं। इनकी जोनवार तैनाती भी हो

- एक वर्ष के लिए सभी जोन से कराए जाएंगे टेंडर
- अपर नगर आयुक्त ने समस्त जोनल अभियंताओं को जारी किए निर्देश

चुकी है। टीम ने नगर निगम की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को चिन्हित करने के साथ अतिक्रमण की शिकायत पर कार्रवाई भी शुरू कर दी है। सम्पत्ति विभाग के सामने खाली कराई गई जमीन को सुरक्षित रखने की चुनौती है। इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम ने बजट का प्रावधान किया है। 10 करोड़ रुपये से खाली

> अतिक्रमण हटाकर खाली कराई गई जमीनों पर दोबारा कब्जा न हो इसके लिए नगर निगम तारबंदी और मेड़बंदी कराएगा। इसके लिए 10 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। नगर निगम सदन की बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा। जोनवार नगर अभियंता तारबंदी के लिए एक वर्ष के लिए टेंडर कराएंगे।
>
> **-ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम**

कराई गई भूमि पर तारबंदी और मेड़बंदी की जाएगी।

जोनवार बनाए हैं 24 सर्किल

नगर निगम ने सभी आठ जोन को 24 सर्किल में बांटा है। इसके हिसाब से तहसीलदार, नायब तहसीलदार और लेखपाल तैनात किए हैं। जोन एक में जियामऊ, जोन दो में कुन्डरी नजूल, जोन तीन में भिठौली खुर्द, मड़ियांव, दाउदनगर, महानगर रहीमनगर सर्किल बनाए हैं। जोन चार में सरसवां, खरगापुर, चिनहट और जोन पांच में अमौसी, देवपुर जोन छह में बरावनकलां, सिकरौरी जोन सात में गणेशपुर रहमानपुर, इस्माइलगंज, दसौली खुर्रमनगर, औरंगाबाद जागीर, पुरसैनी और जोन आठ में नटकुर, बिजनौर, कल्ली पश्चिम, हरिहरपुर, सरोसा-भरोसा सर्किल बनाए हैं।

211 गांव की 27 लेखपाल करेंगे निगरानी : नगर निगम सीमा में 211 गांव शामिल हैं। इन गांवों में नगर निगम की भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित करने और शिकायतों पर कार्रवाई के लिए 27 लेखपालों को तैनात किया गया है। प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति के साथ दो तहसीलदार और चार नायब तहसीलदार लेखपालों की मॉनीटरिंग करने के साथ अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाएंगे।

जलकल महाप्रबंधक ने भुगतान के सभी आदेश किए रद

अमृत विचार, लखनऊ : जलकल विभाग के महाप्रबंधक ने धन के अभाव में भुगतान के सभी आदेश रद कर दिए हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि भुगतान का आदेश तब प्राप्त करें जब जलकल विभाग के खाते में धनराशि हो। उन्होंने पत्र जारी करके कहा कि जब खाते में पैसा नहीं है तो भुगतान की पत्रावलियां क्यों ली गयीं।

उन्होंने पूर्व में ली गई भुगतान की अनुमति भी निरस्त कर दी हैं। महाप्रबंधक के इस निर्णय से ठेकेदारों का करोड़ों रुपये का भुगतान फंस गया है। जलकल महाप्रबंधक मनोज आर्य ने कहा कि भुगतान के लिए खाते में पैसे नहीं हैं। जब खाते में पैसा होगा जब भुगतान किया जाएगा।

बूंदाबांदी के बीच ठंड से कुछ राहत, पारा पहुंचा 12 डिग्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी व आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को हुई बूंदाबांदी के बीच मौसम कुछ राहत भरा रहा। न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहा। उधर, आसपास के जनपदों में बारिश के कारण आवाजाही पर असर देखने को

- आसपास के जनपदों में गरज के साथ हुई बारिश
- लखनऊ और आसपास के इलाकों में चलीं सर्द हवाएं

मिला। मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट में मौसम बिगड़ने की संभावना जताई गई है।

गुरुवार सुबह बूंदाबांदी शुरू हो गई। फिर सर्द हवाएं भी चलीं। दोपहर बाद निकली हल्की धूप ने राहत दी और न्यूनतम तापमान 10 से बढ़कर 12 डिग्री पहुंच गया। वहीं, कई जनपदों में बारिश हुई और मौसम बिगड़ा रहा। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एके सिंह ने कहा कि गरज और चमक के साथ बारिश की संभावनाएं बनी हुई हैं। आवाजाही के दौरान सभी को खास सतर्कता बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि आकाशीय बिजली गिरने का भी अनुमान है।

अभी चलेंगी सर्द हवाएं : पश्चिमी विक्षोभ के कारण बने वायुमंडलीय दबाव से अभी सर्द हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग का मानना है कि पहाड़ों पर सर्द हवाओं का असर पश्चिमी और मध्य क्षेत्र में अधिक देखने को मिल रहा है। जिसके कारण आने वाले दिनों में सर्द हवाओं का रुख बना रहेगा।

सुबह छाया रह सकता है कोहरा : लखनऊ के आसपास के जनपदों में सुबह कोहरा छाए रहने के संकेत मौसम विभाग की ओर से दिए गए हैं। इसका असर लखनऊ में भी आंशिक रूप से देखने को मिल सकता है।

ठंड के बीच छोटे बच्चे के साथ गंतव्य को जाती महिला। अमृत विचार

लखनऊ का प्रदूषण स्तर

स्थान	वायु प्रदूषण स्तर (एक्यूआई)
बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विवि	159
सेंट्रल	171
चारबाग	179
गोमतीनगर	147
हैबतमऊ मवइया	185
कुकरैल	161
लालबाग	195
निशातगंज	182
तालकटोरा	172
विजयखण्ड	168

अवैध घुसपैठ के आरोपी को भेजा 10 दिनों की पुलिस रिमांड पर

विधि संवाददाता, लखनऊ : फर्जी आधार एवं पहचान पत्र के सहारे बांग्लादेशियों की देश में अवैध घुसपैठ कराने व गोपनीय तरीके से उन्हें धन मुहैया कराने के आरोपी बांग्लादेश के निवासी रशीद अहमद सरदार की पुलिस कस्टडी रिमांड 10 दिन बढ़ा दी गई है।

एनआईए कोर्ट ने कहा है कि पुलिस कस्टडी रिमांड की यह अवधि 1 फरवरी को सुबह दस बजे से 10 फरवरी को शाम छह बजे तक प्रभावी रहेगी। पुलिस कस्टडी रिमांड अर्जी पर तर्क विशेष अधिवक्ता एमके सिंह ने कोर्ट में तर्क प्रस्तुत किया।

दो उड़ानें रद, एक डायवर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मौसम का बदला मिजाज लगातार विमान सेवाओं को प्रभावित कर रहा है। आगरा से लखनऊ आने-जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई को रद कर दिया गया। जबकि मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 2773 खराब मौसम के कारण दिल्ली डायवर्ट कर दी गई।

वहीं, अहमदाबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6244, मुंबई से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2442, मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 625, जयपुर से लखनऊ

- एक दर्जन से अधिक ने विलंब से भरी उड़ान

आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7319, दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6282, दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आई 5738 और पटना से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 925 ने विलंब से उड़ान भरी। जबकि लखनऊ से रांची जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6521, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2281, लखनऊ से दुबई जाने वाली फ्लाई दुबई एयरलाइंस की उड़ान संख्या एफजेड 444, लखनऊ से मुंबई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 5241, लखनऊ से मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 626, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 432, लखनऊ से पुणे जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आई 5738 और लखनऊ से गोवा जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 399 विलंब से रवाना हुई।

किरायेदारी के खेल में लाखों की स्टाम्प चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिले में भवन स्वामी और किरायेदारों में स्टाम्प ड्यूटी चोरी का बड़ा खेल सामने आया है। ज्यादातर बड़े प्रतिष्ठान किरायानामा (विलेख पत्र) के नाम पर करोड़ों रुपये की चपत सरकार को लगा रहे हैं। इन्हें पकड़ने के लिए निबंधन विभाग ने अभियान चलाया तो करोड़ों रुपये की स्टाम्प चोरी करना पाया।

शुरुआत बड़े प्रतिष्ठानों से की गई है। करीब बड़े मॉल व मार्केट की जांच की तो 400 दुकान व शोरूम 11 माह किराये के लिए 100 से 150 रुपये के किरायानामा पर

- निबंधन विभाग ने मॉल, शराब दुकानें, मेडिकल स्टोर किए चिह्नित
- बड़े प्रतिष्ठानों से शुरू हुआ अभियान, किरायानामा मिले अपंजीकृत

सबसे ज्यादा शराब दुकानें और मेडिकल स्टोर

निबंधन विभाग ने अभी बड़े प्रतिष्ठानों पर शिकंजा कसना शुरू किया है। स्टाम्प चोरी में सैकड़ों शराब की दुकानें व मेडिकल स्टोर भी शामिल हैं। जो 11 माह के कई वर्ष पुराने किरायानामा पर संचालित हैं। मेडिकल स्टोरों की पुष्टि संबंधित लाइसेंस जारी करने वाले विभाग से हुई। पड़ताल की गई तो लाइसेंस पांच वर्ष का मिलना पाया और किरायानामा 11 माह का।

> जिले में बड़े व छोटे किराये पर संचालित प्रतिष्ठान अपंजीकृत किरायानामा पर चल रहे हैं। कई वर्षों तक काबिज होने पर रजिस्ट्री भी नहीं कराई है। ऐसे किरायेदारों पर ब्याज समेत वसूली के साथ एफआईआर कराएंगे। 15 दिन का समय दिया है।
>
> **- एसके त्रिपाठी, सहायक महानिरीक्षक निबंधन**

चलते मिले। जांच में किरायानामा कई साल पुराने निकले। जबकि हर 11 माह में पंजीयन कराना होता है। इसके अलावा पांच वर्ष तक किराये पर प्रतिष्ठान चलाने पर रजिस्ट्री तक नहीं कराई गई। यह ऐसे प्रतिष्ठान हैं जिनकी रोजाना लाखों की कमाई है।

वसीम रिजवी की मुश्किलें बढ़ीं, कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

विधि संवाददाता, लखनऊ : वर्ष 2018 के थाना चौक से सम्बंधित एक आपराधिक मामले में अदालत के समक्ष हाजिर न होने पर कोर्ट शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने अभियुक्त की उपस्थिति के लिए आगामी 12 फरवरी की तिथि नियत की है। वसीम रिजवी के विरुद्ध नवंबर 2018 में सहाबा एक्शन कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल वाहिद फारूकी ने चौक थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने सुन्नी समुदाय के खलीफाओं को अपमानित करने एवं शिया व सुन्नी समाज के बीच वैमनस्यता फैलाकर भविष्य में दंगा कराए जाने का आरोप लगाया है।

विवेक खंड में ओपन जिम का फीता काटकर लोकार्पण करते समिति के पदाधिकारी।

विवेक खंड के एकता पार्क में ओपन जिम का लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊ : विवेक खंड स्थित एकता पार्क में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रयास से ओपन जिम स्थापित हो गया है। विवेक खंड 3 जनकल्याण समिति ने इसका प्रस्ताव दिया था। समिति के उद्यान प्रभारी आरडी राम ने ओपन जिम का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में गोमती नगर जनकल्याण समिति के महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ला एवं कर्नल एएन पांडे कार्यकारी महासचिव, संजय निगम कार्यकारी सचिव, मीडिया प्रभारी अभिषेक खन्ना एवं अन्य पदाधिकारी सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। डॉ. राघवेंद्र शुक्ला ने महासमिति द्वारा गोमतीनगर में किए जा रहे विकास कार्य जैसे अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन, वरिष्ठ नागरिक केंद्र, अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर, समस्त रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास, एलिवेटेड रोड, शहीद पथ से स्टेशन तक लीफ आदि की जानकारी दी। सचिव आरपी मिश्रा ने सभी उपस्थित नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

आग लगने पर मांगा क्लेम लगा लाखों रुपये हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दि न्यू इंडिया इन्श्योरेंस ने निरस्त किया था मेडिकल एजेंसी का दावा

अमृत विचार : एक मेडिकल एजेंसी में आग लगने पर दि न्यू इंडिया इन्श्योरेंस कंपनी ने स्थान में हेरफेर कर दावा निरस्त कर दिया। स्टोर रूम को पॉलिसी से बाहर दिखा दिया। राज्य उपभोक्ता आयोग मामला पहुंचा तो कंपनी को लाखों रुपये ब्याज समेत अदा करने का आदेश दिया गया।

धिन्धी कटरा जिला मिर्जापुर निवासी नीरज वर्मा ने जनवरी 2015 में बेन्नई धर्मशाला में अपने मेसर्स विन्दया मेडिकल एजेंसी का संचालन कर दि न्यू इंडिया इन्श्योरेंस कंपनी से बीमा कराया था। पॉलिसी में बेनानी धर्मशाला धुंधी कटरा पता दर्शाया गया। दुर्भाग्यवश परिसर में 21 जुलाई 2015 को आग लग गई। इससे दुकान व स्टोर रूम में दवा, फर्नीचर समेत पूरा सामान जल गया। पॉलिसी के अनुसार नीरज ने कंपनी पर 36 लाख रुपये के नुकसान का दावा किया जो निरस्त कर दिया। स्थान में हेरफेर कर दर्शाया कि बीमा केवल दुकान या शॉप का है न कि पूरे परिसर का। जबकि स्टोर रूम को पॉलिसी से बाहर कर दिया। इस मामले पर राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य राजेंद्र सिंह व विकास सक्सेना ने फैसला सुनाया। इसमें 30 दिन के अंदर कंपनी को 35 लाख रुपये और उस पर 22 जुलाई 2015 से 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ देय होगा। ऐसा न करने पर 15 प्रतशित ब्याज के साथ देना होगा। इसके अलावा पांच लाख रुपये मानसिक प्रताड़ना व 50 हजार रुपये व्यय 30 दिन के अंदर कंपनी और वहन करेगी। निर्धारित समय से पर भुगतान न किया तो इसमें 12 प्रतशित ब्याज के साथ देय होगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में लखनऊ देश में अव्वल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लाभार्थियों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए राजधानी में निकाली गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में अपना योगदान देकर लखनऊ को पहले स्थान पर लाने वाले नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुरुवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ हॉल में महापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वच्छ भारत मिशन टीम से दिलीप मौर्य, आरती, राहुल चौहान के साथ यात्रा से संबंधित डाटा को सफलतापूर्वक पोर्टल पर अपलोड करने के लिए

विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल।

- नगर निगम मुख्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों का हुआ सम्मान

तस्वीर असगर सहित 12 चैंपियंस को भी महापौर और नगर आयुक्त ने अधिकारियों की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विदाई एवं सम्मान समारोह में महापौर ने कर्मचारियों को पदोन्नति का पत्र वितरित किया। इस अवसर पर नगर निगम के समस्त अधिकारी और यूनियन के नेता व कर्मचारी उपस्थित रहे।

इन अधिकारियों को भी किया सम्मानित : अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद कुमार राव, अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता महेश चन्द्र वर्मा, अशोक सिंह, मुख्य अभियंता विद्युत यांत्रिक मनोज प्रभात, मुख्य नगर लेखा परीक्षक बनवारी लाल, मुख्य वित्त लेखाधिकारी नंद राम कुरील।

25 बीघे की प्लॉटिंग के निर्माण ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को बीबीडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत किसान पथ पर 25 बीघे की अवैध प्लाटिंग के निर्माण बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिए। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन पांच संजय जिंदल ने बताया कि विनय सिंह व अन्य द्वारा बीबीडी थानाक्षेत्र के अंतर्गत किसान पथ पर लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी।

प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना की जा रही प्लाटिंग के विरुद्ध विहित न्यायालय से

- एलडीए से मानचित्र पास कराए बिना कालोनी की जा रही थी विकसित

ध्वस्तीकरण का आदेश पास था। सहायक अभियंता एनएन चौबे एवं संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गईं सड़कें, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, रेलिंग आदि को ध्वस्त कर दिया।

काकोरी में प्लाटिंग पर चला बुलडोजर : एलडीए के प्रवर्तन दस्ते ने काकोरी में प्लाटिंग के निर्माण बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिए। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन तीन देवांश त्रिवेदी ने बताया कि काकोरी में टीएस मिश्रा रोड पर मौदा वाले ताल के सामने 3.5 बीघा में प्लाटिंग करके अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अभियंताओं ने स्थल पर विकसित किए गए निर्माण ध्वस्त कर दिए।

तेलीबाग में अवैध निर्माण सील

जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन दो प्रिया सिंह ने बताया कि शैल कुमारी ने तेलीबाग में काका मार्केट के पीछे भूखण्ड संख्या-587/70-71 पर लगभग 8,00 वर्गफिट क्षेत्रफल में बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पारित था। सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्र व ऋतुपाल ने पुलिस बल के सहयोग से निर्माणाधीन भवन सील कर दिया।

उत्कर्ष बना संस्कृत ओलंपियाड का टॉपर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र उत्कर्ष तिवारी ने संस्कृत ओलंपियाड में टॉप किया। इनको ऑनलाइन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला है।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और लिटिल गुरु द्वारा पहली बार संस्कृत ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। ऑनलाइन प्रतियोगिता में उप्र और दिल्ली सहित अन्य प्रांतों के छात्र सम्मिलित हुए। जिसमें गेमीफाइड दृष्टिकोण, नवीनतम यांत्रिक बुद्धि संचालित तकनीकी और परंपरागत तरीके सम्मिलित किए गए। ऐसे में अखिल भारतीय संस्कृत ओलंपियाड प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय के बीए तृतीय वर्ष के छात्र उत्कर्ष तिवारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

प्रतियोगिता में उत्कर्ष ने 60 अंकों में से 50 अंक प्राप्त किए। छात्र की इस उपलब्धि को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने छात्र को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर संगीता साहू, डॉ. अभिमन्यु सिंह, डॉ. सत्यकेतु, डॉ.भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉ.अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया तो नहीं बढ़ेगी ध्वस्तीकरण पर रोक : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एफआई हॉस्पिटल के ध्वस्तीकरण मामले में समय दिए जाने के बावजूद गुरुवार को स्वीकृत मानचित्र न दाखिल करने पर, कहा है कि 5 फरवरी तक यदि स्वीकृत मानचित्र न प्रस्तुत किया गया तो 29 जनवरी को ध्वस्तीकरण पर लगाई गई रोक को बढ़ाया नहीं जाएगा। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 5 फरवरी की तिथि नियत करते हुए, तब तक के लिए ध्वस्तीकरण पर रोक को बढ़ा दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने फरजाना सिराज की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। गुरुवार को सुनवाई के दौरान याची की ओर से न्यायालय को बताया गया कि उसके अधिवक्ता अपूर्व तिवारी अति आवश्यक मुकदमे के लिए सुप्रीम कोर्ट चले गए हैं लिहाजा मामले की सुनवाई टाल दी जाए। इस पर न्यायालय ने कहा कि स्पष्ट आदेश होने के बावजूद स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया।

वाटर ट्रीटमेंट लगाने के लिए क्या कदम उठाए

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जल निगम से पूछा है कि राजधानी में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के लिए क्या कदम उठाए। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 फरवरी नियत करते हुए व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल करने के आदेश दिया है। यह आदेश कार्यवाहक न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने उत्कर्ष लोक सेवा संस्थान की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याची की ओर से अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने दलील दिया कि शहर में पीने योग्य पानी के लिए अब तक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट नहीं लगाया गया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

दबंगों ने मुंशी पर किया हमला

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल के आट गांव निवासी रोहित कुमार (24) पुत्र गोपाल एलडीए गोमती किनारे बनाए जा रहे बंधे पर बतौर मुंशी काम करता है। बंधे के लिए गोपरामऊ व सरसण्डा के बीच मिट्टी खुदाई का काम चल रहा था। पीड़ित की तहरीर के अनुसार शाम लगभग साढ़े पांच बजे विवेक यादव निवासी तांडखेड़ा जेहटा वहां विशाल यादव निवासी उमरावखेड़ा थाना दुबग्गा, निखिल सिंह निवासी गोपरामऊ व मनीष यादव निवासी उमरावखेड़ा दुबग्गा पहुंच गए। विवेक यादव ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया और भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित मुशी की तहरीर पर विवेक यादव , विशाल यादव, निखिल सिंह व मनीष यादव के विरुद्ध धारा 307/323/504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रोडवेज की टक्कर से कार सवार घायल, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई इलाके में रोडवेज की टक्कर से कार सवार घायल हो गये। भागने का प्रयास कर रहे रोडवेज चालक को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मूलत : इलाहाबाद निवासी संगीता श्रीवास्तव ने बताया बुधवार को अपनी कार से लखनऊ से इलाहाबाद के लिये निकलीं थी। पीजीआई के सामने पीछे से आयी रोडवेज बस नंबर यूपी 33एटी 5262 के चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार में पीछे की सीट पर बैठी उनकी बेटी घायल हो गयी। जबकि पति उमेश चंद्र बाल बाल बचे। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने डाइवर की लापरवाही से हादसा होने की बात कही है। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया आरोपी चालक को हिरासत में लिया है। गाड़ी नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आज से हजरतगंज में बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

विधान मंडल सत्र के समापन तक जारी रहेगा डायवर्जन

अमृत विचारः विधान मंडल का सत्र शुक्रवार यानी आज से शुरू हो रहा है। इसे देखते हुए विधान भवन व हजरतगंज के आसपास के प्रमुख रास्तों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यातायात पुलिस ने इसके लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए हैं जिससे लोगों को परेशानी न हो

डीसीपी यातायात ह्रदेश कुमार के मुताबिक इस दौरान आकस्मिक स्थिति में एम्बुलेन्स, शव वाहन, फायर सर्विस, स्कूली वाहनों को प्रतिबंधित रास्तों से जाने की छूट रहेगी। इसके लिए ट्रैफिक कन्ट्रोल रूम नंबर-9454405155 पर संपर्क करना होगा।

इन रास्तों पर जाने से बचें

बंदरियाबाग चौराहे से राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज चौराहा, जीपीओ मोड़ से विधानसभा की तरफ रोक रहेगी। डीएसओ चौराहा से हजरतगंज, जीपीओ पार्क से विधानसभा मार्ग नहीं जा सकेंगे। रॉयल होटल चौराहे से विधानसभा के सामने से हजरतगंज चौराहा नहीं जा सकेंगे। सिकन्दरबाग चौराहे से हजरतगंज और विधानसभा से हजरतगंज चौराहा की तरफ रोक रहेगी। परिवर्तन चौक, हिन्दी संस्थान तिराहे से हजरतगंज चौराहा होकर विधानसभा की ओर नहीं जा सकेंगे। डीएसओ चौराहा से सिसेंडी तिराहा, रॉयल होटल चौराहे की तरफ रोक रहेगी।

इन रास्तों का करें प्रयोग

लालबत्ती चौराहा, कैंट या गोल्फ क्लब चौराहा, 1090 चौराहा होकर जा सकेंगे। पार्क रोड, मेफेयर तिराहा से होकर जा सकेंगे। कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा, चिरैयाझील, या बर्लिंग्टन चौराहा, सदर ओवरब्रिज, कैंट निकल सकेंगे। सिकन्दरबाग चौराहे से वाईएमसीए चौराहा, बालू अड्डा, 1090 चौराहा या चिरैयाझील होकर जा सकेंगे। कैसरबाग चौराहा या चिरैयाझील तिराहा, संकल्प वाटिका, सिकन्दरबाग चौराहा, वाईएमसीए चौराहा, 1090 चौराहा होकर गोल्फ क्लब चौराहा, बन्दरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट से जा सकेंगे। हजरतगंज चौराहा, मेफेयर तिराहा या रॉयल होटल चौराहे से बर्लिंग्टन चौराहा, कैंट होकर जा सकेंगे।

रोडवेज और सिटी बसों के रूट में बदलाव

संकल्प वाटिका पुल के नीचे तिराहे से महानगर से आने वाली रोडवेज व सिटी बसों पर सिकन्दरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधान भवन की तरफ रोक रहेगी। ये बसें बैकुंड धाम, 1090 चौराहा, बन्दरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट होकर जा सकेंगी।

केकेसी तिराहे से चारबाग आने वाली रोडवेज व सिटी बसें हुसैनगंज चौराहा, रॉयल होटल चौराहा से विधान भवन की ओर नहीं जाएंगी।सभी लोको चौराहा, कैंट या बर्लिंग्टन चौराहा से कैसरबाग से जाएंगी।

गोमतीनगर की ओर से आने वाले रोडवेज व सिटी बसें सिकन्दरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधान भवन की ओर नहीं जाएंगी। ये वाहन बैकुंठ धाम, संकल्प वाटिका ओवरब्रिज, चिरैयाझील तिराहा होकर कैसरबाग से 1090 चौराहा, बन्दरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट होकर जा सकेंगी। यह व्यवस्था विधान मंडल के सत्र तक प्रभावी रहेगी।

पिस्तौल तानकर मांगी 10 लाख की रंगदारी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ठेकेदारी में हिस्सेदार बनाकर पहले हड़प लिए 26 लाख रुपये
- विकासनगर क्षेत्र का मामला पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

अमृत विचार : अलीगंज इलाके में पिस्तौल तानकर युवक से 10 लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित से आरोपियों ने ठेकेदारी में हिस्सेदार बनाने का झांसा देकर 26 लाख रुपये लिये। पीड़ित ने संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध, आकाश कुलहरि को प्रार्थना-पत्र दिया। उनके निर्देश पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना अंतर्गत सेक्टर सी- 27 निवासी सुनील सिंह ने बताया विकास नगर निवासी संजय मिश्र व उनके सहयोगियों ने ठेकेदारी में पार्टनरशिप कर लाभ कमाने का झांसा दिया था। आरोपियों ने ठेकेदारी में रुपये लगाने के नाम पर कई बार में उससे करीब 26 लाख रुपये लिये। जो कि लाभ समेत लौटाने की बात कही थी। कई माह बाद भी न तो मूलधन मिला और नहीं ही लाभ का हिस्सा। संजय मिश्र से जब भी संपर्क किया, बाहरी जिलों में काम चलने व व्यस्तता का हवाला देता रहा। मुलाकात होने पर प्रयागराज में एक काम के वर्क आर्डर की कॉपी दिखाई। संदेह होने पर उक्त कार्य के बारे में जानकारी ली तो फर्जीवाड़ा का पता चला। सुनील का कहना है कि आरोपियों से उधारी की रकम लौटाने का दबाव बनाया। इस पर विकास नगर बुलाकर संजय व उनके साथी ने पिस्टल तान जान से मारने की धमकी देते हुये 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रुपये नहीं मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने जेसीपी को प्रार्थना-पत्र दे रुपये वापस दिलाने व सुरक्षा की गुहार लगायी। जेसीपी ने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिये। इंस्पेक्टर अलीगंज विपिन सिंह ने बताया संजय मिश्र व संजय श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

चोरों ने दुकान का शटर काट छह लाख का सामान किया पार

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- इटौंजा थाना क्षेत्र में हुई घटना पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : इटौंजा इलाके में बुधवार रात आटो मोबाइल दुकान का शटर काट कर दुकान छह लाख का सामान समेट ले गये। सुबह दुकान पर पहुंचा तो वारदात का पता चला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है।

थाना अंतर्गत सिंघामऊ निवासी शेखर की लखनऊ सीतापुर हाईवे के किनारे बाबा पुरवा मोड़ के समीप ऑटो सर्विस सेंटर की दुकान है। बुधवार रात वह दुकान बंद घर कर गया था। गुरुवार सुबह दुकान पर पहुंचा तो शटर कटा मिला। अंदर घुसकर देखा तो दुकान खाली मिली, चोर सामान समेट ले गये थे। पीड़ित की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटना स्थल की जांच की। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में करीब छह लाख का सामान चोरी होने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक मारकंडेय यादव ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इलाज में लापरवाही का आरोप, दो पर प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अलीगंज थाना क्षेत्र का मामला पुलिस जांच में जुटी

अमृत विचार : अलीगंज थाना अंतर्गत त्रिवेणी नगर निवासी मनोज कुमार निषाद ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी अदिति पिछले वर्ष 17 दिसंबर को बीमार हो गयी थी। उसे लखनऊ - सीतापुर रोड स्थित देवकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां डॉ. राकेश गुप्ता व अशोक अग्रवाल ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया।

आरोप है कि डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती इससे बेटी की हालत गंभीर हो गयी। इसके भी बिल थमा कर बेटी की हालत ठीक बता डिस्चार्ज कर दिया। घर पहुंचते ही अदिति की हालत गंभीर हो गयी। उसे दोबारा देवकी अस्पताल ले गया तो हार्ट में समस्या बता केजीएमयू रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान बेटी की मौत हो गयी। पीड़ित ने तहरीर में निजी अस्पताल के डॉक्टरों के गलत इलाज से बेटी की हालत गंभीर होने व बाद में मौत होने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया देवकी अस्पताल के अशोक अग्रवाल व राकेश गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, गोसाईगंज: सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अंजनी मिश्रा ने बताया कि बहराइच निवासी दीपक मौर्य अहिमामऊ क्षेत्र में रहता है। इंदिरा नगर निवासी युवक ने दीपक पर नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने नाबालिग को दिल्ली से बरामद किया था। नाबालिग ने आरोपी पर अहिमामऊ स्थित अपने मकान ले जाकर दुष्कर्म की बात कही थी। इसके आधार पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गयी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो पहले मेरा नाम PREETI था, अब मैंने बदलकर KM PREETI रख लिया है। अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O RAM SHARAN R/O VILLAGE SHIVPUR GHATAMPUR POST RAJAMAU AMETHI 227801

सूचना

मैं शालनी प्रसाद पुत्री के प्रसाद मेरा प्लाट नं. 2/142 विपुल खण्ड गोमती नगर लखनऊ का मूल आवंटन पत्र एवं समायोजन पत्र खो गया है जो कि कहीं विक्रय बंधक नहीं है। FIR No.- 20240000075633 मो0: 9968283478

सूचना

पहले मेरा नाम AYSHA था अब मैने बदलकर अपना नाम AISHA RAHAT ANSARI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। D/O: RAHAT ANSARI R/O: 870/1, DARSHAN NAGAR KUDHA KESHAVPUR UPARHAR AYODHYA-224135

सूचना

सूचित हो कि मेरी यू0पी0 बोर्ड इंटरमीडिएट की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 862370 है। जो डीएवी इन्टर कॉलेज लखनऊ से 2017 में पास किया था। जो वास्तव में कहीं खो गई है। जिस भी व्यक्ति को कहीं भी मिले वह मेरे निम्न मो0 63066 64243 पर संपर्क करें। आलोक कुमार सोनवानी आयु लगभग 25 वर्ष पुत्र मुन्नी लाल सोनवानी निवासी 542/3 न्यू हैदरगंज कैंपल रोड़ बालागंज थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पुत्र को पहले मोहम्मद अंजर सिद्दीकी के नाम से जाना पहचाना जाता था मौजूदा समय मे मो अंजर पुत्र वकील अहमद के नाम से जाना व पहचाना जायेगा आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजो/कागजातों मे मोहम्मद अंजर नाम अंकित है मोहम्मद अंजर के नाम से जाना व पहचाना जाए व सभी दस्तावेज मो अंजर के नाम से जारी किये जाये। – वकील अहमद पुत्र रज्जब अली, निवासी– शोराकोठी, मोहल्ला अशराफ टोला, कस्बा सण्डीला जिला हरदोई

सूचना

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल की अंक तालिका में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश राम करम दर्ज हो गया है। जबकि उनका सही नाम राम करन है। अत: मेरी हाईस्कूल की अंकि तालिका में सही नाम अंकित किया जाय। – शिवम यादव पुत्र राम करन, निवासी– तेजई पाण्डेय का पुरवा रतापुर, जिला व तहसील–अमेठी।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम भानू उत्तम था, मैने अपना नाम भानु उत्तम से बदलकर रनवीर पटेल रख लिया है। भविष्य में भी मुझे रनवीर पटेल के नाम से जाना व पहचाना जाय। –रनवीर पटेल पुत्र राम स्वरूप उत्तम, निवासी–म0नं0 548/183/4 सूर्य नगर, राजाजीपुरम्, लखनऊ।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं बब्बन पुत्र शिव राम निवासी गंगवल थाना विशेश्वरगंज तहसील पयागपुर जिला बहराइच का हूं। मेरे पुत्र विक्की पुत्र बब्बन का चाल चलन काफी खराब है तथा वह काफी गलत काम करता है। जिस कारण काफी सोच विचार करके मैं अपने लड़के को अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अब मेरा किसी भी प्रकार का लेनदेन और संबंध विक्की से नहीं रहेगा। –बब्बन पुत्र शिव राम, निवासी– गंगवल, तहसील– पयागपुर, जिला बहराइच

सार-संक्षेप

छुट्टा पशुओं से परेशान किसानों ने खुद ही चरवा दी फसल

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : सरकार की तरफ से कई बार आश्वासन के बाद भी किसानों के लिए छुट्टा पशु अभी भी समस्या बने हुए हैं। छुट्टा पशुओं के चलते फसल बर्बाद हो रही है। अब इनके आतंक के चलते बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के बीकामऊ कला के रहने वाले मलखे के बटाईदार किसानों ने गुरुवार को अपनी करीब 3 बीघा गेहूं की फसल को छुट्टा मवेशियों से चरवा दिया। किसानों का कहना है कि पहरा देने के बाद भी छुट्टा पशु उनकी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। इसलिए दुखी और परेशान होकर यह कदम उठाया।

कुएं में गिरे गौवंश को पुलिस ने निकाला

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम उमरावल के मजरा बल्देवखेड़ा निवासी सलीम के घर के पास कुआं है। रात में एक गौवंश गांव के बाहर बने कुंए में गिर गया। सुबह जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिस व वनविभाग को सूचना दी। सूचना के करीब 7 घंटे बाद पुलिस व ग्रामीणों ने गौवंश को सकुशल कुंए से बाहर निकाल लिया।

बाइकों की भिड़ंत में टेक्नीशियन की मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : अमेठी जिले के शुकुल बाजार निवासी टेक्नीशियन रवि शर्मा (27) पीजीआई के तेलीबाग निवासी मामा राम प्रकाश के पड़ोस में किराए के मकान में रहते थे। वह बिजनौर– सिसेंडी रोड पर संचालित एक निजी अस्पताल में नौकरी करते थे। वह बुधवार रात बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। रास्ते में बिजनौर कस्बे के समीप सामने से आयी तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गयी। हादसे में रवि गंभीर घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने रवि को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसके पास मिले मोबाइल से परिजनों को घटना की सूचना दी।

छात्र की नोट बुक में लिखे गालियां और अपशब्द

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर थाना अंतर्गत विनय खंड निवासी पुष्प नारायण सिंह ने बताया उनका भतीजा यश प्रताप सिंह 11वीं का छात्र है। 29 जनवरी को यश की नोटबुक सहपाठी आनंद तिवारी ले गया था। अगले दिन नोट बुक वापस की तो उसमें गालियां व अपशब्द लिखे थे। यश ने विरोध किया तो आनंद उसे स्कूल से बाहर ले गया। जहां पर आनंद ने निखिल व अन्य सहयोगियों के संग उसे पीटा। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक कुमार पांडेय ने बताया आनंद तिवारी और निखिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

फैकल्टी मैनेजर पर युवती ने लगाया अश्लीलता का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : रायबरेली निवासी युवती ने बताया कि वह एक कंपनी में काम करती है। चौधरी चरण सिंह इंटर नेशनल एयरपोर्ट फैकल्टी मैनेजर संजीव मलिक निवासी महरीपुल आलमनगर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। आरोप है कि मैनेजर उस पर नौकरी से इस्तीफा देने का दबाव बना रहा है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोपी से जान माल के खतरे की आशंका जतायी है। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरी ने बताया आरोपी संजीव मलिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गोमती में कूदने जा रही गर्भवती को सिपाहियों ने बचाया

अमृत विचार, लखनऊ : पक्का पुल से गोमती में छलांग लगाकर जान देने जा रही गर्भवती को सिपाहियों ने बचा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे क्वीन मेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पति से विवाद से क्षुब्ध होकर वह आत्मघाती कदम उठाने जा रही थी। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि गर्भवती केशवनगर की प्रियदर्शनी कॉलोनी निवासी है। घटनास्थल से बाइक पर वहां से निकल रहे सिपाही अब्दुल कयूम और संतोष की उस पर नजर पड़ गयी। पुलिसकर्मी रुके तो महिला तेजी से पुल की बाउंड्री पर चढ़ी, वह कूदती उससे पहले ही पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया।

महिला ने खुद पर पेट्रोल छिड़क कर लगायी आग, गंभीर

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णा नगर थाना अंतर्गत आलमबाग प्रेमनगर निवासी दीपिका पत्नी अमित वर्मा ने गुरुवार दोपहर घर में खड़ी स्कूटी से पेट्रोल निकाल खुद पर छिड़क कर आग लगी ली। चीख पुकार सुन पहुंचे परिजन ने किसी तरह उसे आग की लपटों से बचाया। तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। आनन– फानन उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। दीपिका की मां का कहना है कि बुधवार शाम को दीपिका बहकी बहकी बातें कर रही थी। तब लोक बंधु में डॉक्टर को दिखाकर दवा दिलायी थी। दवा खाकर दीपिका सो गई थी। आज दोपहर इस घटना की जानकारी हुयी। दीपिका की पांच वर्ष पहले शादी हुयी थी। दो वर्ष का एक बेटा है जो दादी के संग रहता है।

कूड़े के ढेर में मिली नवजात, युवक ने बचा ली जान

अमृत विचार, लखनऊ : गुड़म्बा इलाके में नवजात को पॉलीथिन में रखकर मरने के लिए कूड़े के ढेर में फेंक दिया गया। बच्ची की रोने की आवाज सुन पास में झोपड़ी में रहने वाले युवक ने उसे निकालकर पुलिस को सूचना दी। गुडंबा पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां से बच्ची को चाइल्ड लाइन के सदस्यों के सुपुर्द कर दिया गया। गुडंबा इंस्पेक्टर नीतीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब पांच बजे आदिलनगर में एमडी पैलेस के पीछे झोपड़ी में रहने वाले अरमान को कूड़े के ढेर में बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। मौके पर पहुंचा तो (लड़की) काली पालीथीन में कपड़े में लिपटी पड़ी थी। नवजात को सकुशल देख सभी ने राहत की सांस दी। क्योंकि जहां पर बच्ची मिली वहां कुत्तों और मवेशियों का जमावड़ा रहता था। बच्ची को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में बच्ची स्वस्थ निकली।

मानसिक बीमार बहन के साथ रह रहे बुजुर्ग का मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन ने शव का कर दिया अंतिम संस्कार
- इंदिरानगर सेक्टर 12 निवासी था बुजुर्ग

अमृत विचार : मानसिक बीमार बहन के संग रहने वाले मेडिकल स्टोर संचालक का कमरे में बेड पर शव मिला। शव करीब तीन दिन पुराना होने से तेज दुर्गंध उठ रही थी। परिजन ने आरोप से इंकार कर अंतिम संस्कार कर दिया।

इंदिरानगर इलाके में सेक्टर 12 निवासी मेडिकल स्टोर संचालक श्याम सिंह (64) घर में मानसिक बीमार बहन के संग रहते थे। बुधवार दोपहर दवा लेने पहुंचे एक ग्राहक ने स्टोर बंद देख घर के दरवाजे की घंटी बजायी। काफी देर तक बेल बचाने व आवाजें देने के बाद भी अंदर से न तो आवाज आयी और न ही कोई आहट हुयी। अनहोनी की आशंका होने पर युवक ने पड़ोसियों को मामला बताया। किसी तरह घर के अंदर पड़ोसी पहुंचे तो बहन अपने कमरे में और श्याम सिंह का शव दूसरे कमरे में बेड पर पड़ा मिला। शव से दुर्गंध उठ रही थी। आशंका जतायी जा रही है कि सोमवार रात श्याम सिंह की मौत हुई होगी। क्योंकि मंगलवार को मेडिकल स्टोर बंद था। पड़ोसी की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने गुरुवार सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया। इंस्पेक्टर इंदिरानगर ने बताया कि सोशल मीडिया पर श्याम की संदिग्ध मौत का मैसेज वायरल हो रहा था। मौके पर जांच में पता चला की श्याम सिंह हार्ट के पेशेंट थे। जबकि बहन बीना मानसिक बीमार है।

बरेली-मुरादाबाद में मिली संदिग्धों की लोकेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- डकैती में उपयोग किया गया ट्रक पुलिस ने किया ट्रेस
- चिनहट इलाके में ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में हुई डकैती का मामला

अमृत विचारः चिनहट इलाके के बालाजी ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में पिछले सप्ताह हुई डकैती में उपयोग किए गए ट्रक को पुलिस ने ट्रेस कर लिया है। कुछ संदिग्धों की सीतापुर के बाद बरेली और मुरादाबाद में लोकेशन मिली है। आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए दो टीमें संभावित स्थानों के लिए रवाना की गई हैं।

एडीसीपी पूर्वी अली अब्बास ने बताया कि डकैती की वारदात में उपयोग किए गए वाहन की पहचान कर ली गई है। डकैती के बाद आरोपी जहां-जहां रुके थे, उन स्थानों की पहचान की गई है। आरोपियों की लोकेशन सीतापुर के बाद बरेली और मुरादाबाद में मिली है। सर्विलांस पर लगे नंबरों में से एक लगातार यात्रा दिखा रहा है। जबकि संदिग्धों में से एक नंबर मुरादाबाद और दूसरा बरेली में एक्टिव है। गिरफ्त में आये आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। दो टीमें आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। एडीसीपी ने बताया कि अभी तक एक हजार से ज्यादा कैमरों की फुटेज खंगाली गयी हैं।

कुछ संदिग्ध हिरासत में की गई पूछताछ

पुलिस सूत्रों के अनुसार डकैती की वारदात से जुड़े होने के संदेह में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। फिलहाल उनसे ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली है, जिससे वारदात में इनकी मिलीभगत रही है। इन सभी पर भी नजर रखी जाएगी।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार 3600 रुपये बरामद

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी बरामद की है। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया जेहटा निवासी अंकित साहू की दुकान के गल्ले से 5 हजार रुपये चोरी हो गये थे। उनकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। संदेह के आधार पर यश त्रिवेदी उर्फ हर्ष (20) निवासी हरिओम नगर, थाना मडियांव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी, जो उसने जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी के कब्जे से 36 सौ रुपये बरामद किये गये हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ऑटो सवार यात्री की जेब से 50 हजार चुराकर भागे बाइक सवार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः आटो सवार युवक की बगल में बैठा आरोपी जेब काट 50 हजार रुपये चुरा ले गये। आरोपी रास्ते में चलते आटो से कूद कर पीछे से आये बाइक सवार संग फरार हो गया। पीड़ित का हाथ जेब पर गया तो चोरी का पता चला। पीड़ित की शिकायत पर अलीगंज पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

अलीगंज थाना अंतर्गत बी 1/4 सेक्टर एच निवासी अनुपम रस्तोगी ने बताया कि वह दोपहर 1 बजे आटो नंबर यूपी 32 एलएन 9517 से कपूरथला जा रहा था। पुरनिया चौराहे से और एक व्यक्ति आटो में उसकी बगल में में बैठा और अलकापुरी तिराहे के पहले ही बीच रास्ते में कूदकर पीछे से आई बाइक पर बैठ कर चला गया। कुछ आगे पहुंचने पर उसने जेब में हाथ डाला तो कटी मिली। जेब में रखी 50 हजार रुपये की गड्डी चोरी हो चुकी थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर अलीगंज विनोद कुमार तिवारी ने बताया दो अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

खुलासा आरोपी ने पुलिस के सामने कबूल किया अपराध

शादी का दबाव बनाने पर की थी युवती की हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

फॉलोअप

- हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए दुपट्टे से फंदे पर लटकाया था शव
- काकोरी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमृत विचार : शादी के लिये दबाव बनाने पर ब्रजेश ने सरिता की हत्या की थी। हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिये आरोपी ने दुपट्टा से फंदा बनाकर शव नीम के पेड़ से लटका दिया था। आरोपी ने पुलिस के सामने जुर्म कबूल किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

बहरु गांव में बुधवार प्रेमिका सरिता गौतम को गला दबाकर मरणासन्न कर फांसी पर लटका कर मार देने के आरोप में प्रेमी ब्रजेश कुमार को पुलिस ने गुरुवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के पास से ऑल्टो कार सहित मृतका का मोबाइल बरामद हुआ है। मृतका के पिता ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

इंस्पेक्टर काकोरी नवाब अहमद का दावा है कि बहरु निवासी इलेक्ट्रिशियन ब्रजेश कुमार का सरिता गौतम से प्रेम प्रसंग चल रहा था। ब्रजेश ने बुधवार रात फोन कर सरिता को तालाब के पास मिलने बुलाया था। आरोपी आल्टो कार लेकर सरिता से मिलने पहुंचा था। जहां पर सरिता ने उस पर शादी का दबाव बनाया। इसी से गुस्से में आये ब्रजेश ने जान से मारने की नीयत से सरिता का गला दबा मरणासन्न कर दिया। आरोपी ने खुद को बचाने के लिये हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिये सरिता के दुपट्टे से समीप खड़े पेड़ पर फंदा से उसे लटका दिया। सुबह सरिता घर पर नहीं दिखी तो परिजन ने खोजबीन शुरू की। तब तक तालाब की तरफ पहुंचे ग्रामीणों ने शव लटका देख परिजन को घटना की जानकारी दी। पीड़ित पिता ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने ब्रजेश का नंबर सर्विलांस पर लगाया था। जिसके आधार पर लोकेशन ट्रेस कर आरोपी को मेहंदी नगर अंडरपास के समीप गिरफ्तार कर लिया। आल्टो जब्त की है, आरोपी ने साक्ष्य मिटाने की मंशा से सरिता का तोड़ दिया था। पुलिस ने मोबाइल बरामद कर लिया है।

लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, फोन-फैक्स-0522-2612639
ई-टेण्डर पोर्टल- https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0: 330/मु0अ0/23-24 दिनांक : 30/1/2024

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा सूचना
(तृतीय आमंत्रण)

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा दिनांक 7/2/2024 को 01 कार्य हेतु ई-निविदायें ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस/एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 7/2/2024 को अपराह्न 15:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें दिनांक 7/2/2024 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त विवरण / नियम / शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

मुख्य अभियन्ता

अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 जलकल विभाग, नगर निगम, सेक्टर बी पानी की टंकी परिसर अलीगंज, लखनऊ

पत्रांक– 2238/EE3/GL7/23-24 दिनांक:– 01/02/2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतदद्वारा जलकल विभाग नगर निगम जोन–3 लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक–पृथक निविदाएं दिनांक 08.02.2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की किया जाएगा है जो उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.02. 2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक इस कार्यालय के कैश काउन्टर में निर्धारित निविदा शुल्क जमा की जाएगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खोलने के दिवस अवकाश घोषित होने पर उसके अगले कार्य दिवस में नियत समय पर निविदाएं प्राप्त व खोली जाएगी। अन्य नियम व शर्ते तथा कार्य विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है जो किसी भी कार्य दिवस में अवलोकित की जा सकती है–

क्र0 सं0	कार्य	निविदा शुल्क	धरोहर धनराशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Laying & jointing of 250 mm dia 'D' pipe at Khadra Pakka phool Lucknow.	Rs. 500/-	9000.00	7 days
2	जानकीपुरम प्रथम वार्ड के अन्तर्गत 5 स्थानो पर समरसेबिल पम्पो की मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य।	Rs. 250/-	4100.00	7 days
3	जानकीपुरम प्रथम लालालाजपतराय वार्ड सेक्टर–सी सबौली गांव के पास डीएसई कालोनी में भ0सं0 डीएसई/172 से भ0सं0 652/266 तक तिवारी जनरल स्टोर के पास 120 मीटर 4 इंच पी0वी0सी0 पाइप लाइन डालने, इंटरकनेक्शन एवं तत्सम्बन्धी कार्य ।	Rs. 200/-	3600.00	7 days
4	जानकीपुरम द्वितीय सेक्टर–एच, नलकूप नं0–4 छुईयापुरवा मलीन बस्ती के पास नर्वदेश्वर मन्दिर पार्क में अधिष्ठापित नलकूप पम्प हाउस की मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य।	Rs. 200/-	3800.00	7 days

अधिशासी अभियन्ता जोन–3
जलकल विभाग नगर निगम

एक नजर

दूसरे दिन भी जारी रहा आशा बहुओं का धरना

अमृत विचार, लखनऊ : मातृत्व अवकाश व अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर आशा बहुओं का धरना गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर ईको गार्डेन में हजारों आशा बहुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। रमाबाई नगर की वरिष्ठ नेता अंजू कटियार ने कहा कि देश भर की माताओं और शिशुओं को सुरक्षित जीवन देने वाली हम आशाओं को न कोई मातृत्व अवकाश मिलता है न हमें कोई अन्य सुविधा ही प्राप्त है। अर्चना दीक्षित ने कहा कि सरकार हमारी आवाज को अनसुनी कर रही है। चेतावनी दी कि दिल्ली के किसान आंदोलन का इतिहास दुहरा देंगे। आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) के राज्य सचिव अनिल वर्मा में कहा कि मेहनतकशों के लिए बहुत कठिन समय है। सरकारें हमारे अधिकारों को छीनने में लगी हैं।

बैंक ऑफ बड़ौदा का वैश्विक कारोबार 10.7 प्रतिशत बढ़ा

अमृत विचार, लखनऊ : बैंक ऑफ बड़ौदा का वैश्विक कारोबार 31 दिसंबर, 2023 तक 10 .7 प्रतिशत बढ़कर 22,94,627 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में निवल लाभ वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर 18 .8 प्रतिशत बढ़कर 4,579 करोड़ रुपये रहा। तिमाही में आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) 1.20 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2024 की नौमाही में 1.15 प्रतिशत रहा। वित्त वर्ष 2024 की नौमाही में इक्विटी पर प्रतिलाभ(आरओई) वर्ष-दर-वर्ष 168 बीपीएस बढ़कर 18 .70 प्रतिशत रहा। लाभप्रदता में वृद्धि वित्त वर्ष 2024 की नौमाही में वर्ष-दर-वर्ष 18 .8 प्रतिशत की सुदृढ़ परिचालनगत आय वृद्धि से समर्थित रही। नौमाही में गैर-ब्याज आय में 1.5 गुणा की वृद्धि हुई जिसका स्तर 10,304 करोड़ रुपये रहा जिसके फलस्वरूप परिचालनगत लाभ में वृद्धि हुई।

लोहिया संस्थान के चाइल्डहुड कैंसर वार्ड में मिलेगा आधुनिक इलाज : दुर्गा शंकर मिश्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि कैंसर पीड़ित बच्चों के बेहतर इलाज के लिए कैनकिड्स ने पांच साल पहले डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान के साथ साझेदारी की थी। इससे कैंसर ग्रस्त बच्चों के इलाज में खासी सुविधा मिली है। राज्य सरकार द्वारा पीडियाट्रिक आंकोलॉजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। ताकि बच्चों को विशेषज्ञ डॉक्टरों का इलाज मिल सके।

मुख्य सचिव ने गुरुवार को लोहिया संस्थान में पीडियाट्रिक आंकोलॉजी वार्ड का उद्घाटन किया साथ ही जागरूकता के लिए साइकिल फॉर गोल्ड रैली को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि लोहिया में बच्चों को भर्ती कर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। मालूम हुआ है कि बीते कुछ महीनों में 110 से ज्यादा कैंसर पीड़ित बच्चों को इलाज मुहैया कराया गया। लोहिया संस्थान की निदेशक डॉ.सोनिया नित्यानंद ने कहा चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस और 15 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय चाइल्ड कैंसर दिवस से पहले लोहिया संस्थान में पांच बेड का चाइल्डहुड कैंसर वार्ड शुरू किया गया है। पीडियाट्रिक आंकोलोजी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की दिशा में तेजी से प्रयास जारी हैं। वार्ड में मौजूद बच्चों को उपहार देकर हौसला बढ़ाया गया।

लोहिया संस्थान में चाइल्डहुड कैंसर वार्ड का उद्घाटन करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व निदेशक सोनिया नित्यानंद, साथ में अन्य। अमृत विचार

- मुख्य सचिव ने कैंसर जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

रैली में हुए शामिल

लोहिया संस्थान से शुरू हुई कैंसर जागरूकता रैली आठ किमी की दूरी तय कर केजीएमयू पर खत्म हुई। साइकिल फॉर गोल्ड रैली में पीड़ित बच्चों समेत 200 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। कैनकिड्स किड्सकैन की अध्यक्ष पूनम बगई ने कहा कि साइकिल फॉर गोल्ड 2024 पीडियाट्रिक कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रयास है। कैंसर पीड़ित बच्चों के इलाज की सुविधा के लिए पूरे भारत में संयुक्त रूप से दो लाख किलोमीटर साइकिल चलाकर दो करोड़ रुपये जुटाने का है।

चंद्र भानु गुप्त नगर वार्ड के स्वास्थ्य शिविर में 569 का हुआ इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ने की निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत
- महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, त्रिलोक अधिकारी, डॉ.राघवेंद्र शुक्ला रहे मौजूद

अमृत विचार: उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कैंट विधानसभा के मोतीलाल चंद्रभानु गुप्त नगर वार्ड में गुरुवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत की। जिसमें 569 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण के साथ निःशुल्क दवाएं भी प्राप्त की। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी , त्रिलोक अधिकारी, डॉ.राघवेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

रक्षामंत्री व सांसद राजनाथ के निर्देश पर लखनऊ संसदीय क्षेत्र में वार्ड स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। उक्त क्रम में ही संपन्न शिविर का उद्घाटन करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा मंत्री के बतौर सांसद प्रयासों से लखनऊ में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। पार्कों में ओपन जिम लगवाए गए, गरीबों के लिए वार्ड स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हो रहे हैं।

शिविरों से समय बचत के साथ ही रुटीन चेकअप का लाभ भी क्षेत्र वासियों को मिल रहा है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण के साथ विभिन्न जांचें की गईं। शिविर में चर्म रोग परामर्श, नेत्र रोग परामर्श, ब्लड प्रेशर चेकअप, ब्लड शुगर चेकअप सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई।

नोडल अफसर ने पीएचसी का किया निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : एनएचएम के नोडल अफसर ने गुरुवार दोपहर दो पीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान एक पीएचसी के डॉक्टर व स्टॉफ नर्स एक माह से गायब थे। इस दौरान पीएचसी पर गंदगी मिली। नोडल ने नाराजगी जताते हुए डॉक्टर को नोटिस जारी करते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरएन सिंह ने टीम के साथ खदरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर छापा मारा। यहां पर तैनात डॉ. सौरभ कुमार करीब एक माह से ड्यूटी से गायब थे। टीम ने फार्मासिस्ट से हाजिरी रजिस्टर तलब किया तो वह बैकडेट में उसे भरने लगा। इस पर उसे फटकार लगाई गई। वहीं यहां पर तैनात एक स्टॉफ नर्स भी गायब मिली। निरीक्षण दौरान वहां पर काफी गंदगी मिली। दवाओं की उपलब्धता भी ठीक नहीं थी। नोडल ने वेतन रोकने के साथ नोटिस जारी किया है। इसके बाद टीम ने हुसैनाबाद पीएचसी का निरीक्षण किया। वहां पर डॉक्टर जितेंद्र प्रताप मौजूद मिले। एनएचएम के नोडल अफसर डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि गैर हाजिर मिले डॉक्टर व स्टॉफ को नोटिस दिया गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड

अल्पकालीन ई0-निविदा सूचना सं0-29/ईसीसीडी- I/2023-24 : अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न विवरणानुसार अंकित कार्यों के सम्पादन हेतु अल्पकालीन ई0-निविदा सूचना संख्या-29/ईसीसीडी-I/2023-24 के द्वारा आमंत्रित निम्नलिखित निविदाओं के सम्बन्ध में ई0-निविदाएँ दिनांक 16.02.2024 को सायं 05.00 बजे तक डाली /अपलोड की जा सकती हैं। प्राप्त निविदाओं का तकनीकी भाग (भाग-प्रथम) दिनांक 17.02.2024 को सायं 03.30 बजे से खोला जायेगा। निविदा में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन / शुद्धि-पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्तें ई-टेण्डर पोर्टल/वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :- **क्र0सं0- 1, निविदा विशिष्ट संख्या-** 62/2023-24, **कार्य का नाम-** लखनऊ स्थित चन्द्रलोक अधिकारी विद्युत कालोनी स्थित 15 एच0पी0 ट्यूबवेल बोरिंग का डेवलपमेंट करवाये जाने का कार्य।, **धरोहर धनराशि रू0-** रू 2000.00, **निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित** रू0- 296.00, **क्र0सं0- 2, निविदा विशिष्ट संख्या-** 63/2023-24, **कार्य का नाम-** लखनऊ स्थित निरालानगर सदस्य आवास संख्या-बी0-1/188 में रूफ ट्रीटमेंट एवं अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य।, **धरोहर धनराशि रू0-** रू 1500.00, **निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित** रू0- 296.00, **अधिशासी अभियन्ता, वि0जा0नि0खं0-प्रथम, उ0प्र0पा0का0लि0, अलीगंज, लखनऊ। ''राष्ट्र हित में बिजली बचाएं'' संख्या 262/ई0सी0सी0डी0 I/टी-5 दिनांक : 01/02/2024**

चिकित्सकों ने बीमारियों को लेकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट और प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान में आशियाना के कांशीराम स्मृति उपवन में चल रहे भारत हस्तशिल्प महोत्सव में गुरुवार को नृत्य और गायन में जबरदस्त तालमेल देखने को मिला।

गुरुवार को यहां प्रगति विचारधारा फाउंडेशन ने स्वास्थ्य जागरूकता सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।

प्रगति विचारधारा फाउंडेशन की संरक्षक डॉ. सीमा गुप्ता, एसके अवस्थी, नेहा खरे, स्टेलर अकादमी की प्रधानाचार्य अंजली श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नेहा खरे ने बताया कि उनकी संस्था सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है।

शिक्षा मंत्री से मिलकर जगी नियुक्ति की आस

अमृत विचार, लखनऊ : पिछले 595 दिन से नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे 69 हजार शिक्षकभर्ती के अभ्यर्थियों की गुरुवार को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह की अध्यक्षता और प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ एमकेएस सुंदरम, महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा, निदेशक बेसिक शिक्षा महेंद्र देव, संयुक्त शिक्षा निदेशक गणेश कुमार व सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रताप सिंह बघेल के साथ वार्ता हुई व 5 जनवरी 2022 को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी 6800 चयनसूची पर नियुक्ति के लिए सभी पहलुओं पर चर्चा हुई। प्रतिनिधि मंडल में शामिल विजय यादव ने बताया कि अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए बेसिक शिक्षा मंत्री व विभाग के सभी अधिकारियों से चर्चा हुई।

कविता सहाय ने संभाली एएमसी सेंटर की कमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एएमसी सेंटर और कॉलेज की पहली महिला अधिकारी

अमृत विचार : लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय ने गुरुवार को छावनी स्थित कमांडेंट आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज, ऑफिसर-इन-चार्ज एएमसी रिकॉर्ड्स तथा कर्नल कमांडेंट एएमसी का पदभार ग्रहण किया। वह 74 साल पहले स्थापित एएमसी सेंटर और कॉलेज की कमान संभालने वाली पहली महिला जनरल ऑफिसर हैं।

वह इससे पहले महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) नई दिल्ली कार्यालय में अपर डीजीएएफएमएस (एचआर) थीं। सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी) पुणे की पूर्व छात्रा रही लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय को 30 दिसंबर 1986 को आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) में कमीशन किया गया था। उन्होंने एएफएमसी पुणे से 1994 में एमडी (पैथोलॉजी) और 1997 में डीएनबी (पैथोलॉजी) किया। 2000-2002 तक एम्स नई दिल्ली में ऑन्कोपैथोलॉजी में 2 साल की फेलोशिप और यूके के फैमर कील यूनिवर्सिटी से वर्ष 2020-22 में हेल्थ प्रोफेशनल एजुकेशन में डिप्लोमा भी किया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित 100 से अधिक शोध पत्रों की लेखिका रही हैं।

एएमसी सेंटर में पदभार ग्रहण करने के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय

सार-संक्षेप

ट्रियो इलेक्ट्रिक ऑटो को रवाना करते सीईओ सुमन मिश्रा। अमृत विचार

महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी ने मनाया जश्न

अमृत विचार, लखनऊ : भारत की नंबर 1 इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर निर्माता महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड (एमएलएमएमएल) ने लखनऊ में ऑटो रैलियों के साथ इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बाजार में अपने प्रभुत्व का जश्न मनाया। एमएलएमएमएल की एमडी और सीईओ सुमन मिश्रा ने लखनऊ की सड़कों पर चलने वाले ट्रियो इलेक्ट्रिक ऑटो के एक बेड़े को हरी झंडी दिखाई। एमएलएमएमएल की अब तक 1.4 लाख से अधिक तिपहिया ईवी बेचने की उपलब्धि का भी जश्न मनाया गया।

पुरस्कार राशि प्राप्त करतीं छात्राएं व अन्य। अमृत विचार

नारी शक्ति ड्रिल टीम को किया गया पुरस्कृत

अमृत विचार, लखनऊ : बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल की प्रधानाचार्या व गणतंत्र दिवस परेड नारी शक्ति ड्रिल टीम को कॉलेज प्रबंधक निदेशक द्वारा 11 हजार रुपये की धनराशि से पुरस्कृत किया गया। बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल पलटन छावनी अलीगंज की प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला एवं गणतंत्र दिवस परेड में ड्रिल टीम की संचालिका दीपा जोशी एवं सहायक शिक्षक पुलकित त्रिपाठी, विशाल कुमार व संदीपा पांडेय सहित प्रतिभाग करने 101 विद्यार्थियों को बीटिंग दी रिट्रीट समारोह में राज्यपाल द्वारा द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के उपलक्ष्य में कॉलेज प्रबंधक निदेशक एचएन जायसवाल द्वारा 11 हजार रुपये की धनराशि से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज कॉर्डिनेटर सुधीर मिश्रा, उप प्रधानाचार्य शैलेंद्र सिंह सहित समस्त इंचार्ज और शिक्षक उपस्थित रहे।

फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बैठक आयोजित

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब स्थित ब्लाक सभागार में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर यूनिसेफ और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। यूनिसेफ के ब्लाक को आर्डिनेटर महेश प्रसाद वर्मा ने बताया कि फाइलेरिया मुक्ति अभियान की शुरुआत 10 फरवरी से शुरू होकर 28 फरवरी तक चलेगा और इस दवा को एक साल के ऊपर के लोगो को खिलाई जायेगी। बैठक में मौजूद खंड विकास अधिकारी पूजा पांडे ने बताया की विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत बच्चों को फाइलेरिया के बारे में जानकारी देते हुए यह दवा खिलाई जायेगी।

लखनऊ में होगा राजेन्द्र निरुपमा का कथक नृत्य

अमृत विचार, लखनऊ : बिरजू महाराज कथक संस्थान की ओर से आगामी चार फरवरी को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में पं.बिरजू महाराज जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल होने के लिए बंगलुरू से राजेन्द्र निरुपमा और उनका दस सदस्यीय नाट्य दल लखनऊ आ रहा है। संस्थान की कोषाध्यक्ष सरिता श्रीवास्तव ने बताया कि पं. बिरजू महाराज की जयंती पर संस्थान के विद्यार्थी सरस्वती वंदना प्रस्तुत करेंगे। लखनऊ की नृत्यांगना डॉ. रुचि खरे इस मौके पर अपनी नृत्य संरचना प्रस्तुत करेंगी।

भाषा विवि में घरेलू हिंसा पर नाट्य मंचन

अमृत विचार, लखनऊ : भाषा विवि में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला ने घरेलू हिंसा से जुड़े पहलुओं पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एहतिशाम अहमद की उपस्थित में छात्रों ने नाट्य मंचन किया, जो लोगों को प्रेरित करने वाला था। इस अवसर पर समन्वयक डॉ. दुआ नकवी, डॉ. जबन निशा, छात्रा श्वेता चौरसिया, दीपांशु गुप्ता, फिज जमरुद्दीन, मोहम्मद फिरोज सहित काफी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

जश्न-ए-जनाबे सकीना में शायरों ने पेश किए कलाम

अमृत विचार, लखनऊ : हजरत इमाम हुसैन की बेटी जनाबे सकीना के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दरगाह हजरत अब्बास में गुरुवार को जश्न-ए-जनाबे सकीना का आयोजन किया गया। जश्न से पहले मौलाना जाफर अब्बास ने खिताब किया।

लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए लागू होगा सिटीजन चार्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का किया गया सम्मान

अमृत विचार : शिक्षा भवन के कार्यालयों में घूसखोरी के लिए दीर्घकाल से लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के लिए सिटीजन चार्टर लागू कराया जाएगा। यह निर्णय गुरुवार को नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी की जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में लिया गया।

सेंटीनियल इंटर कॉलेज के सभागार में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष डॉ. आरपी मिश्र से परिचय कराया गया। परिचय के समय जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिलामंत्री महेश चन्द्र, कोषाध्यक्ष आरपी सिंह, आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसी के साथ कार्यकारिणी के 6 उपाध्यक्ष, 6 संयुक्त मंत्री तथा 15 कार्यकारिणी के सदस्यों का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने जिला संगठन की सराहना करते हुए कहा कि जिला कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन जिसमें पुराने एवं नए लोगों का समावेश है, सराहनीय है क्योंकि नई पीढ़ी के साथ पुरानी पीढ़ी के अनुभव का लाभ संगठन को मिलता है।

मुख्य अतिथि ने शिक्षक समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के लिए आश्वस्त किया। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि जिला संगठन द्वारा प्रेषित की गई समस्याओं का वार्ता के माध्यम से निस्तारण किया जाता है। हमारा प्रयास है कि शिक्षकों की समस्याएं विभाग स्तर पर लंबित न रहें। विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार ने संगठन के निर्विरोध नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को हार्दिक बधाई दी।

51 दलों ने बनाया विकसित भारत संकल्प महासंघ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय बने राष्ट्रीय संयोजक

अमृत विचार : राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में देश के 51 राजनीतिक पार्टियों ने विकसित भारत संकल्प महासंघ बनाकर आगामी लोकसभा चुनाव में देश के लगभग दो सौ सीटों पर चुनाव लड़ने का संकल्प लिया। गोपाल राय को नवनिर्मित विकसित भारत संकल्प महासंघ का संयोजक चुना गया।

विकसित भारत संकल्प महासंघ द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता में संयोजक गोपाल राय ने अपनी रणनीति का खुलासा करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी 51 पार्टियों ने एक मंच पर आने का संकल्प लिया और देश के अंदर जो भी समान विचारधारा वाले दल हमसे विकसित भारत संकल्प महासंघ तालमेल या सहयोग की आकांक्षा रखते हैं उनसे बातचीत के दरवाजे हमेशा खुले हैं। राय ने कहा कि हमें लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर, भगत सिंह और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों का भारत बनाना है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नाम : सरदार नगर में रेक हैंडलिंग प्लेटफार्म सतह का सुधार, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2023-220, **अनुमानित लागत (₹) :** 4,77,94,599/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹) :** 3,89,000/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 21.02.2024, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 06 माह। **कार्य का नाम :** कुम्भ मेला-2025 के संबंध में प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी में हाईड्रेन्ट, शौचालय/पाइप लाइन आदि के साथ अस्थायी यात्री शेड का प्रावधान, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2023-221, **अनुमानित लागत (₹) :** 4,07,60,741/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹) :** 3,53,800/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 21.02.2024, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-220 से एनईआर-बीएसबी-2023-221 दिनांक 21.02.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.) वाराणसी

मुजाधि/डब्ल्यू-525

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

सम्मानित हुए 15 रचनाकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में गुरुवार को हुए 44वें युवा रचनाकार दिवस समारोह में 15 रचनाकारों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में साहित्यभूषण डॉ. मधुकर अष्ठाना ने कहा कि रचनाकार को जब कोई सम्मान या पुरस्कार मिलता है तो साहित्य के प्रति उसका उत्तरदायित्व और भी बढ़ जाता है।

इस मौके पर वन्दिता पाण्डेय को श्रेष्ठ युवा रचनाकार सम्मान, मध्य प्रदेश के गीतकार राम स्वरूप को महाकवि परमानन्द जड़िया स्मृति सम्मान, छंदकार अशोक कुमार पाण्डेय को काव्याचार्य राधा रमण वैद्य स्मृति सम्मान, दतिया से आये डॉ. राज गोस्वामी को दादा सीता किशोर साहित्य सम्मान, डॉ. उत्तम कुमार शर्मा को कवि राजाराम समीर स्मृति सम्मान, बुन्देली व्यंग्यकार डॉ. नरेंद्र मित्तल को इन्दर चन्द्र तिवारी बौड़म लखनवी सम्मान, डॉ. प्रेम लता त्रिपाठी को काव्य गौरव सम्मान, सूरज कुमार को उमेश चन्द्र पाठक स्मृति सम्मान, मुनेन्द्र शुक्ल को रामकुमार निगम संकोची स्मृति सम्मान, नवीन बैसवारी को डॉ. रामकृष्ण स्मृति सम्मान, संतोषी कुमारी को विद्यावती स्मृति सम्मान, डॉ. राधा बिष्ट को डॉ. अनंत माधव चिपलूनकर स्मृति सम्मान, डॉ. भारती पायल को सरोज शुक्ला स्मृति सम्मान और काजल जायसवाल को नवीन रश्मि स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया।

एसजीपीजीआई नर्सिंग कॉलेज ने 15वां स्थापना दिवस मनाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीजी और यूजी छात्रों ने स्पर्श प्रतियोगिता में भाग लिया

अमृत विचार : एसजीपीजीआई नर्सिंग कॉलेज ने गुरुवार को अपना 15वां स्थापना दिवस सीवी रमन ऑडिटोरियम एसजीपीजीआईएमएस में उमंग के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. राधा के स्वागत भाषण से हुई।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर आरके धीमान ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को सभी पाठ्येतर गतिविधियों में पूरे मन से भाग लेने और विभिन्न प्रतियोगिताओं, शैक्षणिक या सांस्कृतिक में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। डीन प्रोफेसर शालीन कुमार ने स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और निकट भविष्य में एसजीपीजीआई में नर्स के नेतृत्व में प्रशामक देखभाल क्लिनिक विकसित करने में मदद का हाथ बढ़ाया। कार्यकारी रजिस्ट्रार कर्नल वरुण बाजपेयी ने इस दिन के उपलक्ष्य में छात्रों द्वारा तैयार किए गए पोस्टर और मॉडल की सराहना की। पीजी और यूजी छात्रों ने सांस्कृतिक प्रतियोगिता स्पर्श में भाग लिया।

सनतकदा महोत्सव आज से

अमृत विचार , लखनऊ : कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी और सलेमपुर हाउस में दो फरवरी से छह फरवरी तक महिंद्रा सनतकदा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आशिकाना लखनऊ की थीम पर आधारित इस महोत्सव में पहले दिन इश्क, आजादी या पाबंदी नाम से खेलों का आयोजन किया जाएगा। खेलों के माध्यम से नजरिया बदलने का काम किया जाएगा। इश्क को लेकर आपसी चर्चाएं होंगी। सद्भावना ट्रस्ट वर्ष 2009 से हाशिये पर खड़े समुदाय के साथ काम कर रहा है। यह संस्था महिलाओं के साथ जेंडर हिंसा और पहचान के विषयों पर नजरिये का निर्माण कर उन्हें नेतृत्व में लाने का काम करती है।

कार्यालय ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-01.02.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि **ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा , विकासखंड मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर** एसएलडब्ल्यूएम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक-02.02.2024 से 08.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय **ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर** में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक-08.02.2024 को सायं 04: 00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में)
1	स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 योजना अंतर्गत आरआरसी निर्माण कार्य कराये जाने हेतु।	3.02 लाख रुपये	बालू, मोरंग, पत्थर (20mm), ईटगिट्टी, सीमेन्ट, ईट, सरिया, लोहे की पाइप, स्टील चद्दर शेड, मिट्टी आदि सामग्री।	100

नोट- शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान **ग्राम पंचायत सचिव**

ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

सरकार की योजनाओं का प्रचार करेंगे भाजपा कार्यकर्ता

अमृत विचार, लखनऊ : मिशन लोकसभा के तहत भाजपा ने गांव चलो अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में तय किया गया कि पार्टी का एक वरिष्ठ कार्यकर्ता बूथ पर 24 घंटे प्रवास करेगा और केंद्र-राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा। लखनऊ महानगर में गुरुवार को चार मंडलों में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महानगर स्थित शुभम गेस्ट हाउस में महानगर उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, जायसवाल गेस्ट हाउस में उपाध्यक्ष राकेश सिंह, किराना कमेटी भवन में पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, पुरनिया विधायक कार्यालय में चंद्र प्रकाश अवस्थी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष राकेश सिंह ने प्रवास के निर्देश को बिन्दुवत बताते हुए जानकारी दी। विभाग संयोजक चंद्र प्रकाश अवस्थी ने गांव चलो अभियान को लखनऊ महानगर में बूथ स्तर तक चला कर कार्यकर्ताओं को हर घर जाना है और मोदी सरकार की उपलब्धियां को पहुंचना है।

ईपीएस-95 पेंशनरों ने जंतर मंतर से सरकार को चेताया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर ईपीएस-95 पेंशनरों का जंतर मंतर पर क्रमिक अनशन गुरुवार को भी जारी रहा। सुबह से हो रही बारिश के बीच बड़ी संख्या में पेंशनर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए अनशन पर बैठे रहे।

क्रमिक अनशन के दूसरे दिन पेंशनरों ने न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये महीना, महंगाई भत्ता और पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सरकार के अंतरिम बजट में पेंशन बढ़ोतरी की कोई घोषणा न होने से पेंशनरों को बहुत निराशा हुई। पेंशनरो ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगे शीघ्र नहीं मानी गईं तो यह क्रमिक अनशन आमरण अनशन में बदल जाएगा। अनशन स्थल पर सभा को उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी के साथ राष्ट्रीय नेता अध्यक्ष कमांडर अशोक राऊत, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह राजावत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केएस तिवारी, चौधरी पूरन सिंह, जयरूप सिंह परिहार, आरपी सिंह, बीपी मिश्रा, अवनी राय, उमाकांत सिंह, सुभाष चौबे, चंद्रशेखर पाठक, आरएन द्विवेदी, अभिनंदन पांडे आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर ने किया।

हज यात्रियों से 25 करोड़ 20 लाख रुपये लूटने की तैयारी : अनीस मंसूरी

अमृत विचार, लखनऊ : पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने गुरुवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और हज कमेटी ऑफ इंडिया मिलकर देश के एक लाख 40 हजार 20 हज यात्रियों को गुमराह कर उन्हें लूटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हज कमेटी ने पहले तो निशुल्क हज आवेदन फार्म भरवाने का ढिंढोरा पीटकर वाहवाही लूट ली और अब हर चयनित यात्री से 300 रुपये वसूल रही है। इसके अलावा हर हज यात्री से मिस्लेनियस चार्ज के नाम पर 1500 रुपये भी लिए जा रहे हैं। इस तरह से हज कमेटी देश भर के हज यात्रियों से 25 करोड़ 20 लाख 36 हजार रुपये वसूलने की तैयारी कर रही है। अनीस मंसूरी ने कहा कि मंत्रालय और हज कमेटी के कुप्रबंधन की वजह से इस साल सबसे कम लोगों ने हज पर जाने के लिए आवेदन किया है।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा

सैक्स समस्याएं !!

मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें

प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक

सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।

राना डिस्पेंसरी

9919792325
9415810891

हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

अमृत विचार
www.amritvichar.com

संसारयति कृत्यानि सर्वत्र विचिकित्सते।
चिरं करोति क्षिप्रार्थे स मूढो भरतर्षभ॥

जो व्यक्ति अनावश्यक कर्म करता है, सभी को संदेह की दृष्टि से देखता है, आवश्यक और शीघ्र करने वाले कार्यों को विलंब से करता है, वह मूर्ख कहलाता है।

संपादकीय

समावेशी विकास की राह

नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया। वित्तमंत्री ने संकेत दिया कि सरकार चुनाव में वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने कहा मोदी सरकार अपने उपलब्धियों के आधार पर जुलाई में पूर्ण बजट पेश करने के लिए वापस आएगी और उसे चुनाव में जाने के लिए अंतिम समय में रियायतों की घोषणा की जरूरत नहीं है। वास्तव में बजट में किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है। अंतरिम बजट से साफ हो गया है कि आर्थिक विकास के विभिन्न आयामों से जुड़ी पूर्व की नीतियां जारी रखी जाएंगी। वित्तमंत्री का लगभग दो तिहाई भाषण सरकार की 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित था। बजट में राजनीतिक रूप से सबसे दिलचस्प घोषणाओं में से एक प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के हिस्से के रूप में एक करोड़ घरों को छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन प्रदान करने का कार्यक्रम था। यह विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त बिजली की कई गारंटी के जवाब के रूप में आया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख वर्गों गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके सशक्तिकरण और कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। उधर विपक्ष ने अंतरिम बजट को निराशाजनक बताया है। विपक्षी दलों के मुताबिक महंगाई रोकने के लिए बजट में कुछ नहीं किया गया है। इसमें बेरोजगारों, महिलाओं के लिए भी कुछ नहीं कहा गया है। एक तरफ कहा जा रहा है कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया है, दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

अंतरिम बजट में सरकार ने टैक्स स्लैब को पहले की तरह ही रखा है। हालांकि वित्तमंत्री ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 तक की अवधि के लिए 25 हजार और वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की अवधि के दस हजार रुपये तक के प्रत्यक्ष कर डिमांड को वापस ले लिया है। इससे लगभग एक करोड़ करदाताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ा कर तीन करोड़ किया गया है। कहा जा सकता है कि अंतरिम बजट भारत को जन-केंद्रित, समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा।

सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को सशक्त एमएसएमई आवश्यक

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है।

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। औद्योगिक उत्पादन का तीस प्रतिशत एमएसएमई क्षेत्र से आता है एवं 48 प्रतिशत निर्यात में इनका योगदान है। रोजगार की दृष्टि से देखें तो कृषि के बाद कम पूंजी लागत पर सर्वाधिक रोजगार का सृजन करके देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में यह क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका भी अदा करता है। इन उद्योगों से लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त होता है। वस्तुतः कोविड ने इस क्षेत्र को बुरी तरह से प्रभावित किया है। इस क्षेत्र को मजबूत बनाकर ही बड़े उद्योगों को मजबूत बनाया जा सकता है, मगर सबसे बड़ी समस्या यह है कि उद्योग के पास संसाधनों का आभाव है।

एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों के पास न तो ज्यादा वित्तीय पूंजी होती है और न ही बड़े उद्यमियों कि तरह इन्हें व्यवसाय की कोई अच्छी समझ होती है। ज्यादातर सूक्ष्म और लघु उद्योग ग्रामीण इलाकों या कस्बों में लगे हैं, इसलिए इन्हें संरचनात्मक सुविधाओं जैसे बिजली, सड़क पानी आदि की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का विकास बाजार तक पहुंच, उत्पादों की गुणवत्ता, समय पर ऋण की उपलब्धता और प्रौद्योगिकी के उन्नयन आदि कारकों पर निर्भर करता है।

जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में छोटे उद्यमों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा जिससे कच्चे माल की आपूर्ति वाला पक्ष प्रभावित हुआ है। कोई भी उद्यम अगर अपने आप को आज के दौर की उन्नत तकनीक में नहीं ढालता तो वह औद्योगिक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाता है, लेकिन इन तकनीकों के महंगे होने के कारण छोटे उद्योग इनका उपयोग नहीं कर पाते जिसका असर उनके उत्पादन पर पड़ता है और जिसके फलस्वरूप इनके उत्पाद की गुणवत्ता गिरती है तथा इनकी आपूर्ति श्रंखला भी प्रभावित होती है।

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है। एक समस्या यह भी देखी गई है कि इस क्षेत्र के 40 प्रतिशत से अधिक उद्यमियों के पास वित्त के औपचारिक स्रोतों तक पहुंच नहीं है, यानी वे बैंकिंग क्षेत्र से कर्ज ही नहीं ले पाते। लॉकडाउन के दौरान और उसके बाद कच्चे माल की कीमतों में भारी इजाफा हुआ। विशेषकर धातुओं में इसके कारण लागत बढ़ गई। छोटे उद्यमियों के सामने एक समस्या यह भी आती है कि कच्चे माल की अनुपलब्धता के कारण वे समय पर माल की आपूर्ति नहीं कर पाते और इस वजह से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां उन्हें काली सूची में डाल देती हैं।

> इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है।

सरकार और एमएसएमई मंत्रालय द्वारा इन चुनौतियों को कम करने तथा भारतीय एमएसएमई क्षेत्र के क्षमता निर्माण के लिए 'कौशल विकास प्रौद्योगिकी उन्नयन विपणन सहायता' और एमएसएमई को ऋण तक पहुंच के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है। सरकार की ओर से एक अच्छी पहल यह भी की गई है कि केंद्र सरकार के मंत्रालय उसके विभाग या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा जो भी खरीद की जाएगी उसका 25 प्रतिशत एमएसएमई उद्योगों से ही खरीदा जाए। व्यवसाय में आसानी हो इसके लिए 'उद्यम पंजीकरण' नाम से पोर्टल शुरू किया गया है जिसमें अपने उद्यम को बहुत आसानी से पंजीकृत कराया जा सकता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एमएसएमई उद्यमों को स्थापित करके सरकार रोजगार के अवसर पैदा करना चाहती है। इसके लिए 'क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी' सरकार की तरफ से दी जाएगी। पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन व पुनर्निर्माण के लिए कोष की योजना के तहत कारीगरों और पारंपरिक उद्योगों को समूहों में व्यवस्थित करके उन्हें व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है। इसके तहत संकटग्रस्त एमएसएमई को कच्चे माल की खरीद के लिए वित्तीय ऋण प्रदान किया जाता है। उत्पादकता में सुधार के साथ-साथ एमएसएमई मंत्रालय ने सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना की है। इस केंद्र के तहत इन उद्यमों की प्रमुख समस्याओं को कम करके प्रौद्योगिकी बाजार तक पहुंच, कौशल और गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने और उसकी रफ़्तार बढ़ने के लिए सशक्त और आत्मनिर्भर एमएसएमई का होना बहुत आवश्यक है। अनेक सरकारी सुविधाओं और योजनाओं के बावजूद अभी यह क्षेत्र चुनौतियों का सामना कर रहा है जिसके समाधान के लिए समुचित प्रयास सुनिश्चित किए जाने चाहिए। किसी भी उद्यम को शुरू करने के लिए कुछ बुनियादी जरूरतों का होना बहुत जरूरी है।

इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था अच्छी और सुदृढ़ होनी चाहिए, तभी कोई उद्यमी निडर होकर भली प्रकार अपना व्यवसाय कर सकता है। अराजक तत्वों व भ्रष्टाचार के कारण उद्योग धंधे फल-फूल नहीं पाते हैं। अच्छे उत्पादन के लिए बिजली की आपूर्ति भी बहुत जरूरी है। उद्योगों के विकास के लिए अच्छी सड़कें और परिवहन व्यवस्था सही होना भी जरूरी है। एमएसएमई क्षेत्र में मुख्य समस्या कुशल श्रमिकों की आती है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक प्रशिक्षण केंद्रो की स्थापना करनी चाहिए ताकि विभिन्न कार्यों के जानकार और कुशल कारीगर अधिक संख्या में उपलब्ध हो सकें। कच्चे माल की कालाबाजारी रुकनी चाहिए ताकि कारोबारियों को नुकसान न हो। छोटे उद्यमियों के सामने एक प्रमुख समस्या विलंबित भुगतान की आती है। सरकार की खरीददारी काफी बड़ी मात्रा में है और जब तक सरकारी संस्थाओं से बेचे गए सामान का भुगतान नहीं होता, तब तक पूरी आपूर्ति श्रंखला धीमी हो जाती है। इसलिए इस पर ध्यान देने की जरूरत है। निर्यात के क्षेत्र में एमएसएमई क्षेत्र बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। इसके लिए अधिक पूंजी और आधारभूत ढांचे की जरूरत है जिसमें सरकार को पूरा सहयोग देना चाहिए। सरकार को एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने और बढ़ावा देने के लिए आर्थिक पैकेज भी देना चाहिए। साथ ही रोजगार सृजन पर अधिक ध्यान देने और नई राष्ट्रीय रोजगार नीति तैयार करने की आवश्यकता है। अब विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना होनी चाहिए। सूक्ष्म उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भी समुचित प्रयास किए जाने चाहिए।

प्रसंगवश

सामाजिक न्याय के पुरोधा

जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर सभी समाजवादी दल, कम्युनिस्ट, राजद, जेडीयू और भाजपा उनकी राजनीतिक विरासत साधने में कहां पीछे है? कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक व राजनीतिक संघर्ष के साथी जगदेव प्रसाद कुशवाहा थे। कुशवाहा का जन्म 2 फरवरी 1922 को बिहार में जहानाबाद के समीप कुर्था प्रखंड के कुरहरी गांव में हुआ। जब भी वंचितों के हक की बात होगी, तब वह बात बाबू जगदेव प्रसाद के बिना पूरी नहीं होगी और बिहार में तो कतई नहीं होगी। लेकिन जगदेव बाबू बहुत कठिन व्यक्तित्व हैं, समाजवादी सोच की लीडरशिप तो उनकी राजनीतिक विरासत पर दावा ठोंक सकती है पर भाजपा नहीं, उनकी जो लड़ाई थी शोषितों के लिए शोषकों के खिलाफ थी। राजनीति में जगदेव बाबू की दिलचस्पी पटना में अध्ययन के दौरान बढ़ी। जब वे समाजवादी चन्द्र देव के संपर्क में आए और सोशलिस्ट पार्टी से जुड़ गए। पार्टी का मुख्यपत्र 'जनता' का संपादन किया। 1955 में अंग्रेजी साप्ताहिक पत्र 'सिटीजन' का भी संपादन किया। प्रकाशक से मनमुटाव होने पर पटना लौट आए, पर सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। समाजवादी विचारधारा का देशीकरण करके बिहार के घर-घर पहुंचाया। 1967 में कुर्था से विधानसभा पहुंचे, पहली संविद व गैर कांग्रेसी सरकार उनके व कर्पूरी ठाकुर के प्रयासों से बनीं जिसमें महामाया प्रसाद सिन्हा मुख्यमंत्री बने। पार्टी की नीतियों व विचार धारा पर लोहिया जी से अनबन हुई, उनके नारे एकदम जनवादी होते थे। यह कहकर संशोपा छोड़ दी कि 'कमाए धोती वाला, खाए टोपी वाला'। जगदेव प्रसाद ने 25 अगस्त 1967 को शोषित दल बनाई फिर राम स्वरूप वर्मा के अर्जक संघ से जुड़े। 1968 में रामस्वरूप वर्मा की पार्टी समाज दल का विलय हुआ और पार्टी को शोषित समाज दल नाम दिया गया। दार्शनिक व क्रांतिकारी संगम से पार्टी में नया संचार हुआ। गजब के भाषण कर्ता व नारे गढ़ने में निपुण, जहानाबाद की सभा मे उन्होंने एक नारा दिया, दस का शासन नब्बे पर नहीं चलेगा। लगता है उनकी लड़ाई आगे बढ़ रही है। बिहार जाति जनगणना कर 75 प्रतिशत आरक्षण वाला राज्य बन गया है, जिसमें गरीब सवर्ण भी हैं। क्या कर्पूरी ठाकुर की तरह उनको भी सम्मान मिलेगा।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

समान नागरिक संहिता का उत्तराखंड से आगाज

किसी भी राष्ट्र की समग्र मजबूती के लिए उसके सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार, समान नियम होने चाहिए। जब तक जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में 370, 35 ए नहीं हटी थी तब तक भारत के अन्य प्रदेशों में मिलने वाले नागरिक अधिकार जम्मू कश्मीर भूभाग के लोगों को नहीं मिलते थे। जैसे ही 370, 35 ए जम्मू कश्मीर और लद्दाख भूभाग से हटा, वहां के लोगों को भारतीय संविधान प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों के मिलने की शुरुआत हो गई। समान नागरिक संहिता के साथ भी कुछ मिथ्या नैरेटिव विपक्षी दलों द्वारा बनाया जाता रहा है कि यह धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप है, जबकि न्यायालय कई बार इसके लिए सरकार को निर्देशित कर चुका है।

1981 में उच्चतम न्यायालय में दायर शाहबानो वाद का फैसला कांग्रेसी प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय में आया था। इस फैसले में न्यायालय का कहना था कि 'इस वाद में हालांकि संवैधानिक महत्व का कोई प्रश्न नहीं जुड़ा है, किंतु सामान्य नागरिक एवं आपराधिक कानून के तहत कुछ प्रश्न ऐसे पैदा होते हैं जिनका समाज के उस बड़े वर्ग पर जो परंपरागत रूप से अन्यायपूर्ण व्यवहार से पीड़ित हैं, दूरगामी महत्व होता है। महिलाएं भी एक ऐसा ही वर्ग हैं।' इसी फैसले में आगे खंडपीठ का कहना था कि 'हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 मृत प्रायः हो गया है। यह प्रावधान कहता है कि राज्य (स्टेट) भारत के समूचे क्षेत्र के नागरिकों के हेतु एक समान नागरिक संहिता बनाने को प्रोत्साहन देगा'। इतना ही नहीं 1995 में सरला मुदगल वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव को निर्देशित किया था कि वह अनु. 44 पर एक बार नए दृष्टिकोण से विचार करें। उच्चतम न्यायालय ने समान नागरिक संहिता को देश की एकता और अखंडता के लिए आवश्यक बताते हुए सरकार से कहा था कि आप न्यायालय को बताएं कि सरकार ने इस तरफ कौन-कौन से कदम उठाए हैं। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव इतनी इच्छा शक्ति नहीं जुटा सके कि राष्ट्रहित में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर फैसला कर सकें। तीन तलाक के समय जब न्यायालय ने तीन तलाक पर सरकार से दृष्टिकोण मांगा तो मोदी सरकार का निर्णय मुस्लिम महिलाओं के हित में रहा। उसी समय यह बात स्पष्ट हो गई थी कि समान नागरिक संहिता का विषय भी एक दिन पूरा होकर रहेगा।

अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

> अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है।

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है। संवैधानिक दृष्टि से देखें तो भारत के संविधान का अनु. 14 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु. 15 धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। अनु. 21 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु.25 हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता देता है। इसलिए समान नागरिक संहिता से किसी भी धर्म के व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं के आहत होने का प्रश्न ही खारिज हो जाता है। मुस्लिम महिला को भारतीय संविधान दोयम दर्जे का नहीं मानता। एक बात तो तय है कि धर्म के ठेकेदार अपनी दुकान चलाने के लिए इसका विकृत स्वरूप प्रदर्शित करते रहे हैं और शायद आगे भी करेंगे। धर्म के अंदर आडंबर और कुप्रथाओं का चलन बेहद पुराना है। हिंदू धर्म के अंदर भी कई कुप्रथाएं रीति-रिवाजों के भेष में पनप चुकी थी। सती प्रथा, बाल विवाह, बहू विवाह जैसी प्रथाएं समाज में विघटन पैदा करने वाली थी। 1958 में राजस्थान उच्च न्यायालय ने तेजसिंह वाद में सती के लिए उकसाने वाले को पांच साल के कठोर कारावास की सजा देने का प्रावधान किया। सरकार ने सती (निरोधक) कानून, 1987 बनाकर इस पर पूरी तरह से रोक लगा दी।

इसी तरह हिंदू धर्म में बाल विवाह और बहुविवाह प्रचलन में थे। 1956 में फैमिली एक्ट के अंतर्गत आधा दर्जन कानून भारत की संवैधानिक व्यवस्था ने पारित किए और इन दोनों कुप्रथाओं पर रोक लगा दी। इन कुप्रथाओं का अंत हिंदू धर्म से जुड़े पंडित, पुजारियों या धर्म के ठेकेदारों ने नहीं किया, बल्कि भारतीय संविधान के अंतर्गत बने कानूनों ने किया। कुछ समय के लिए ठेकेदारों के छद्म स्वाभिमान को ठेस तो पहुंची, किंतु जनता ने इसे खुले दिल से स्वीकारा। कानून और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। पहले कानून समाज में सुधार करता है और फिर परिपक्व समाज आवश्यकतानुसार कानून में सुधार करता है। समय के साथ यही लचीलापन व्यक्ति की धार्मिक स्वतंत्रता है। यही भारत है। यही भारतीय संस्कृति है।

सोशल फोरम

निगल ली गई दिमाग की खुराक

बस एक मोटी किताब लिखनी है। जिस पर दस्तरख्वान लगाकर बैठ जाएं और उसी पर अकबरी गेट के लज्जतदार खाने भी खा सकें। वह खाने, जो हमारी जहनी खुराक को निगल गए। वह खुशबूदार खाने, जो किताबों की दुकानों को निगल गए। इत्ती मोटी किताब लिखेंगे हम, जिस पर कवाब पराठे बिछा दें, तब भी चाय भर की जगह रह जाए। वह कवाब पराठे, जो पेट को तो अपनी चपेट में ले ही गए, साथ ही जहन को भी जंग आलूदा कर गए।

हफीज किदवई
लेखक

मैं लखनऊ के पुराने बाजारों को देखता हूं। रात की झिलमिल रोशनी में तंदूरों से उठते धुएं और गलियों में बिछी मुगलई खुशबू को महसूस करता हूं। एक पल को लगता है, जन्नत तो यही है, मगर मुझे मेरे सामने किताबों की दुकानें दिखने लगती हैं। मेरे देखते-देखते या कहिए, पुराने लोगों से सुनते-सुनते या कहिए किताबों की दर्दनाक सिसकियों को महसूस करते-करते लगता है कि बताओ, जो गलियां किताबों की, इल्म की शिनाख्त देती थीं, वह जबान के चटखारे का पता देती हैं। किताबों की एक दुकान मरती है और उसमें कोई जायका राल बहाते हुए बाहर आ जाता है। जहां कल तक इल्म का खजाना बिखरा पड़ा था, वहां अब पानी के बताशे-चाट-कबाब और कॉफी के गोते लगने लगते हैं।

लखनऊ के पुराने हिस्से में हम तमाम छोटी-बड़ी किताबों की दुकान जानते थे, सब अब मशहूर खानों की दुकान हो गईं। अकबरी गेट हो या विक्टोरिया स्ट्रीट या फिर चौक हो या हुसैनाबाद, नादान महल हो या फिर रकाबगंज, गौसनगर हो या मौलवीगंज, अमीनाबाद हो, गुइन रोड हो या नजीराबाद हो या कैसरबाग, लालबाग हो या फिर हजरतगंज। यहां कितनी ही किताबों की दुनिया बिरयानी-कवाब-नहारी-कॉफी में जज़्ब हो गईं। पेट और जबान के जायके ने दिमाग के हिस्से की खुराक निगल ली और हम अपनी चमचमाती गलियों से इठला के बोले, हमारे यहां आइए, आपको क्या ही जायकेदार खाना खिलवाते हैं। हम किसे बताएं कि हमने यह पहचान मिटाकर जायके की पहचान ओढ़कर, एक बहुत ही सस्ता सौदा किया है।

-फेसबुक वॉल से

रास्ता बताने से चोखा काम और कोई नहीं

जानते हैं आप, दुनिया की सबसे बड़ी दिक्कत क्या है? हमें पते का पता नहीं है। कहां से आए थे? कहां जाना है? किसके पास जाना है? क्यों जाना है? कब जाना है? आने जाने के बीच क्या करना है? कुछ अता-पता ही नहीं। अकल की दाढ़ उगने के बाद आदमी जिंदगीभर इसी उहापोह में फंसा रहता है। अक्लमंद तलाशता है, जो उसके इन सवालों का जवाब दे सके। सही सच्चा रास्ता दिखा सके और मजे की बात देखिए, उसे हर गली चौराहे नुक्कड़ पर अपनी खटिया बिछाए ऐसे खुदाई खिदमतगार मिल भी जाते हैं।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भव:। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता ? खुद से पूछ कर भी मंजिल हासिल की जा सकती है।

ये अक्लमंद दिखते कैसे हैं? आमतौर पर सर के बाल, दाढ़ी बढ़ी होती है उनकी। खाया पिया आदमी। चोगा टोपी के साथ तरह-तरह की मालाएं पहनी हुई हो उसने तो कोई ताज्जुब नहीं। उसके माथे पर भभूत तिलक जैसा भी कुछ हो सकता है। उसने या तो धोती पहनी होगी या पायजामा। आपपास जाते हैं उसके। उसे उम्मीदों से तकते हैं। पर अक्लमंद मुफ्त में आपके सवालों का जवाब दे दे तो वो खाक अक्लमंद हुआ। ऐसे में वो आपकी जेब टटोलता है। झोले की तलाशी लेता है। उसके ऐसा करते वक्त आप गाफिल रहें इसके लिए वो लच्छेदार बातों में उलझाता है आपको। डराता है। सब्जबाग दिखाता है। भरोसा दिलाता है। उसके आप बातों में आ ही जाते हैं। चल पड़ते है उसकी दिखाई दिशा में, पर उसके बताए घुमावदार रास्ते आपको कहीं नहीं ले जाते। भटकते हैं, आप। थकते हैं और फिर कोई और मिल जाता है आपको। वो जांचता परखता है आपको। तसल्ली देता है। सही रास्ता बताने का दावा करता है। अपने बताए रास्ते को ही सही ठहरता है। खुद ठग होता है और दूसरों को लुटेरा साबित करता है। आप फिर बातों मे आते हैं। फिर कहीं न पहुंचने वाला सफर आपके हिस्से आता है। पूछने भटकने का सिलसिला इसी तरह जारी रहता है और रास्ता बताने वाले मालदार होते जाते हैं। रास्ता बताने से चोखा काम और कुछ नहीं। हींग लगे न फिटकिरी वाला मामला। रास्ता पूछने वाला आमतौर पर हैरान परेशान होता है। डूब रहा होता है और तिनके का सहारा ढूंढता है। बहुत से रास्ता पूछने वाले शार्ट कट के चक्कर में भी होते हैं। ऐसे में रास्ता बताने वाला उम्मीद सा दिखता है उन्हें और वो अपनी जेब ढीली करने के लिए तैयार बने रहते हैं। मजे की बात यह कि रास्ता बताने वाला खुद कहीं नहीं जाता। खुद अपने बताए रास्ते पर नहीं चलता। उसे खूब पता होता है कि उसका रास्ता बताना बस जबानी जमा खर्च है। उसके बताए रास्ते को कहीं पहुंचना ही नहीं है, पर यह धंधा है उसका। इसलिए वो बताता है रास्ता और इसके एवज में सामने वाले से दाम वसूल करता है।

क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भव:। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता? खुद से पूछकर भी मंजिल हासिल की जा सकती है और ऐसा न करना चाहे आप तो गूगल मैप किस मर्ज की दवा है कहां जाएं? कैसे जाएं? किस तरफ जाएं जैसे सवालों बाबत वह आपकी बाबा बैरागियों के बनिस्बत बेहतर मदद कर सकता है।

कैसा होगा आने वाला रामराज्य

श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम थे और उनका राज्य आदर्श था, जिसे मुहाविरे की तरह प्रयुक्त किया जाता है। राम ने निकृष्ट माने जाने वाले कुत्ते की प्रार्थना पर समाज में सबसे श्रेष्ठ मान्य ब्राह्मण को भी दंड दे दिया था। राम 'सत्य संध' यानी सत्य का संधान करने वाले कहे गए हैं। उनके कुल की रीति थी 'प्राण जाइं पर वचन न जाई'। इधर अयोध्या में प्रधानमंत्री द्वारा गाजे-बाजे के साथ राम की नई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठित कर देने के बाद अब 'रामराज्य' आने की बात कही जा रही है। इसकी आहट हफ्ते भर के अंदर ही आना शुरू हो गई है। हालांकि यह त्रेता नहीं, कलियुग है, अतः उस और इस रामराज्य में गुणात्मक संशोधन किए गए हैं। दो उदाहरण प्रस्तुत हैं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लालू यादव की राजद के साथ मिलकर सरकार चला रहे थे। कुछ समय पहले वे भाजपा से मिलकर सत्तारूढ़ थे। जब अंतर्विरोधों के चलते भाजपा और नीतीश अलग हुए तो भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर कर्ता-धर्ता गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि 'अब नीतीश के लिए भाजपा/एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यही नहीं नीतीश ने भी कहा था कि 'अब हम मरना पसंद करेंगे, लेकिन भाजपा के साथ नहीं जाएंगे'। इसके बावजूद दोनों ने अपने-अपने वचन भंग कर दिए और मिलकर सरकार बना ली। यानी अब जो रामराज्य स्थापित होगा, उसमें वचन पालन वाला अनुच्छेद डिलीट कर दिया जाएगा और सत्ता पर काबिज होना ही ध्येय होगा। दूसरा उदाहरण चंडीगढ़ का है, जो केंद्र शासित क्षेत्र है, यानी यहां शासन केंद्र का सत्तारूढ़ दल प्रशासक के माध्यम से शासन चलाता है। यहां मेयर का चुनाव हुआ जिसमें पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह नियुक्त किए गए, उपायुक्त द्वारा नामांकित नगर निगम सदस्य हैं और भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े रह चुके हैं। मेयर का चुनाव यहां जनता से नहीं पार्षदों द्वारा होता है। पार्षदों की संख्या 35 है। एक वोट सांसद का भी होता है, जो भाजपा की किरन खेर हैं। भाजपा के 14 पार्षद हैं और उन्हें अकाली दल के एकमात्र सदस्य का समर्थन प्राप्त था। इस तरह उनके मेयर प्रत्याशी को ईमानदारी से 16 मत मिल सकते थे। शेष 20 कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के थे, जो मिलकर यह चुनाव लड़े थे।

इस स्पष्ट गणित के होते हुए भी भाजपा के मेयर प्रत्याशी मनोज सोनकर विजयी घोषित हो गए। पीठासीन अधिकारी ने कांग्रेस+आप गठबंधन के आठ वोट अवैध घोषित कर दिए। कहा गया कि इन मत पत्रों में निशान लगे हैं जिससे ये वैध नहीं रहे। पराजित गठबंधन का आरोप है कि पीठासीन अधिकारी ने ही ये निशान लगा दिए और एक ऐसा वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें अनिल मसीह कुछ लिखते हुए दिख रहे हैं। विवाद जारी है, किंतु प्रथम दृष्ट्या अन्याय हुआ साफ प्रतीत हो रहा है। खास तौर पर तब जब पीठासीन अधिकारी वह बने, जो एक प्रत्याशी की पार्टी का ही हो। इन नमूनों से आने वाले रामराज्य के स्वरूप की पदचाप स्पष्ट सुनाई दे रही है।

एक नजर

नवागत सीडीओ ने ग्रहण किया कार्यभार

बाराबंकी, अमृत विचार : आईएएस सुथान अब्दुल्ला ने गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। सुथान अब्दुल्ला 2020 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और इससे पूर्व वह प्रयागराज में बतौर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य कर चुके हैं। वह मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले हैं।

70 लीटर शराब के साथ सात आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने गुरुवार को 70 लीटर शराब के साथ सात आरोपियों को दबोचा। उसके बाद थाने लाकर सभी आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। जैदपुर पुलिस की टीम ने बैशपुर मजरे बलछत निवासी गोबिंद गौतम, कोठी थाने के लालपुर निवासी दुखीराम, सतरिख थाने के बबुरिहा मजरे जरमापुर निवासी रामकुमार व जैदपुर के शाह कटरा मोहल्ला निवासी नियाज को 40 लीटर शराब के साथ दबोचा। असंद्रा थाने की पुलिस टीम ने 17 लीटर शराब के साथ पंजावा मजरे जलालपुर निवासी रामू निषाद को गिरफ्तार किया। टिकैतनगर पुलिस की टीम ने 13 लीटर शराब के साथ बसंतपुर निवासी रामदेव और खमौली निवासी उत्तरी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की।

पुरानी रंजिश में मारपीट केस दर्ज

करनैलगंज, गोंडा : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हड़िया गाड़ा निवासी अंकित सिंह की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। जिसमे रवि सिंह, अंकित सिंह व संतोष सिंह निवासी ग्राम हड़ियागाड़ा का नाम शामिल है।

चुनाव में जब्त होने वाली वस्तुएं आयोग के एप में की जाएंगी फीड

बैठक में डीएम ने अफसरों को पढ़ाया पाठ, सीडीओ को बनाया गया स्वीप का प्रभारी

निर्देश

- त्रुटिरहित होना चाहिए ईवीएम का मैनेजमेंट
- स्वीप की गतिविधियों की बढ़ायी जाए रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

लोकसभागार में निर्वाचन से संबंधित बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

अमृत विचार: ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण कार्य प्रशिक्षण है, प्रशिक्षण की व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव व्यवस्था को बेहद साफ़ सुथरा और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों को स्वयं अच्छा कार्य करने की प्रेरणा अपने अंदर से आनी चाहिए। चुनाव की व्यवस्था में किसी तरह की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। चुनाव में जब्त होने वाली वस्तुओं का विवरण चुनाव आयोग के एक एप पर फीड करना होगा, यह व्यवस्था पहली बार लागू हो रही है।

ज़िलाधिकारी गुरुवार को लोक सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सम्बंध में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि ईवीएम से सम्बंधित पूरा मैनुअल सम्बंधित सभी अधिकारी और कर्मचारी जरूर पढ़ लें, बल्कि इसे कंठस्थ कर लें। इससे जुड़ी हर बात जो मैनुअल में लिखी है और चुनाव आयोग के दिशानिर्देश प्राप्त हुए हैं, उन्हें अक्षरशः लागू किया जाना होगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम मैनेजमेंट त्रुटिरहित होना चाहिए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की गलती अक्षम्य होगी।

उन्होंने कहा कि ज़ब्ती की सारी कार्रवाई अबकी बार ऑनलाइन होगी। इसके अलावा स्वीप की गतिविधियों की रफ्तार को तत्काल बढ़ाया जाए। सभी कॉलेजों से लेकर विद्यालयों तक में हर सप्ताह के कार्यक्रमों को लागू किया जाए। उन्होंने स्वीप का प्रभारी अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी को बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन बूथों पर पिछले चुनाव में तीस प्रतिशत के आसपास वोट पड़े हैं, उन क्षेत्रों में मताधिकार के प्रयोग के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए और स्थानीय स्तर पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। बैठक में प्रमुख रूप से नवागत मुख्य विकास अधिकारी सुथान अब्दुल्ला, एडीएम अरुण सिंह, एएसपी एसएन सिन्हा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा बर्नवाल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

पोल से टकराई बेकाबू कार, 15 गांवों की बिजली हुई बाधित

रुपईडीह, गोंडा : बुधवार की रात लखनऊ से बलरामपुर की तरफ जा रही कार कौड़िया थाना क्षेत्र के बनगाई गांव के निकट अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से अचानक टकरा गई। कार के टकराने से बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया और 15 से अधिक गांवों की बिजली गुल हो गयी। हादसे में कार चालक मामूली रूप से जख्मी हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर विद्युत उपकेंद्र आर्यनगर के अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह ने लाइनमैन रघुनाथ मिश्र के साथ पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी हासिल की। जेई ने बताया कि इस घटना से क्षेत्र के उमरा, हरखापुर, गुरुदियापुर, बनगांई, पूरे पाठक अड़बड़वा खम्हरिया आदि गांवों को मिलाकर 15 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। इस घटना के बारे में विभागीय अधिकारियों से वार्ता करने के बाद पुलिस को तहरीर दी जाएगी। क्षेत्र में ठप पड़ी बिजली व्यवस्था को शीघ्र ही बहाल किए जाने के लिए लाइन की मरम्मत की जा रही है। हालांकि इसमें 24 घंटे से अधिक का समय लग सकता है। इसलिए उपभोक्ताओं को शुक्रवार तक इंतजार करना होगा। शुक्रवार तक सभी गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल हो सकेगी।

अदालत के आदेश पर सचिव समेत दो पर केस

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार: ब्लॉक बनीकोडर अंतर्गत पूरे पोखई मजरे गुनौली निवासी सुनील ने कोर्ट के आदेश पर पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत अपात्र व्यक्ति व सचिव पर केस दर्ज कराया है। फतेहगंज में अपात्र शिव प्रकाश को आवास दिया गया। ग्राम पंचायत सचिव विपिन कुमार पर भ्रष्टाचार कर रुपए निकालने का आरोप लगाया। बताया कि शिव प्रकाश के पास बाइक व पक्का मकान है। सचिव ने अपात्र शिव प्रकाश का नाम नहीं हटाया व पहली किस्त भी भेज दी। उसने बताया कि रामसनेहीघाट कोतवाली व एसपी को प्रार्थना पत्र देने पर भी कार्रवाई नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सचिव व ग्रामीण के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पेड़ काटने वालों पर केस दर्ज करने की तैयारी

हैदरगढ़, बाराबंकी

- कर्बला की भूमि पर लगे पेड़ों के काटने की हुई थी शिकायत

अमृत विचार : विकास खंड की बीजापुर ग्राम पंचायत में कर्बला भूमि की बाउंड्री कराने के नाम पर उसकी भूमि पर लगे कई दर्जन हरे भरे पेड़ों को ठेकेदार के हाथों बेच दिया गया। गांव निवासी गोविंद पाठक की शिकायत पर राजस्व कर्मियों द्वारा की गई जांच में शिकायत सही पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की तैयारी की जा रही है।

गांव में कर्बला की भूमि की बाउंड्री कराने के नाम पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा कर्बला की भूमि के साथ राजस्व अभिलेखों में दर्ज चरागाह व बंजर भूमि पर लगे करीब पांच दर्जन हरे - भरे विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों को गुपचुप तरीके से काटने व लकड़ी उठा ले जाने का आरोप शिकायत कर्ता ने लगाया था। उसने उच्च स्तरीय जांच की मांग कर इस मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाही की मांग की थी। इसके बाद राजस्व प्रशासन द्वारा जांच कराई गई।

तहसीलदार शशि त्रिपाठी ने बताया कि जांच में मामला सही पाए जाने पर दोषी पाए गए लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है।

छुआछूत की बीमारी नहीं कुष्ठ रोग

जागरूकता अभियान

हैदरगढ़, बाराबंकी

कुष्ठ रोग के प्रति लोगों को जागरूक करता जादूगर। अमृत विचार

अमृत विचार : स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाए जा रहे कुष्ठ पखवाड़ा के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय से आए जादूगर मुकेश देव एवं उनकी टीम द्वारा जादू के माध्यम से कुष्ठ रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ शुक्ला ने इस रोग के उपचार के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कुष्ठ पीड़ित व्यक्ति किसी भी सामान्य व्यक्ति की तरह सामान्य एवं सम्मानित जीवन जी सकता है। उन्होंने कुष्ठ रोग के लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि कुष्ठ रोग छुआछूत का रोग नहीं है और पुराना से पुराना कुष्ठ रोग लगातार इलाज से दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल देवी प्रसाद यादव, स्वास्थ्य कर्मी, आशा बहू, एएनएम आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मौके पर मौजूद रही।

कृष्ण जन्म की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

बनीकोडर, बाराबंकी

कथा व्यास डॉ. महीधर शुक्ला।

अमृत विचार : भगवान जड़ और चेतन में समान रूप से विद्यमान हैं। यही विश्वास प्रह्लाद को परमानंद की साधना तक ले गया और उन्हें सिद्धि मिली। ग्राम जरौली में गजोधरनाथ तिवारी के आवास पर हो रही चौथे दिन की श्रीमद्भागवत कथा में प्रसिद्ध कथा व्यास डॉ. महीधर शुक्ला ने ये बातें कहीं।

उन्होंने आगे कहा कि पृथ्वी पर जब-जब ईश्वर भक्तों पर आतताइयों और दैत्यों ने प्रहार किया। भगवान को अवतार लेकर उन्हें मारना पड़ा। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की कथा को बहुत ही मनोरम प्रस्तुति देते हुए कहा कि कंस समेत उसके अन्य सभी दैत्य समूहों को नष्ट करने के लिए ही प्रभु श्रीकृष्ण ने मथुरा में जन्म लिया तथा धर्म की स्थापना की। कथा के दौरान बहुत ही मनोरम झांकी श्रीकृष्ण के जन्म की सजाई गई। इस आयोजन में राजेंद्र पाठक, राजू पांडे, मनोज शुक्ला, माताफेर तिवारी, शिवदास तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए उमड़े भक्त

कथा सुनाती कथावाचिका प्रीति।

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : कस्बा के शिव मन्दिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन अयोध्या धाम से पधारी कथावाचिका प्रीति ने कहा तुंगभद्रा नदी के तट पर आत्मदेव नामक एक व्यक्ति रहता था। उसकी पत्नी का नाम धुंधुली था। वह झगड़ालू किस्म की थी। बुढ़ापे में संतान का मुख देखने को नहीं मिलेगा तो पिंडदान कौन करेगा। इसे लेकर वह परेशान रहता था। वह आत्मदेव दुखी मन से आत्महत्या के लिए कुआं में कूदने वाला था तभी एक ऋषि ने उसे बचा लिया। ऋषि ने पूछा क्यों आत्महत्या करने जा रहे हो। इसके बाद ऋषि की बात को सुनकर आत्मदेव ने कहा ऋषिवर मेरे एक भी संतान नहीं है ऋषि ने एक फल दिया और कहा कि इसे पत्नी को खिला देना, इससे एक संतान की प्राप्ति होगी। पत्नी ने फल नहीं खाया। एक दिन उसकी बहन घर आई। उसने कहा मैं गर्भवती हूं। प्रसव होने पर बच्चा तुम्हें दे दूंगी। कुछ दिन के बाद धुंधुली को उसकी बहन ने बच्चा दे दिया। इसके बाद संतान को देखकर आत्मदेव बड़ा खुश हुआ। बच्चे का नाम एक विद्वान पंडित ने धुंधकारी रख दिया।

रजिस्टर में दर्ज करें मरीजों का विवरण

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : एसडीएम ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी में आने वाले मरीजों का विवरण रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। गुरुवार को एसडीएम नेहा व्याडवॉल ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। प्रधानाध्यापक बृजेश शुक्ला को विद्यालय की साफ सफाई के साथ शौचालयों में स्वच्छता रखनें के निर्देश दिए। वहीं सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनन्द कुमार सिंह व ग्राम सचिव कुलदीप श्रीवास्तव को विद्यालय प्रांगण में सफाई कर्मी भेज कर सफाई कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने संयुक्त चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अधीक्षक डॉ. नीरज वर्मा के साथ ओपीडी रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएमएस नीलम गुप्ता एवं सीएचसी अधीक्षक डॉ. सन्तोष सिंह से ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या की ली। उन्होंने कहा कि ओपीडी में आने वाले मरीजों का विवरण दर्ज करें। साथ ही निरीक्षण में मिली कमियों को समय पर दुरुस्त करें।

जीने का तरीका सिखाती है भागवत

टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : श्री दुर्गा पूजा पंडाल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन काशी से आए कथा वाचक अनुराग कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भागवत जीवन जीने का तरीका सिखाती है। उन्होंने राजा परीक्षित के प्रसंग सुनाया इसके बाद श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। आचार्य शुभम् कुमार मिश्रा, पं ओंकार नाथ तिवारी व इंद्र प्रकाश पांडेय जी ने भागवत कथा को भव्य बना दिया इस मौके पर युगल किशोर शुक्ल कमलाकांत द्विवेदी, रमेश, भैरव प्रसाद शुक्ल, आलोक, नितिन, उदय गुप्ता, शिवम् पाण्डेय, रीतेश, शिवकुमार, अखण्ड प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

गला दबाकर की गई थी मजदूर की हत्या

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार: पूर्व सांसद के आवास के समीप निर्माणाधीन मकान में मिले मजदूर के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल गई। जिसमे की गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है।

बुधवार को नगर कोतवाली के ओबरी स्थित पूर्व सांसद पी एल पुनिया के आवास के समीप दीपक अवस्थी का निर्माणाधीन मकान में तीन वर्षो से रहकर मजदूरी करने वाले जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के गनौरा निवासी रामू पाण्डेय 44 का शव मिला था। उसके गले पर निशान मिले थे। ऐसे में उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही थी। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरूवार को मजदूर के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई। इस पर पुलिस ने मृतक के भाई श्यामू को सूचना देकर तहरीर देने के लिए बुलाया है। सीओ सिटी डा. बीनू सिंह ने बताया कि मजदूर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई है।

दुष्कर्म के आरोपितों पर लगा गैंगस्टर

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार: युवती से दुष्कर्म के मामले में जेल भेजे गए आरोपियों पर पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि बीते वर्ष 6 दिसंबर को राहुल व मनोज ने कथित साधु का भेष बनाकर रामनगर के एक गांव में झाड़ फूंक के बहाने युवती के घर में घुसकर उससे दुष्कर्म किया था। पुलिस ने मौके पर ही अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया था। इस मामले में विवेचक के द्वारा दुष्कर्म करने वालों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है। रामनगर पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई के लिए अनुमोदन डीएम के यहां भेजा गया था।

दिलचस्पी अधिक पॉवर वाले सोलर पंप में दिलचस्पी नहीं ले रहे अन्नदाता

किसानों की पहली पसंद दो हॉर्स पावर के सोलर पंप

- 60 फीसदी अनुदान फिर भी बोरिंग का बोर बना मुसीबत

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी

अमृत विचार: किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए 60 फीसदी अनुदान पर मिलने वाले दो हार्स पॉवर के सोलर पंप किसानों की पहली पसंद बन गए हैं। वहीं तीन हॉर्स पावर व उससे अधिक पॉवर वाले सोलर पंप के प्रति किसान दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

यह तथ्य सोलर पंप की ऑनलाइन बुकिंग के बाद सामने आई। इसके पीछे की सबसे बड़ी बजह अधिक पॉवर के सोलर पंप के लिए किसानों के पास पहले से मौजूद चार इंची बोरिंग से अधिक का बोर कराना है। जिस पर होने वाला खर्च किसानों के लिए मुसीबत है।

प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत सरकार किसानों को दो हॉर्स पॉवर से लेकर 10 हॉर्स पॉवर तक के सोलर पंप 60 फीसदी अनुदान पर दे रही है। इसको लेकर जिलेवार लक्ष्य तय किया गया तो ऑनलाइन सोलर पंप की बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई। जिले में सभी प्रकार के 420 सोलर पंप का लक्ष्य तय किया गया था। मगर, बुकिंग शुरू होने के काफी वक्त बाद तक महज 269 किसानों ने ही सोलर पंप के लिए अपनी बुकिंग कराई। इस आंकड़े को देखें तो किसानों की पहली पसंद दो हॉर्स पॉवर के सोलर पंप हैं। तीन हॉर्स पॉवर व उससे अधिक के सोलर पंप लेने में किसान दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। हालांकि पांच हार्स पावर व 10 हार्सपॉवर के सोलर पंप के लिए फैक्ट्री व फॉर्म हाउस वाले किसानों ने बुक किया है। किसानों से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि दो हॉर्स पॉवर के सोलर पंप लेने से पुरानी उनकी चार इंच की बोरिंग का प्रयोग हो जाता है। वहीं तीन हॉर्स पॉवर से पांच हॉर्स पॉवर के सोलर पंप के लिए छह इंची और साढे. सात से 10 हॉर्स पॉवर के पंप के लिए आठ इंच की बोरिंग होना जरूरी होता है। ऐसे में बोरिंग पर अतिरिक्त 75 हजार से एक लाख तक का खर्च आता है।

लक्ष्य के अनुरूप कम हुई है सोलर पंप की बुकिंग

प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत अनुदानित सोलर पंप की बुकिंग लक्ष्य के अनुरूप कम हुई है। दो हॉर्स पॉवर के सोलर पंप तो दो दिन में ही बुक हो गए। हालांकि तीन हॉर्स पॉवर व साढ़े सात हार्स पॉवर के सोलर पंप की लक्ष्य के अनुरूप बुकिंग काफी कम हुई है। किसान बुकिंग कराकर इसका लाभ ले सकते है। अब तक बुकिंग कराने वाले किसानों को पांच फरवरी तक सोलर पंप की धनराशि बैंक खाते में जमा करनी होगी।

-श्रवण कुमार, उप कृषि निदेशक

कार्यालय क्षेत्र पंचायत-कटरा बाजार, गोण्डा

पत्रांक- मेमो/लेखा पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2023-24, दिनांक- 01/ 02/2024

अल्प कालीन निविदा

लोक निर्माण विभाग/जिला पंचायत/अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग द्वारा क्षेत्र पंचायत कटरा बाजार को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना 2023-24 की निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण हेतु मोहर बन्द निविदायें प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.02.2024 से दिनांक 12.02.2024 तक कार्यालय अवधि में विकास खण्ड मुख्यालय पर नगद मूल्य देकर अपरान्ह प्राप्त कर सकते है। निविदायें दिनांक-13.02.2024 को अपरान्ह 03 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	कार्य की लम्बाई (मी0 में)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि	निविदा फार्म का मूल्य 12% जी0एस0टी0 सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	परसियरानी सिसई में काली जी के स्थान से सहदेव के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	115मी0	9.964	49820	560	03 माह
2	बौनापुर में प्रधानमन्त्री सडक से काली जी के स्थान तक इण्टरलाकिंग कार्य	215मी0	9.956	49780	560	03 माह
3	बौनापुर मे प्रधानमंत्री सडक से केशवराम शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	215मी0	9.956	49780	560	03 माह
4	महापारा में पक्की सडक से हौसिला प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	215मी0	9.956	49780	560	03 माह
5	विरवा में कोरी पुरवा से बाबा पुरवा तक इण्टरलाकिंग कार्य	215मी0	9.956	49780	560	03 माह
6	रामापुर गांव में साधू शुक्ला के घर से कुम्हारन टोला तक इण्टरलाकिंग कार्य	215 मी0	9.956	49780	560	03 माह
7	पैडीबरा के वैघपुरवा में पी0डब्लू0डी0 रोड से शिवबरन मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	215 मी0	9.956	49780	560	03 माह
8	लक्ष्मनपुर में पिटू सिंह के घर से दलपत सिह के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य	215 मी0	9.956	49780	560	03 माह
9	बौनपुर में शीतला प्रसाद के खेत से करिया शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	100 मी0	4.681	23405	560	03 माह
10	परसियारानी में राम तेज यादव के बोरिंग से जय नरायन यादव के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य	215 मी0	9.956	49780	560	03 माह
11	भरथा इटहिया में पी0डब्लू0डी रोड से राजेन्द्र के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य	100 मी0	4.666	23330	560	03 माह
12	भरथाइटहिया के इटहिया में काली स्थान से राम देव के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	100 मी0	4.681	23405	560	03 माह

निविदा हेतु निर्धारित शर्त-

7. प्रत्येक कार्य/परियोजनाओं पर उपरोक्तानुसार कॉलम 5 में अंकित धरोहर की धनराशि का 5 प्रतिशत अंश निविदा के साथ एन0एस0सी0/ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी, कटरा बाजार पक्ष में बन्धक होगा। शेष धरोहर धनराशि 08 प्रतिशत भुगतान के समय देय होगा अथवा कटौती कर ली जायेगी।
8. निर्धारित समय सीमा के पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
9. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग / परिलेखन मान्य नहीं होगा।
10. निविदा फार्म पर दर उल्लेख अंको एवं शब्दों में लिखना होगा।
11. बिना कोई कारण स्पष्ट किये अथवा निविदा को स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
12. निविदादाता को निविदा के साथ टी-6, बिड सिक्योरिटी, पैन, आधार, पंजीकृत प्रपत्र, जी0एस0टी0, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
कटरा बाजार, गोण्डा।

प्रमुख
क्षेत्र पंचायत-कटरा बाजार, गोण्डा।

रायबरेली में सूची के ब्लॉक बनने की उम्मीद

विधायकों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर कई विकास कार्यों के रखे प्रस्ताव

परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार : सलोन विधानसभा का सूची गांव आने वाले समय में ब्लॉक बन सकता है। इसकी मांग सलोन विधायक अशोक कुमार ने मुख्यमंत्री से मिल कर की है। विधायक ने इसके अलावा भी क्षेत्र के विकास को लेकर कई मांगे मुख्यमंत्री से की है।

बुधवार को सलोन विधायक अशोक कुमार ने सदर विधायक अदिति सिंह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की थी। विधायक ने सलोन विधान सभा में करोड़ों रुपये की सड़कें स्वीकृत होने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही सलोन विधान सभा के विकास को लेकर मुख्यमंत्री के सामने कई मांगें भी रखी। विधायक ने बताया कि सूची गांव सलोन-रायबरेली मार्ग पर है। क्षेत्र के लोग काफी समय से ब्लॉक बनाने की मांग कर रहे थे। इसलिए उसे ब्लॉक बनाने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है। इसके अलावा छतोह ब्लॉक में राजकीय हाईस्कूल को इंटरमीडिएट तक करने और डीह ब्लॉक में रोखा से विरनावां तक मार्ग बनवाने की मांग की गई है। सूची व विरनावां में पीएचसी और सीएचसी केंद्र बनवाने के लिए भी अनुरोध किया गया है।

सूची ग्राम पंचायत का द्वार। अमृत विचार

सूची गांव एक नजर में

- जिला मुख्यालय से दूरी - 25 किलोमीटर
- सलोन तहसील से दूरी 12 किमी.
- गांव में कुल मजरे - 15
- कुल परिवार - 1070
- कुल जनसंख्या - 7094
- ग्राम प्रधान - अनीता देवी
- ग्राम विकास अधिकारी - मनीष

मुख्यमंत्री ने दी बधाई

विधायक ने बताया कि बीते 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर सलोन में हुए कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री जी ने उन्हें बधाई भी दी है।

मुख्यमंत्री से मिलकर करोड़ों रुपये की सड़कें स्वीकृत करने पर स्मृति ईरानी व अपनी तरफ से आभार व्यक्त किया। इसके अलावा सूची को ब्लॉक बनाने सहित कई मांगे मुख्यमंत्री जी से की गई हैं।
-अशोक कुमार, विधायक सलोन

राजा भइया पर टिप्पणी में सपा के राष्ट्रीय महासचिव को कोर्ट ने किया तलब

प्रतापगढ़, अमृत विचार : एमपी-एमएलए कोर्ट ने सपा नेता इंद्रजीत सरोज को चुनाव प्रचार के दौरान राजा भइया पर अभद्र टिप्पणी मामले में तलब किया है। कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कुमुद उपाध्याय की कोर्ट ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव कौशाम्बी के विधायक इंद्रजीत सरोज को समन जारी किया है। कुण्डा विधायक व जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट में वाद प्रस्तुत कर आरोप लगाया कि 4 मई 2019 को कौशाम्बी के अंतर्गत कुण्डा, बाबागंज, चायल, मंझनपुर, सिराथू में जनसभा के दौरान सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने सांप्रदायिक भावनाओं को नष्ट करने का प्रयास कर आपत्तिजनक टिप्पणी की। कोर्ट ने इंद्रजीत सरोज को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 के अंतर्गत तलब किया। आरोपित के उपस्थित होने को अगली तिथि 12 फरवरी निश्चित की है।

राम मंदिर क्षेत्र से जुड़े स्थलों पर बढ़ाई सुरक्षा

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भक्तिपथ पर तैनात एसएसबी के जवान। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद परिसर के तरफ सभी मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। राम जन्मभूमि परिसर क्षेत्र के आसपास 140 सीसी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा जबकि 50 से अधिक बैरियर भी लगाए गए हैं। सभी बैरियर पर पीएसी और सिविल पुलिस के साथ आरएएफ और एसएसबी के जवानों को तैनात किया गया है।

- रामकोट क्षेत्र में तैनात हुए सीमा सुरक्षा बल के जवान

आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि देश-विदेश से श्रद्धालु आ रहे हैं। उन्हें सुगमतापूर्वक दर्शन कराने के साथ उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सिक्योरिटी कवर दिया गया है। साथ ही कुछ प्रमुख मार्गों पर नो पार्किंग जोन में वेंडिंग जोन किया गया है।

एक नजर

मेले में 207 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार : दरियाबाद विकास खंड परिसर में जिला सेवायोजना कार्यालय की ओर से बृहद रोजगार मेला व नियुक्ति पत्र वितरण का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडेय रहे। ब्लॉक परिसर में आयोजित रोजगार मेले में क्षेत्र के 448 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों में इलेक्ट्रानिक, हर्बल, फर्टिलाइजर आदि की कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए। स्टॉल पर अभ्यर्थियों ने अपना बायोडाटा व शैक्षिक प्रमाण पत्र जमा किए। इस मेले में हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा उत्तीर्ण को मौका दिया गया। चयन साक्षात्कार के आधार पर किया गया। ब्लॉक में ही 207 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी अनिल सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

सड़क पार कर रहे वृद्ध को ट्रक ने रौंदा, मौत

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : साइकिल खड़ी करने के बाद पैदल सड़क पार कर रहे बुजुर्ग की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसा गुरुवार की शाम हैदरगढ़- भिटरिया मार्ग पर असंद्रा थाने से ढाई सौ मीटर दूर भटिया मोड़ के समीप नहर पुलिया पर हुआ। थाना क्षेत्र के गढ़ी पट्टी सैयद मजरे असंद्रा गांव निवासी गुरु प्रसाद (70) साइकिल से असंद्रा बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान असंद्रा नहर पुलिया के सड़क के किनारे साइकिल खड़ी कर पैदल सड़क पार कर रहा था। तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया। हादसे में मौके पर ही बुर्जुग की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया।

अयोध्या में पर्यटकों के लिए विमान सेवा का किराया रखा गया अलग-अलग

स्पाइस जेट की सीधी विमान सेवा से लगेंगे पंख

स्पाइसजेट के प्रथम यात्री को बोर्डिंग पास देते जिलाधिकारी नितीश कुमार।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम भक्तों को पर्यटकों के लिए गुरुवार से स्पाइसजेट की 8 शहरों से शुरू हुई विमान सेवा का किराया भी अलग-अलग है।

स्पाइसजेट की वेबसाइट के अनुसार अयोध्या से दिल्ली का किराया 3500 रुपये है, जबकि दिल्ली से अयोध्या का किराया 3804 रुपये है। यही किराया रविवार को बढ़ाकर 4328 रुपये है। अयोध्या से अहमदाबाद का किराया 4499 रुपये, मुंबई का अलग -अलग तिथि में किराया 5159 से 6471 तक है। अयोध्या से बंगलुरु का किराया 8245 से लेकर 9191 तक है।

फ्लाइट	प्रस्थान	आगमन	आवागमन
चेन्नई-अयोध्या	12:50	15:25	नियमित
अयोध्या-चेन्नई	16:10	18:40	नियमित
अहमदाबाद-अयोध्या	5:55	8:00	नियमित (बुधवार छोड़कर)
अयोध्या-अहमदाबाद	12:30	14:25	नियमित (बुधवार छोड़कर)
जयपुर-अयोध्या	7:15	9:00	2,4,6&7
अयोध्या-जयपुर	16:00	17:45	2,4,6&7
पटना-अयोध्या	14:10	15:15	2,4,6&7
अयोध्या-पटना	12:40	13:40	2,4,6&7
दरभंगा-अयोध्या	10:55	12:10	2,4,6&7
अयोध्या-दरभंगा	9:30	10:35	2,4,6&7
दिल्ली-अयोध्या	10:40	12:00	नियमित (बुधवार छोड़कर)
अयोध्या-दिल्ली	8:40	10:05	नियमित (बुधवार छोड़कर)
मुंबई-अयोध्या	8:20	10:25	नियमित
अयोध्या-मुंबई	10:55	13:20	नियमित
बंगलुरू-अयोध्या	10:50	13:30	1,3,5 &7
अयोध्या-बंगलुरू	14:10	16:45	1,3,5 &7

आज बाराबंकी पहुंचेंगे अखिलेश

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार को बेलहरा नगर पंचायत में आ रहे हैं। उनके आगमन को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। वे नगर पंचायत बेलहरा कार्यालय के निकट जनसभा को संबोधित करेंगे। नगर पंचायत बेलहरा कार्यालय के निकट आयोजित कार्यक्रम को लेकर सपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिख रहा है। रास्तों व चौराहों को सजाने के साथ उनके स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अयाज खां ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा मेधावियों को स्मार्टफोन वितरित कर जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं।

अगवा कर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: दलित किशोरी को घर से उठाकर एक सुनसान पड़े मकान में ले जाकर दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसकी सूचना पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट, पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा।

मामला टिकैतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की निवासिनी एक किशोरी को गांव के ही दो युवक बुधवार की शाम को घर से उठा ले गए। उसके बाद एक सुनसान मकान में ले जाकर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। इसकी सूचना पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट, पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। मामले की विवेचना कर रही सीओ रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक संजीत कुमार सोनकर की टीम ने दोनों आरोपी राम प्रसाद गौतम व अर्जुन लोधी को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। मामले की विवेचना कर रहे सीओ रामसनेहीघाट ने किशोरी के बयान के साथ चिकित्सीय परीक्षण कराने के साथ विवेचना शुरू की। घटना के बाद से किशोरी व उसका परिवार डरा-सहमा है।

घिनौना कृत्य

- दो युवकों ने खाली पड़े एक मकान में वारदात को दिया अंजाम
- सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

11 महीने में बन जाएगा राम मंदिर का शिखर

अयोध्या, अमृत विचार : निमार्णाधीन राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद मंदिर के शिखर तक के कार्यों को 11 महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। जिसको लेकर शुक्रवार से मंदिर निर्माण समिति के दो दिवसीय बैठक राम जन्मभूमि परिसर में होगी। इसके लिए गुरुवार शाम चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र यहां पहुंच गए हैं।

राम मंदिर में शेष के कार्य को पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिर के पश्चिम दिशा की ओर दो टॉवर क्रेन खड़ी की जा रहीं हैं। 15 फरवरी के बाद निर्माण कार्य के लिए मजदूरों को लगा दिया जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रथम तल के बाद दूसरे तल और शिखर का कार्य किया जाना है। परकोटे का निर्माण, परकोटे में बनने वाले मंदिर, यात्री सुविधा केंद्र और अन्य कार्य भी होने हैं। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय बैठक में कार्यों को प्रारंभ करने और निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने मंथन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब दिसंबर 2025 के पहले ही मंदिर के शिखर तक के कार्य को पूरा करना है।

हरदोई में बस चालक को आया हार्टअटैक, बाल-बाल बचे यात्री

हरदोई, अमृत विचार : सवारियां ले कर आ रहे रोडवेज बस ड्राइवर को रास्ते में ही हार्ट अटैक आ गया। सवारियों की जान बचाने के लिए उसने बस एक किनारे खड़ी कर दी। जब तक उसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जाता उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि कन्नौज जिले के सिकंदरपुर छिबरामऊ निवासी 42 वर्षीय मान सिंह पुत्र सोबरन सिंह कन्नौज डिपो में बस ड्राइवर था। गुरुवार को वह कन्नौज से सवारियां लेकर हरदोई के लिए रवाना हुआ। सेमरा चौराहा पहुंचते ही उसे घबराहट महसूस हुई। वह बस किनारे रोक कर नीचे उतर गया, कुछ सवारियां भी नीचे उतर गई। बस कंडक्टर सुरेंद्र ने बताया कि मान सिंह को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच उसकी मौत हो गई। बस में करीब 40 सवारियां थीं जो ड्राइवर की सूझबूझ से बाल-बाल बची।

वर्ग पहेली-330

बाएं से दाएं

1.1. हरा-भरा 2. हृष्ट-पुष्ट 3. उत्फुल्ल; प्रफुल्ल; आनंदमय।
5.1. अत्यंत भाग्यवान 2. पुण्यात्मा 3. सुविख्यात।
6. पानी रखने का छोटा घड़ा; छोटा गगरा; मटका।
7. विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अध्यापक के रूप में प्रशिक्षित होने की परीक्षा तथा उपाधि; (बैचलर ऑव एजुकेशन)।

ऊपर से नीचे

1.1. वह बड़ा कलछा जिससे शीरा निकाला जाता है; बड़ी डोई 2. ताड़ी चुआने की हाँड़ी; लबनी।
2.1. रमज़ान के महीने में मुसलमानों के द्वारा रखा जाने वाला प्रतिदिन का उपवास 2. रमज़ान का एक दिन।
3. नमस्कार; सलाम।
4.1. जागते रहने की अवस्था या भाव; नींद न आना; जागना 2. किसी उत्सव
5. मगरिब या पश्चिम का; पाश्चात्य; पश्चिमी।



वर्ग पहेली - 329 का हल

1 घा	2 ति	नी			3 टो	
	रं		4 भू		ड़ी	
5 अं	गा	रि	त			
			वा		6 धो	
7 ह	ठ	वा	दी		खे	
					बा	
	8 धाँ	ध	ले	बा	ज़	

चीफ प्रॉक्टर ने कहा-मुझसे बड़ा गुंडा कोई नहीं

ऑडियो वायरल

- भड़के छात्रों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के गेट पर की तालाबंदी, जमकर नारेबाजी

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: 'तुम गुंडई करोगे। तुम्हारी सारी गुंडई निकाल दूंगा। मुझसे बड़ा गुंडा कोई नही है। घर गिरा देंगे, सबक सिखा देंगे।' इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र अभिषेक की प्राक्टर के कार्यालय में कई घंटो तक पिटाई किये जाने के बाद छात्र आंदोलन ने तूल पकड़ लिया। प्रॉक्टर के कार्यालय में जिस छात्र के पिटाई के मामले को इविवि प्रशासन झूठ बता रहा था। उस छात्र की पिटाई का एक आडियो वायरल हो गया और सबके सामने आ गया। फिलहाल अमृत विचार पर वायरल आडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल आडियो के बाद बौखलाए छात्रों ने प्रॉक्टर को हटाने और दरोगा को निलंबित करने की मांग को लेकर गुरुवार को गेट ओर पहुंचकर तालाबंदी करते हुए हंगामा शुरु कर दिया।

इविवि के छात्र अभिषेक की पिटाई के मामले को लेकर मामला गरमाता जा रहा है। गुरूवार को वायरल आडियो में इस बात का खुलासा हुआ की विवि क्व प्रॉक्टर ने छात्र को बेरहमी से पीटा है। उसके साथ गाली गलौच की है। जबकि आडियो वायरल के पहले इस बात को विवि प्रशासन बेबुनियाद बता रहा था। आडियो में करीब 30 मिनट तक छात्र अभिषेक की बर्बरता से पिटाई की गयी है। इसके साथ कपड़े कपड़े उतरवा दिये गये। खुद को प्रॉक्टर ने गुंडा बताया है। इतना ही नही छात्र के घर को गिराने और जेल भेजने तक की धमकी दी है। गुरुवार को आडियो सामने आने पर आग बबूला हुए छात्र आक्रोशित होकर लाइब्रेरी गेट पर पहुंचकर हंगामा करते हुए तालाबंदी कर दिया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कुलपति के नाम एक संबोधित ज्ञापन भी डीएसडब्ल्यू को सौंपा है। छात्र चीफ प्राक्टर, सहायक प्राक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। एसएसएल छात्रावास के अंतेवासी अभिषेक गुप्ता ने चीफ प्राक्टर डा. राकेश सिंह, सहायक प्राक्टर डा. अतुल नारायण सिंह, डा. मृत्युंजय राव परमार, डा. विवेक द्विवेदी के साथ चौकी इंचार्ज पर भी पिटाई का आरोप लगाया है।

सुडोकू -47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

7	6			5		2		3
	3	9	6	1	8	5		
	5				7			
5	9						2	
	8			3			5	
	4						1	7
			4				3	
		4	2	7	3	9	6	
6		3		8			4	1

सुडोकू - 46 का हल

3	1	6	4	7	8	5	2	9
5	8	2	6	9	3	4	7	1
7	4	9	5	2	1	6	3	8
9	2	7	8	3	6	1	4	5
8	3	4	1	5	7	2	9	6
1	6	5	9	4	2	3	8	7
2	5	3	7	1	9	8	6	4
6	7	1	2	8	4	9	5	3
4	9	8	3	6	5	7	1	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 16.02 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.03-09.47, 12.42-13.26 तक।
दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 3 फरवरी 05.57 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज बुरे विचारों से स्वयं को अप्रभावित रखें। पड़ोसियों से झगड़ा होने की आशंका है। अपने खानपान में तेल मसाला युक्त खाद्यों का ज्यादा प्रयोग न करें। पारस्परिक रिश्तों में निकटता बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

वृष — आज पिता के साथ वैचारिक मतभिन्नता हो सकती है। कारोबार में आपेक्षिक प्रगति होगी। घर वालों के साथ अच्छा वक्त बिताने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके नेतृत्व में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आश्वस्त रहेंगे।

मिथुन — आज विरोधियों की संख्या में कमी आएगी। खर्चों पर नियंत्रण करने की कोशिश होगी। दोपहर के बाद अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास रहेगा। पारिवारिक कारणों से मन बेचैन हो सकता है। माइग्रेन का दर्द उभर सकता है।

कर्क — आज आवश्यक कार्यों में विलंब न करें। किसी यात्रा पर चलने का विचार बना सकते हैं। वाहन चलाते वक्त सावधान रहें। अति आत्मविश्वास आपको असफलता की ओर ले जा सकता है। दोपहर के बाद आपकी आलोचना हो सकती है।

सिंह — आज सरकारी कार्यों में आपको परेशानी हो सकती है। पुरानी समस्याओं से सीखने का प्रयास करना चाहिए। कल तक जिन कार्यों से व्यय हो रहा था, उनसे धन प्राप्त होगा। घर में मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

कन्या — आज व्यापार में नए प्रस्ताव मिल सकते हैं। मनोरंजक यात्रा का विचार बनाएंगे। घर में बिन-बुलाए मेहमान आ सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तनाव आने की आशंका है। नए संपर्कों का बेहतर लाभ उठाने का प्रयास करेंगे।

तुला — आज संध्या के समय कोई अच्छी खबर मिल सकती है। भविष्य के लिए नए व्यापार की योजना बनाएंगे। अपने शत्रुओं को कम आंकने की भूल न करें। कारोबार में नवीन प्रस्ताव मिल सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

वृश्चिक — आज अपने मित्रों और शुभचिंतकों पर व्यर्थ में शक न करें। मन में भावुकता और क्रोध का आधिक्य रहेगा। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों में कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

धनु — आज किसी मित्र द्वारा आपको करियर को लेकर अच्छी सलाह मिल सकती है। रियल एस्टेट में निवेश करने का विचार बनाएंगे। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले जातकों के लिए समय शुभ है।

मकर — आज नई योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए समय उत्तम है। अपने प्रेमी अथवा लवमेट्स को प्रपोज कर सकते हैं। संतान के व्यवहार से मन खिन्न रहेगा। आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ — आज विद्यार्थी करियर को लेकर कुछ लापरवाह हो सकते हैं। आपको पिता की सेहत का ध्यान रखना चाहिए। किसी से कोई वादा नहीं करना चाहिये। प्रतिष्ठित लोगों के समक्ष अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा।

मीन — आज दिन की शुरुआत तनावपूर्ण हो सकती है। आपको अपनी गुप्त बातें किसी से नहीं कहनी चाहिए। आत्मविश्वास की कमी के कारण निराशा का अनुभव कर सकते हैं। विदेशी भूमि पर रहने वाले जातकों के लिए दिन शुभ नहीं है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- एक द पॉवर ऑफ वन — सुबह : 11.15
- जख्मी सिपाही — रात : 07.00

SONY MAX
- तारा वर्सेज बिलाल — सुबह : 10.22
- हिंदी मीडियम — रात : 09.40

SONY PIX
- हेलबॉय — सुबह : 10.17
- जुमांजी — रात : 07.00

ZEE CINEMA
- इंटरनेशनल खिलाड़ी — सुबह : 10.30
- इंडिया लॉकडाउन — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- दुनिया — दोपहर : 12.02
- गोलमाल 3 — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति-यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

लड़की-पापा मुझे एक लड़का तंग करता है।
पिता-क्या सजा दूं उसे?
लड़की-मेरी शादी उससे करवा दो।
पिता-वाह बेटी वाह... सजा देने में बिल्कुल अपनी मां पर गई है।

प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री मोदी को किया आमंत्रित

नयी दिल्ली, एजेंसी : कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें उत्तर प्रदेश के सम्भल में 19 फरवरी को आयोजित होने वाले श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के लिए आमंत्रित किया।

मोदी से मुलाकात करने के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक्स पर कहा कि मुझे 19 फरवरी को होने वाले श्रीकल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसे स्वीकार करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद। कांग्रेस नेता के इस पोस्ट का जवाब देते हुए मोदी ने कहा कि आस्था और भक्ति से जुड़े इस पवित्र अवसर का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही भारतीय सेना : मनोज पांडे

पुणे, एजेंसी

▸▸ महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित कार्यक्रम को सेना प्रमुख ने किया संबोधित

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय सेना एक परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही है और इसने अभियानगत तैयारियों को और मजबूत करने के लिए व्यापक रूपरेखा तैयार की है। जनरल पांडे ने महाराष्ट्र के पुणे में 'बॉम्बे सैपर्स वॉर मेमोरियल सैंटिनरी' के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सेना की रेजीमेंट और अन्य यूनिट में अग्निवीरों का एकीकरण एक अहम मुद्दा है और इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनरल पांडे ने कहा कि बॉम्बे सैपर्स का इतिहास शौर्य, बलिदान और साहस से भरा है। इसने युद्ध के मैदान में, शांतिकाल में, खेल में और कई अन्य क्षेत्रों में अपनी कार्य कुशलता, दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण के माध्यम से नाम कमाया है।

उन्होंने कहा-राष्ट्र निर्माण कार्यों में बॉम्बे सैपर्स की भूमिका

महत्वपूर्ण है और मुझे विश्वास है कि यह सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा और भारतीय सेना का नाम ऊंचा रखेगा।

जनरल पांडे ने कहा-भारतीय सेना परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही है और इसके लिए इसने पिछले वर्ष व्यापक रूपरेखा तैयार की है। इस बदलाव का मकसद अभियानगत तैयारियों को और मजबूत करना साथ ही हमारी कार्य संबंधी और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाना है। हमने बदलाव की राह में अच्छी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के तहत भारतीय सेना का जोर 'कोर ऑफ इंजीनियर्स' में आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी का समावेश करना है। जनरल पांडे ने कहा-मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले वर्षों में ये प्रयास पेशेवर तथा अभियानगत तैयारियां बढ़ाएंगे और हम युद्ध की चुनौतियों का सामने करने के लिए भली भांति तैयार होंगे।

3 वकीलों पर अवमानना की कार्यवाही शुरू

मुंबई, एजेंसी

न्यायाधीश के खिलाफ मनगढ़ंत खबर प्रस्तुत करने का मामला

बंबई हाई कोर्ट ने एक जज पर आक्षेप लगाने संबंधी एक मनगढ़ंत खबर प्रस्तुत करने के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए 3 वकीलों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की है। अदालत के मुताबिक ऐसे कृत्य अदालत की गरिमा को कम करते हैं।

न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई और न्यायमूर्ति एन. आर. बोरकर की पीठ ने 29 जनवरी के अपने आदेश में कहा कि इस तरह के जानबूझकर, प्रेरित और अवमाननापूर्ण कृत्य न्याय प्रशासन को कमजोर करते हैं और इससे अदालत की गरिमा कम होती है। पीठ ने कहा कि धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार अमर मूलचंदानी की याचिका पर भीष्म पहुजा (एक वकील भी) ने अपने वकीलों जोहेब मर्चेंट और मीनल चंदनानी के माध्यम से एक अर्जी दी थी। मूलचंदानी ने अपनी याचिका में मामले को रद करने का अनुरोध किया था। आवेदन में वकीलों ने एक कथित समाचार क्लिपिंग को आधार बनाया जिसमें दावा किया गया था कि मामले की सुनवाई कर रहे हाई कोर्ट के जज के मूलचंदानी के साथ अच्छे संबंध थे और इसलिए मामला रद्द कर दिया जाएगा। आवेदन में याचिका को उच्च न्यायालय की दूसरी पीठ को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था।

धनखड़ ने उपसभापति पैनल का किया पुनर्गठन

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को उच्च सदन के लिए उपसभापति पैनल का पुनर्गठन किया। इसमें महिलाओं को समान हिस्सेदारी दी गई है। पैनल में आठ सदस्य हैं जिनमें चार महिलाएं हैं। इसमें अधिकतर सदस्य विपक्ष से हैं। पैनल में रमिलाबेन बेचारभाई बारा, सीमा द्विवेदी, अमी याज्ञिक, मौसम नूर, कनकमेदला रवींद्र कुमार, प्रभाकर रेड्डी वेमीरेड्डी, मनोज कुमार झा और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डीपी वत्स को शामिल किया गया है। सभापति और उपसभापति के उपस्थित नहीं होने पर उच्च सदन की कार्यवाही का संचालन उपसभापति पैनल के सदस्य करते हैं।

बर्फबारी से पहाड़ी इलाकों में बिछी सफेद चादर

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ उत्तराखंड के मैदानी जिलों में बारिश पर्वतीय जिलों में बारिश के साथ हल्का हिमपात

अमृत विचार : उत्तराखंड में मौसम ने करवट ली, प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश और हिमपात हुआ जबकि मैदान में बारिश हुई जिससे प्रदेश में एक बार फिर से शीतलहर बढ़ गई है। मौसम विभाग ने गुरुवार को राज्य के पिथौरागढ़, बागेश्वर, उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग में 3 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। तापमान में भी पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की आशंका जताई थी। चेतावनी के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ और मौसम का मिजाज बदल गया। बुधवार की देर रात चोटियों पर हिमपात और बारिश शुरू हुई जो गुरुवार तक जारी रही।

गुरुवार को रुद्रप्रयाग में ताजा बर्फबारी के बाद केदारनाथ मंदिर परिसर बर्फ से ढक गया। इसके अलावा उत्तरकाशी में गंगोत्री-यमुनोत्री सहित हर्षिल घाटी, खरसाली, हरकीदून व रुद्रप्रयाग में पहाड़ियों पर भारी बर्फबारी हुई।

राज्य में उत्तरकाशी में गंगोत्री-यमुनोत्री सहित हर्षिल घाटी, खरसाली, हरकीदून व रुद्रप्रयाग में केदारनाथ में चोटियों पर बर्फबारी हुई। चमोली में बद्रीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, गोरसो, औली में बर्फबारी हुई। कुमाऊं में पिथौरागढ़ के मुनस्यारी और बागेश्वर जिले के कपकोट में ऊंची चोटियों पर हिमपात हुआ। इससे पूर्व नवंबर में बारिश हुई थी, इसके बाद दिसंबर-जनवरी में बारिश नहीं हुई। फरवरी के पहले दिन ही बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, मौसम अभी भी करवट बदल सकता है। राज्य 3 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और 2.5 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी हल्के हिमपात के आसार हैं।

केशव के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

कोर्ट-कचहरी

▸▸ आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर विचार से हाई कोर्ट का इनकार

अमृत विचार : इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर विचार करने से गुरुवार को इनकार कर दिया। यह याचिका एसीजेएम, प्रयागराज के चार सितंबर, 2021 के आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई थी।

एसीजेएम, प्रयागराज ने चुनावी हलफनामा में और पेट्रोल पंप हासिल करने के लिए कथित फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र का उपयोग करने के लिए केशव मौर्य के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग वाले आवेदन को खारिज कर दिया था। दिवाकर नाथ त्रिपाठी नाम के

व्यक्ति ने याचिका दायर करने में विलंब के लिए क्षमा मांगी थी और गुण के आधार पर इस याचिका पर सुनवाई करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति समित गोपाल की अदालत ने याचिका दायर करने में विलंब पर कहा कि विलंब के लिए क्षमा के आवेदन और इसके समर्थन में दाखिल हलफनामा में ऐसा कोई आधार नहीं है जो दर्शाता हो कि याचिकाकर्ता इस मामले को लेकर गंभीर रहा हो। उच्च न्यायालय के समक्ष एसीजेएम के आदेश को 327 दिन के विलंब के बाद चुनौती दी गई।

अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता विलंब के लिए क्षमा मांगने में दूर दूर तक इसका ठोस कारण प्रदर्शित करने में विफल है। उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता त्रिपाठी ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 156 (3) के तहत अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम), प्रयागराज के समक्ष आवेदन कर केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था।

अनुशासनात्मक कार्रवाई विस्तारित करना अवैधानिक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ सेवानिवृत्ति के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रावधान नहीं : कोर्ट

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि नियोक्ता को अपने कर्मचारियों के खिलाफ सेवानिवृत्ति के बाद अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी रखने के लिए कुछ विशेष नियमों के तहत शक्ति प्राप्त होती है।

कोर्ट के समक्ष प्रश्नगत मुद्दा था कि क्या सेवानिवृत कर्मचारियों के खिलाफ लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी रखी जा सकती है? कोर्ट ने इसका निष्कर्ष निकाला कि सामान्य सिद्धांत के अनुसार कर्मचारियों के सेवानिवृत हो जाने पर नियोक्ता-कर्मचारी संबंध समाप्त हो जाता है। अतः अनुशासनात्मक प्राधिकारी का अधिकार क्षेत्र भी समाप्त हो जाता है। कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के बाद अनुशासनात्मक जांच तभी बढ़ाई जा सकती है, जब उसकी सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाले कानून में ऐसा प्रावधान हो। मौजूदा मामले में कोर्ट ने कहा कि विभागीय उपचार सुविधा के उपचार के रूप में होते हैं। किसी कर्मचारी के अधिकारों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने हेतु कोई असुविधा या जाल की तरह इनका उपयोग नहीं किया जा सकता। इस मामले में याची उत्तर प्रदेश में वरिष्ठ गोदाम अधीक्षक के पद पर कार्यरत है। राज्य भंडारण निगम 2005 में उनके खिलाफ पांच आरोपों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई। याची ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए जवाब प्रस्तुत किया, लेकिन जांच रिपोर्ट में याची को सभी आरोपों में दोषी पाया गया।

इसी बीच जुलाई 2009 में याची सेवानिवृत्त हो गया। हालांकि लंबित अनुशासनात्मक कार्रवाई में कोई अंतिम आदेश पारित नहीं किया गया। वर्ष 2010 में निगम के प्रबंध निदेशक द्वारा याची को सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों और अन्य संपत्तियों से निगम को हुई कुल हानि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी ठहराया गया, साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि अन्य बकाया 1 मार्च 2006 से 1 मार्च 2009 के बीच याची को दी गई चार वेतन वृद्धि के रुप में धनराशि से समायोजित किया जाएगा। याची ने अनुशासनात्मक प्राधिकरण के आदेश के खिलाफ निगम के निदेशक मंडल के सामने अपील दाखिल की, लेकिन याची की अपील को 9 साल तक लंबित रखा गया। अतःउसने उपरोक्त आदेशों को रद करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अंत में कोर्ट ने माना कि यूपी राज्य भंडारण निगम कर्मचारी विनियमन, 1961 के तहत कोई प्रावधान उपलब्ध नहीं है जो कर्मचारियों पर सेवानिवृत्ति के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई करने और कोई जुर्माना लगाने की अनुमति देता हो। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने महेंद्र नाथ शर्मा की याचिका को स्वीकार कर सभी आक्षेपित आदेशों को रद करते हुए पारित किया।

पेड़ से लटका मिला छात्र का निर्वस्त्र शव

संवाददाता, बरेली/हाफिजगंज

▸▸ परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का लगाया आरोप

अमृत विचार : पीसीएस की तैयारी कर रहे छात्र का हाफिजगंज के गांव परेवा कुर्मियान के बाहर शव पेड़ से लटकता हुआ मिला। परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फंदा लगाने से मौत सामने आया है।

गांव परेवा कुर्मियान निवासी चंद्रपाल उर्फ पप्पू का बेटा लक्ष्मण (24) स्नातक के बाद दिल्ली के दृष्टि आईएस सेंटर में पीसीएस की तैयारी कर रहा था। चंद्रपाल ने बताया कि बुधवार को लक्ष्मण का फोन आया कि वह घर आ रहा है। उसके पास किराए के लिए रुपये नहीं है। इस पर उन्होंने पहले 15 सौ और फिर एक हजार रुपये ऑनलाइन भिजवाए। लक्ष्मण रोडवेज बस से घर आ रहा था और उसने रात नौ बजे सिथरा बस अड्डे पर आने को कहा। वह अपनी पत्नी चंद्रकली के साथ बेटे को लेने के लिए सिथरा बस अड्डे पर पहुंचे। यहां पर पहुंचकर उन्होंने बेटे को फोन किया तो उसने बताया कि वह रामपुर आ गया है। उसके बाद लक्ष्मण का फोन बंद हो गया। वह रात करीब 8.30 बजे तक बेटे के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन वह नहीं आया। जिसके बाद दोनों निराश होकर घर वापस आ गए। देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा। इसी बीच गुरुवार सुबह राहगीरों ने ग्राम प्रधान को सूचना दी कि गांव के पास एक खेत में पेड़ पर एक युवक का निर्वस्त्र शव लटका हुआ है। सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी ने बताया कि परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

पापा मेरे पास सिर्फ पांच मिनट का समय

पिता चंद्रपाल ने बताया कि रात नौ बजे के करीब बेटे का दोबारा से फोन आया और उसने कहा कि पापा मेरे पास सिर्फ पांच मिनट का समय है और मेरे कपड़े भी निकल रहे हैं। मेरी भाई और बहनों से बात करा दीजिए। इस दौरान लक्ष्मण ने अपने भाई-बहनों समेत परिवार वालों से बात की। इस दौरान उसने पिता से कहा कि अब वह उन्हें दोबारा नहीं मिलेगा और यह कहकर फोन काट दिया। जिसके बाद कई बार फोन किया लेकिन फोन बंद हो गया।

बजट में सभी वर्गों का रखा गया ख्याल : जोशी

जयपुर, अमृत विचार : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए अंतरिम बजट को शानदार और दमदार बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण के साथ किसान, युवा सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान का सर्व सपर्शी बजट है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है। बजट में 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य के लिए एक विस्तृत रोडमेप प्रस्तुत किया गया है।

बच्चों को अभिभावकों के संबंधों की जटिलताओं से अनभिज्ञ रखना जरूरी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ बच्चे की कस्टडी मामले पर हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने माता-पिता के विवाद में बच्चों की कस्टडी के एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता के संबंधों की जटिलताओं से दूर रखना आवश्यक है। इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि हालात बदलने के साथ-साथ उन्हें अपने अभिभावकों के बीच तनावपूर्ण संबंधों की वास्तविकता पता चल जाए।

बच्चों का कोमल हृदय किसी प्रकार के झटके के लिए तैयार नहीं होता है। अगर उसे जबरन उसके प्राकृतिक परिवेश से अलग कर किसी ऐसे माहौल में रख दिया जाए, जिसमें वह सहज महसूस नहीं करता तो इसकी उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की प्रबल संभावना रहती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति श्रीमती ज्योत्सना शर्मा की एकल पीठ ने नाबालिग बेटे की कस्टडी की मांग करते हुए दाखिल पिता की याचिका को खारिज करते हुए दी। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि 5 साल से कम उम्र के बच्चे के लिए मां को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि वह बच्चों के कल्याण के लिए अंतिम पैरामीटर होती है। वर्तमान मामले में 4 साल के नाबालिग बच्चे के सामने अपने अभिभावकों में से किसी एक को चुनने का एक जटिल और संवेदनशील सवाल खड़ा है। कोर्ट ने बच्चे के कल्याण को सर्वोपरि मानते हुए उसकी कस्टडी के लिए पिता द्वारा दाखिल याचिका को खारिज करते हुए मां को उसके पालन- पोषण की जिम्मेदारी सौंपी।

जगन्नाथ मंदिर के लिए सुरक्षा बटालियन के गठन की अधिसूचना

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने पुरी के 12वीं सदी के विश्व प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर की रक्षा और सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा बटालियन के गठन की अधिसूचना जारी की है। राज्य के गृह विभाग की ओर से 31 जनवरी को जारी अधिसूचना के अनुसार विशेष बटालियन में विभिन्न रैंक के लिए 1,083 पद सृजित किए जाएंगे। इसमें कहा गया है कि पुरी के मंदिर के लिए विशेष बटालियन के गठन के साथ ही पूर्व में श्री जगन्नाथ मंदिर की रक्षा और सुरक्षा के लिए सिंहद्वार पुलिस थाने के तहत गठित एपीआर (सशस्त्र पुलिस रिजर्व) के 139 पद समाप्त किए जाते हैं।

2024 की जीत के बाद भारत बनेगा दुनिया का सिरमौर

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ मुख्यमंत्री धामी, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम व प्रदेशाध्यक्ष ने चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

अमृत विचार : भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर शंखनाद कर दिया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेश की पांचों संसदीय सीटों के लिए चुनाव कार्यालयों का वर्चुअली उद्घाटन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में जीत के बाद जनता की जरूरतों की पूर्ति के लिए काम किया, वर्ष 2019 की जीत के बाद जन आकांक्षाओं को पूर्ण किया। अब 2024 की जीत के बाद भारत को दुनिया का सिरमौर बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विपक्ष के नकारात्मक एजेंडे को विफल करना है। कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य की सांस्कृतिक पहचान को ब्रांड एंबेसडर बनकर आगे बढ़ाने का काम भी किया है । प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कहा कि यह कार्यक्रम चुनाव कार्यालयों की प्राण प्रतिष्ठा है। यहां एक मास्टर वोटर लिस्ट रखकर मतदाताओं का मार्गदर्शन किया जाए। इसके लिए कार्यालय संयोजक, संचालन समिति, जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री धामी, भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट।

तीन विभागों के भवन का सीएम ने किया लोकार्पण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईटी पार्क स्थित लेखा परीक्षा विभाग, रजिस्ट्रार चिट्स फर्म्स एवं सोसायटी तथा अर्थ एवं संख्या के 29 .76 करोड़ रुपये से बने नवनिर्मित एकीकृत भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि भवन मिलने से विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व निर्वहन में कठिनाइयां नहीं आएंगी। सरलीकरण, समाधान, निस्तारण राज्य सरकार का मूल मंत्र है। तीन विभाग एक ही भवन में संचालित होने से लोगों को आसानी होगी।

अच्छी खबर 10 से अधिक वैश्विक स्तर के पक्षियों की है मौजूदगी, यहां पाई जाती हैं पक्षियों की 350 से अधिक प्रजातियां

पीटीआर में पक्षियों का भी बसने लगा संसार

स्लेंडर बिल्ड वल्चर।

स्वाम्प फ्रानकोलिन।

सुनील यादव, पीलीभीत

अमृत विचार : पीलीभीत टाइगर रिजर्व की जैव विविधता एवं बेहतर जलवायु बाघों के साथ अब परिंदों को भी रास आने लगी है। खास बात है कि यहां 10 से अधिक वैश्विक स्तर के पक्षियों की मौजूदगी देखी जा रही है। यह दीगर बात है कि इन सबके बावजूद पीटीआर में इन पक्षियों की संरक्षण के कोई माकूल इंतजाम नहीं हैं।

73 हजार हेक्टयर में फैले पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यहां 70 से अधिक बाघ हैं। बाघों की संख्या को लेकर पीटीआर अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड भी जीत चुका है। इधर अब पीटीआर की आबोहवा परिंदों को भी रास आने लगी है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में पीटीआर में पक्षियों की 350 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। पक्षियों के इस संसार में अब वैश्विक स्तर के पक्षियों ने भी अपनी आमद दर्ज कराई है।

स्वाम्प फ्रानकोलिन व स्लेटी वुडपैकर समेत 10 से अधिक शेड्यूल वन प्रजातियां मौजूद : अख्तर

टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी के अख्तर मियां के मुताबिक पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वैश्विक स्तर के कुछ ऐसे पक्षियों की प्रजातियां मौजूद है जो शेड्यूल वन से भी ऊपर हैं। इसमें स्वाम्प फ्रानकोलिन, स्लेटी वुडपैकर समेत 10 से अधिक प्रजातियां है जो वर्तमान में यहां मौजूद हैं। इसके अलावा सात समुंदर पार से भी सायबेरियन पक्षी भी बड़ी संख्या में यहां आते है और तीन माह से प्रवास के बाद अपने देश लौट जाते हैं। इन सबके बीच पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पक्षियों के संरक्षण को लेकर कोई इंतजाम नहीं किये गए है। विशेषज्ञों के मुताबिक मानवीय हस्तक्षेप के चलते पक्षियों के अस्तित्व खतरे मंडरा रहा है। लिहाजा जब यहां पक्षियों की प्रजातियों की तादाद बढ़ी है तो संरक्षण के इंतजाम भी होने चाहिए।

भाजपाइयों में टकराव, पूर्व विधायक पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ स्थानीय जनप्रतिनिधि के समर्थक की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमृत विचार : जिले में गुरुवार को भाजपा के नेताओं के बीच इतना टकराव बढ़ा कि दोनों गुटों के नेता आमने-सामने आ गए। एक तरफ वरिष्ठ जनप्रतिनिधि के समर्थकों पर डिबाई की पूर्व विधायक ने फायरिंग करने का आरोप लगाया है। वहीं, स्थानीय जनप्रतिनिधि के समर्थक ने डिबाई की पूर्व विधायक पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने देर रात अखिलेश वर्मा की तहरीर पर पूर्व विधायक अनीता सिंह, उनके समर्थक संतोष गोस्वामी, मोहित शर्मा समेत चार-पांच अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हालांकि पूर्व विधायक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। पुलिस उनकी तहरीर पर जांच कर रही है।

बुलंदशहर जिले के डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी ने एटा लोकसभा क्षेत्र से टिकट के लिए आवेदन किया है। गुरुवार को वह अपने समर्थकों के साथ कासगंज के अमापुर रोड पर एक निजी गेस्ट हाउस में बैठक कर रही थीं। आरोप है कि जैसे ही बैठक से बाहर निकलीं, तभी स्थानीय जनप्रतिनिधि के कई समर्थक वहां पहुंचे और काफिले पर हमला कर दिया। वहीं, दूसरी तहरीर भाजपा के अखिलेश वर्मा ने पुलिस को दी है। उन्होंने अपनी तहरीर में लिखा है कि शाम 4 बजे चांडी रोड होते हुए सहावर से कासगंज की तरफ आ रहे थे। रवि गेस्ट हाउस चांडी रोड पर राजनैतिक कार्यक्रम को देखने के लिए रुक गये, भाजपा के झंडे बैनर देख मैंने भी कार्यक्रम में सहभाग करनी चाही। अचानक से कार्यक्रम स्थल पर नारेबाजी होने लगी तो मैं अपनी गाड़ी लेकर चल दिया। अनीता लोधी ने यह समझा कि मैं उनकी जासूसी करने आया हूं, इसलिए कुछ दूर चलते ही मेरी गाड़ी को गाड़ियों से रोक लिया। जिसमें अनीता लोधी ने मेरी गाड़ी पर फायरिंग करा दी। पुलिस ने पूर्व विधायक अनीता लोधी पर जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

माओवादी जोड़े ने किया आत्मसमर्पण

हैदराबाद। छत्तीसगढ़ में चरमपंथी अपराधों में शामिल एक माओवादी जोड़े ने गुरुवार को तेलंगाना के मुलुगु जिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) (सीपीआई-एम) की दूसरी केंद्रीय पुनर्गठन समिति (सीआरसी) के अनुभाग कमांडर के रूप में कार्यरत एन. भीमा उर्फ संजू और दूसरी सीआरसी में क्षेत्रीय समिति सदस्य (एसीएम) में कार्यरत उनकी पत्नी मुचाकी डुल्डो उर्फ सोनी ने मुलुगु जिला पुलिस अधीक्षक पी. शबरीश के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने यह कदम मुख्यधारा में शामिल होने और सामान्य जीवन जीने के लिए उठाया। पुलिस ने बताया कि इन पर दो-दो लाख रुपये का इनाम था।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,625
गिन्नी (प्रति नग)	48,100-48,300
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,100
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,950
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	62,900
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,200
चांदी आभूषण	72,900।

अंतरिम बजट में लोक लुभावन योजनाओं व नई घोषणाओं से बचा गया

भारतीय अर्थव्यवस्था को 'रिफार्म, परफार्म प ट्रान्सफार्म, की आत्मा के सर्वांगीण व समावेशी विकास के लक्ष्य को इंगित करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट 2024 प्रस्तुत किया। अर्थात यह सत्र का अंतिम बजट नहीं है इसलिए लगी हुई उम्मीदों का भी अंत नहीं है जबकि जुलाई तक आशा है। सरकार की तारीफ करनी चाहिए कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भी लोक लुभावन योजनाओं व नई घोषणाओं से इस बजट में बचा गया है और पिछले 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था में क्या परिवर्तन हुए उन पर बात की गई है यद्यपि गत 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था का आकार बहुत बढ़ गया है लेकिन इस बड़ी अर्थव्यवस्था में डिस्ट्रीब्यूटिव जस्टिस की बात बजट में नहीं है ।

सुखद एहसास है कि अब संरचना विकास पर गत वर्ष के 10 लाख करोड रुपये पर 10 से बढ़कर 11.11 लाख करोड़ किया गया है जो प्रभावी मांग को बढ़ाकर उत्पादन व नवीन रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। इसी क्रम में तीन बड़े आर्थिक रेलवे कॉरिडोर को बनाना, 40000 बोगियों को वंदे भारत से जोड़ना, राज्यों में पर्यटन हेतु पर्यटन केंद्र विकसित करना आज निश्चित ही पूंजी सृजन को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ाएंगे लेकिन कैसे और कब तक-प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 2 करोड़ नए घर बनाना लखपति दीदी योजना 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन योजना आत्मनिर्भर भारत और लैंगिक समानता के दावे को मजबूत करता है किंतु यह 4.5 के राजकोषीय घाटे और बजट घाटे के लक्ष्य में बाधा उत्पन्न ना करें इसका जिक्र नहीं है ।

बजट पर विश्लेषण

डॉ. विकास प्रधान
अर्थशास्त्री

इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों को प्रोत्साहन व नए सीमेंट उद्योगों की स्थापना ऊर्जा संरक्षण व देश में ऊंची विकास दर को प्रोत्साहन देने वाला कदम है किंतु इनके लिए फंडिंग का जिक्र ना होना निराशाजनक है और तब जब उनकी समय सीमा निर्धारित ना हो और चुनाव सिर पर हो तब यह महज घोषणाएं लगते हैं या सरकार पुनः सरकार गठन हेतु पूर्ण आशवसत है और पूर्ण बजट में इन्हें जारी रखेगी । इस अंतरिम बजट का एक निराशाजनक पहलू यह भी है जिसमें नौकरी पेसा, बेरोजगार विद्यार्थी, किसान, मध्यम वर्ग और ग्रहणिया शामिल है जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ है नौकरी पेसा के लिए कर स्लैब में कोई परिवर्तन न होना बेरोजगारों के लिए रोजगार हेतु नवीन औद्योगिकरण ना होना विद्यार्थियों हेतु नई शिक्षा नीति के उत्पादन के रूप में निकलने पर बाजार व सरकार की आवश्यकताओं में स्वीकार्यता पर प्रश्न होना सम्मान निधि व फसल बीमा योजना व अनुसंधान की बात ना होना बताता है कि यह काम चलाऊ अंतरिम बजट है पूर्ण बजट नहीं मध्यम वर्ग बा ग्रहणियों को मुद्रास्फीति से राहत न मिलाना भी इसी बात की ओर संकेत करता है ।

निष्कर्ष : अंतरिम बजट 2024 सरकार का तीन-चार महीने का कार्य चल सके उसके लिए है, जबकि सभी की उम्मीदें पूरी करने के लिए नहीं। इस लिहाज से यह संतुलित लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा रहित विशुद्ध लोकतांत्रिक बजट है।

किंतु निराश लोगों को यह याद रखना चाहिए कि यह पूर्ण बजट नहीं है इसलिए उनकी उम्मीद और आशा जीवित रहनी चाहिए जो नई सरकार गठन के बाद पूर्ण बजट जुलाई 2024 में पूर्ण हो सकती है। अर्थशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते मेरी चिंता राजकोषीय घाटे व वित्तीय घाटे को लेकर है जो क्रमशः 4.5 व 5.5 का लक्ष्य अभी तक प्राप्त नहीं कर पाया जबकि इसके तहत इसे 3 के नीचे होना चाहिए। साथ ही रुपया कहां से आता है और कहाँ जाता है का समीकरण व चित्र बहुत उत्साहित करने वाला नहीं है। आज भी एक रूपये में ब्याज अदायिगियों पर 20 प्रतिशत का व्यय गैर उत्पादकीय है। इसे कम करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। वहीं प्राप्तयों में एक रुपये में सर्वाधिक 28 प्रतिशत प्राप्तियां उधार और अन्य देयताओं से होना अर्थ व्यवस्था पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही हैं जिनका ब्याज भुगतान करना अर्थव्यवस्था के आकार व्यापकीकरण में निश्चित ही बाधा उत्पन्न करेगा। इसके हल के लिये नये 'स्रोत व नये साधनों को विकसित करने की नीति बनानी होगी। जनसंख्या लाभांश और भारतीय कृषि में इस समस्या का हल छिपा हुआ है जिसे प्रोत्साहित व प्रयुक्त करना होगा यदि अमृतकाल के उपरांत 2047 तक हम विकसित भारत चाहते हैं तो आंतरिक रूप से साधनो विशेषकर श्रम साधनों को गतिशीलता देना, नए, बाजारों, नयी मण्डियों की स्थापना व ग्रामीण विकास को बल देना होगा जो पूर्ण बजट में शामिल होने की संभावना है।

वहीं प्रत्यक्ष करों में सुलभता व सरलता, आयुष्मान भारत प्रत्यक्ष करो में योजना को महत्व देना, राज्यों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराना आदि के लिये सरकार की सराहना करनी चाहिए जो सबका साथ सबका विकास की अवधारणा को सिद्व करता है। जनसंख्या पर समिति का गठन अच्छे लक्षण हैं युवा शाक्त के आकडों गत संग्रहण की किन्तु इस शक्ति जनसांख्यिक लाभांश के रूप में लेकर उत्पादक बनाना होगा।

(लेखक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत के अर्थशास्त्र विभाग में विभागाध्यक्ष हैं।)

बजट समावेशी विकास प्रदान करने में करेगा मदद

उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने बजट को भविष्योन्मुखी, निरंतरता और विश्वास का बजट करार दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बृहस्पतिवार को पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 का स्वागत करते हुए कहा कि बजट भारत को जन-केंद्रित और समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा। उन्होंने बजट को भविष्योन्मुखी और '' निरंतरता तथा विश्वास का बजट'' करार दिया जिसमें आम चुनाव से पहले पेश किए जाने के बावजूद कोई लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई।

यह बजट आत्मविश्वास को दर्शाता है: आनंद महिंद्रा

महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि सीतारमण का यह बजट भाषण सबसे छोटे भाषणों में से एक था। इसका स्वागत है और यह आत्मविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, '' किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है।

हीरानंदानी समूह के संस्थापक डॉ. निरंजन हीरानंदानी ने कहा-वित्त मंत्री ने एक एकीकृत तथा न्यायसंगत विकास बजट परिव्यय को 'डिकोड' किया है जिसमें महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार, आर्थिक वृद्धि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाना, उभरते क्षेत्रों पर जोर देना और शहरी और ग्रामीण आवास को प्रोत्साहन देना शामिल है।

बायोकॉन लिमिटेड की चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने भी कहा कि वित्त मंत्री ने निरंतर आर्थिक वृद्धि के लिए एक व्यापक मार्ग प्रशस्त किया है जो भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने में सक्षम बनाएगा। जेडईआईएसएस समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (भारत) धवल राडिया ने कहा कि बजट दूरदर्शी है और यह निरंतरता और विश्वास का बजट है।

आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने अंतरिम बजट की सराहना करते हुए इसका स्वागत किया। स्नैपडील के सह-संस्थापक कुणाल बहल ने कहा-विकसित भारत 2047'' का दृष्टिकोण निर्णायक शासन, प्रेरणादायक नेतृत्व तथा डिजिटल, भौतिक, सामाजिक बुनियादी ढांचे को वितरित करने के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड की मजबूत नींव पर रखा गया है। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने पर्यटन तथा आतिथ्य क्षेत्र पर सरकार के जोर का स्वागत किया। क्रिशुमी कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने कहा-वित्त मंत्री द्वारा खासतौर से मध्य वर्ग के लिए एक नई आवासीय योजना की घोषणा आवास क्षेत्र के लिए एक अच्छी खबर है। इससे मध्यम तथा किफायती मकानों की मांग में बढ़ोतरी की संभावना है।

कम विनिवेश लक्ष्य केंद्र सरकार की रणनीति में बदलाव का संकेत : चौहान

मुंबई, एजेंसी

▸▸ एनएसई के सीईओ बोले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए हो रहा काम

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि 50,000 करोड़ रुपये का कम विनिवेश लक्ष्य केंद्र सरकार की रणनीति में बदलाव का संकेत देता है, जिसमें वह किसी कंपनी को कम दाम के बजाय सही कीमत पर बेचना सुनिश्चित करना चाहते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने के लिए काम कर रही है जैसा कि हाल के दिनों में देखा गया है। चौहान ने कहा-वे (सरकार) यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उन्हें सार्वजनिक उपक्रमों की बिक्री से सर्वोत्तम कीमत मिले। इसलिए सामान्य तौर पर रणनीति बदली हुई प्रतीत होती है। राजनीतिक रूप से मजबूत शासन के लिए कम विनिवेश लक्ष्य पर किए सवाल पर उन्होंने यह बात कही। चौहान एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक भी हैं।

भारत विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर कर रहा बातचीत: सीतारमण

नई दिल्ली,एजेंसी

▸▸ वित्त मंत्री बोलीं-एफडीआई प्रवाह हो गया है दोगुना

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के मकसद से विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 2005-14 के दौरान प्राप्त प्रवाह की तुलना में 2014-23 के दौरान दोगुना होकर 596 अरब डॉलर हो गया है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा-भारत को पहले विकसित करने की भावना के साथ हम निरंतर विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अपने विदेशी भागीदारों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ब्रिटेन जैसे देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ये निवेश समझौते एक-दूसरे के देशों में निवेश को बढ़ावा देने और उसकी सुरक्षा करने में मदद करते हैं। ये समझौते महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत पहले ही ब्रिटेन की दूरसंचार कंपनी वोडाफोन और ब्रिटेन की केयर्न एनर्जी पीएलसी के खिलाफ पूर्व तिथि से कर लगाने के मामले में दो अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता मामले हार चुका है।

आईएमडी ने 199 जिला कृषि मौसम इकाइयां बंद करने का निर्णय लिया

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ब्लॉक स्तर पर लाखों किसानों को मौसम से जुड़ी जानकारी प्रदान करने वाली सभी 199 जिला कृषि मौसम इकाइयों की सेवाओं को बंद करने का निर्णय किया है। इन इकाइयों से किसानों को फसलों का नुकसान कम करने तथा आय बढ़ाने में मदद मिलती थी। आईएमडी की ओर से 17 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार जिला कृषि मौसम इकाइयों (डीएएमयू) की सेवाओं को इस वित्त वर्ष (2023-2024) से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।

वर्ष 2024-25 में विनिवेश से 50,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए अंतरिम बजट में 50,000 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही संशोधित अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में विनिवेश से 30,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।

पिछले साल का बजट पेश करते के समय 2023-24 में विनिवेश से 51,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया था। लोकसभा में पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 के अनुसार सरकार को चालू वित्त वर्ष (2023-24) में सार्वजनिक संपत्तियों के मौद्रीकरण से कोई राशि मिलने की उम्मीद नहीं है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के मुताबिक इस मद में 10,000 करोड़ रुपये हासिल करने की योजना थी। चालू वित्त वर्ष में अभी तक सरकार ने कोल इंडिया, एनएचपीसी, आरवीएनएल और आईआरईडीए सहित सात सरकारी उपक्रमों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचकर 12,504 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सरकार को मार्च, 2024 तक विनिवेश से कुल 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।

सरकार 25,000 रुपये तक की विवादित कर मांग वापस लेगी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने प्रत्यक्ष कर मामले में पुराने विवादित कर मांग मामलों से लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया है। इसके तहत वित्त वर्ष 2009-10 तक 25,000 रुपये और 2010-11 तक 10,000 रुपये तक के विवादित कर मांग से लोगों को राहत दी जाएगी। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि विवादित कर मांग को वापस लेने से एक करोड़ करदाताओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान करदाताओं के लिए सेवाओं में सुधार पर है।

सीतारमण ने तेल कंपनियों को इक्विटी समर्थन देने को अगले वित्त वर्ष तक टाला

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऊर्जा परिवर्तन परियोजनाओं में सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा ईंधन विक्रेताओं के निवेश में सहयोग देने के लिए इन कंपनियों में 15,000 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश को अगले वित्त वर्ष के लिए टाल दिया है।

सीतारमण ने पिछले साल एक फरवरी को 2023-24 का आम बजट पेश करते हुए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) में उनकी ऊर्जा परिवर्तन योजनाओं का समर्थन करने के लिए 30,000 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश की घोषणा की थी। इसके साथ ही, उन्होंने कर्नाटक के मैंगलोर और आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में रणनीतिक भूमिगत भंडारणों को भरने के लिए कच्चा तेल खरीदने के वास्ते 5,000 करोड़ रुपये का भी प्रस्ताव दिया था। भारत ने इन्हें किसी भी आपूर्ति व्यवधान से बचाने के लिए बनाया है। पिबृहस्पतिवार को लोकसभा में पेश 2024-25 के बजट के दस्तावेजों में सीतारमण ने चालू वित्त वर्ष में इक्विटी निवेश के लिए कोई आवंटन नहीं दिखाया।

कोलकाता के एक टेलीविजन शोरूम में बजट को लेकर उत्सुक लोग केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संसद में अंतरिम बजट 2024 पेश करते समय देखते हुए। ● एजेंसी

सरकार ने अंत्योदय अन्न योजना के परिवारों के लिए चीनी पर सब्सिडी 2 साल तक बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ योजना को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 'अंत्योदय अन्न योजना' (एएवाई) में शामिल 1.89 करोड़ परिवारों को राशन दुकानों के जरिये बांटी जाने वाली चीनी पर सब्सिडी को दो साल के लिए बढ़ा दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सार्वजनिक वितरण योजना (पीडीएस) के माध्यम से वितरित की जाने वाली चीनी पर सब्सिडी की योजना को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, सब्सिडी योजना के तहत केंद्र सरकार राज्यों के एएवाई परिवारों को चीनी पर प्रति माह 18.50 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी देती है। इस चीनी की खरीद एवं वितरण की जिम्मेदारी राज्यों की होती है। बयान में कहा गया, इस मंजूरी से 15वें वित्त आयोग (2020-21 से 2025-26) की अवधि में 1,850 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दिए जाने की उम्मीद है। इस योजना से देश के लगभग 1.89 करोड़ एएवाई परिवारों को फायदा होने की उम्मीद है। यह योजना सबसे गरीब लोगों तक चीनी की पहुंच को आसान बनाती है। केंद्र सरकार पहले से ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) के तहत मुफ्त राशन दे रही है। इसके अलावा सस्ती दरों और उचित कीमतों पर 'भारत आटा', 'भारत दाल', टमाटर और प्याज की बिक्री भी की जा रही है। अबतक लगभग तीन लाख टन भारत दाल (चना दाल) और लगभग 2.4 लाख टन भारत आटा बेचा जा चुका है।

चुनौतियों के बावजूद निर्यात वृद्धि रहेगी बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले बजट ने मजबूत नींव रखी है

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि इजराइल-हमास युद्ध जैसे मुद्दों के कारण उभरी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत ने अपनी निर्यात वृद्धि बरकरार रखी है। दिन में पेश अंतरिम बजट पर उन्होंने कहा कि इसने आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत नींव रखी है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से, इन संघर्षों के कारण देश को 'बहुत गंभीर' चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बजट के बाद गोयल ने कहा-लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद, भारत आर्थिक वृद्धि के मामले में उज्ज्वल स्थान बना हुआ है। ...और हमने अपने निर्यात को व्यापक रूप से जारी रखा है। मुझे लगता है, भारत की कहानी मजबूती और ताकत की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट के बाद अपने भाषण में कहा कि भूराजनीतिक रूप से युद्ध और संघर्षों के कारण वैश्विक मामले अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास संघर्ष और लाल सागर संकट ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर दिया है। लाल सागर सबसे व्यस्त व्यापार मार्ग है क्योंकि यहां से वैश्विक कंटेनर यातायात का 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 12 प्रतिशत हिस्सा होता है।

गोयल ने कहा कि इन चुनौतियों के कारण व्यापार के मोर्चे पर हमारी वृद्धि क्षमता काफी धीमी हो गई है और कमजोरी दिख रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2023 में भारत का निर्यात केवल एक प्रतिशत बढ़कर 38.45 अरब डॉलर रहा है, जबकि व्यापार घाटा तीन महीने के निचले स्तर 19.8 अरब डॉलर तक कम हो गया।

बजट राजकोषीय समेकन लक्ष्यों पर सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक

नई दिल्ली। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024-25 का अंतरिम बजट राजकोषीय समेकन लक्ष्यों के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रिश्चियन डी गुजमैन ने कहा कि सरकार ने इस साल आम चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर तोहफे न देकर या विवेकाधीन खर्च नहीं बढ़ाकर राजकोषीय संयम का रास्ता अपनाया। उन्होंने कहा-सरकार का अनुमान है कि नियोजित बुनियादी ढांचे के खर्च में बढ़ोतरी के बावजूद, सकल घरेलू उत्पाद के मुकाबले खर्च में कमी से राजकोषीय घाटे में कमी आएगी। गुजमैन ने कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में कई ऐसे खर्च सामने आ सकते हैं, जिन्हें बजट में शामिल नहीं किया गया है।

रेल मंत्री वैष्णव बोले | 5 साल में करीब 11 लाख करोड़ रुपये की लागत से 3 आर्थिक गलियारों का किया जाएगा निर्माण

बजट में विकसित भारत की रेल का ब्ल्यू प्रिंट

नई दिल्ली, एजेंसी

वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में विकसित भारत की रेलवे के ब्ल्यू प्रिंट को मंजूरी दी गयी है जिसके अंतर्गत अगले पांच साल में करीब 11 लाख करोड़ रुपये की लागत से तीन आर्थिक गलियारों के निर्माण किया जाएगा जिससे मालवहन क्षमता दोगुनी और यात्रीवहन क्षमता में एक तिहाई से अधिक की वृद्धि को समायोजित किया जा सकेगा। इस बार के बजट में रेलवे के पूंजीगत व्यय आवंटन दो लाख 52 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो वर्ष 2023-24 के आवंटन दो लाख 40 हजार करोड़ रुपये की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश अंतरिम बजट में रेलवे के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि विकसित भारत की रेलवे के ब्ल्यू प्रिंट में यात्रियों की वेटिंग लिस्ट खत्म करना है।

उन्होंने कहा कि इस समय रेलवे साल में 700 करोड़ यात्रियों का परिवहन करती है। इस क्षमता को 1000 करोड़ यात्री प्रति वर्ष के स्तर पर ले जाना है। रेलवे इस समय करीब 1500 अरब टन माल ढुलाई करती है, इसे 3000 अरब टन की ढुलाई के लिए सक्षम बनाना है। नयी प्रौद्योगिकी से यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है और संरक्षा सुनिश्चित करनी है। रेल मंत्री ने कहा कि इस बजट में रेलवे के विकास को प्रधानमंत्री गतिशक्ति परियोजना के अंतर्गत ले लिया गया है और आर्थिक विकास को बल देने के लिए तीन आर्थिक गलियारों -ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, बंदरगाहों से कनेक्टिविटी के लिए रेल सागर गलियारा और सघन यात्री यातयात वाला अमृत चतुर्भुज गलियारा, को विकसित करने की घोषणा की गयी है। श्री वैष्णव ने कहा कि इसके लिए 40 हजार किलोमीटर की रेललाइन बिछायी जाएगी। उन्होंने यह काम आने वाले पांच साल में काम पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा खनिज एवं सीमेंट गलियारे एवं रेल सागर गलियारों पर समेकित योजना बना कर काम किया जाएगा। आरंभ के बिन्दु और गंतव्य के बिन्दु के बीच संपर्क मार्ग को उच्च क्षमता के लिए विकसित किया जाएगा। डबल लाइन में तीसरी एवं चौथी लाइन और चार लाइनें हैं तो पांचवीं एवं छठवीं लाइन बिछायी जाएगी। जरूरत हुई तो नई लाइन बिछाई जाएगी।

आखिरी सुपर सिक्स मैच में भारत का सामना नेपाल से

अंडर 19 विश्व कप : नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा भारत

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करने के लक्ष्य से उतरेगी। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान और भारत दोनों के 6 अंक हैं लेकिन रन रेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली टीम अब तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है। भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं, जबकि नेपाल ने एक भी नहीं जीता है।

भारत के आगे कहीं नहीं ठहरती नेपाल की टीम

मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाए हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाए, जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की। स्वामी कुमार पांडे ने अब तक 12 विकेट ले लिए हैं। इन दोनों के अलावा कप्तान उदय सहारन, विकेटकीपर अरावल्ली अवनीश, आक्रामक हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी समय समय पर उम्दा प्रदर्शन किया है। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह लगातार अच्छा नहीं खेल सके हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। नेपाल ने प्रारंभिक चरण में अफगानिस्तान को हराया था, जिसमें कप्तान देव खानाल ने 58 रन बनाए, जबकि मध्यम तेज गेंदबाज आकाश चंद ने 5 विकेट लिए थे।

टीमें

भारत : अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिंबानी और नमन तिवारी।

नेपाल : देव खानाल (कप्तान), अर्जुन कुमल, आकाश त्रिपाठी, दीपक प्रसाद डुमरे, दुर्गेश गुप्ता, गुलशन कुमार झा, दीपेश प्रसाद कांडेल, बिशाल बिक्रम केसी, सुभाष भंडारी, दीपक बोहारा, उत्तम रंगु थापा, बिपिन रावल, तिलक राज भंडारी, आकाश चंद।

आईसीसी एजीएम की मेजबानी श्रीलंका को

कोलंबो, एजेंसी। निलंबन हटने के बाद श्रीलंका क्रिकेट जुलाई में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की मेजबानी करेगा। श्रीलंका के खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संचालन में सरकारी हस्तक्षेप के बाद निलंबित किए जाने पर श्रीलंका ने अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी भी गंवा दी थी।

फर्नांडो ने कहा कि श्रीलंका कोलंबो में 19 से 22 जुलाई तक एजीएम की मेजबानी करेगा। इससे क्रिकेट और पर्यटन के मामले में श्रीलंका को काफी बढ़ावा मिलेगा। दरअसल फर्नांडो ने दिसंबर में रणसिंघे की ओर से जारी राजपत्र को हटा दिया था जिसके बाद रविवार को निलंबन हटा दिया गया।

इंग्लैंड ने भारत ए को 192 रन पर समेटा

अहमदाबाद, एजेंसी

मैथ्यू पोट्स ने 6 और ब्राइडन कार्स ने 4 बल्लेबाजों को किया आउट, सिर्फ देवदत्त पडिक्कल ही टिककर खेल पाए

मैथ्यू पोट्स और ब्राइडन कार्स की तेज गेंदबाजी जोड़ी के तूफानी प्रदर्शन से इंग्लैंड लॉयन्स ने तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को भारत ए को 192 रन पर ऑल आउट कर दिया। कई खिलाड़ियों के मुख्य टीम से जुड़ने के बाद भारत ए टीम कुछ कमजोर हुई है। इस चार दिवसीय मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड लॉयन्स ने एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। एलेक्स लीस (48) और ओलिवर प्राइस (20) स्टंप के समय क्रीज पर थे। इंग्लैंड लॉयन्स की टीम पहली पारी के आधार पर अब सिर्फ 94 रन पीछे है।

पोट्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 57 रन देकर 6 विकेट चटकाए। उन्होंने लगातार दूसरी बार 6 विकेट हासिल किए। वह तीन मैच में 18 विकेट चटका चुके हैं। कार्स ने पोट्स का अच्छा साथ देते हुए 52 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए दो सत्र के भीतर आउट हो गई। जवाब में सलामी बल्लेबाज लीस और कीटोन जेनिंग्स (17) ने टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। आकाशदीप ने जेनिंग्स को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। लीस और प्राइस ने दूसरे विकेट के लिए 71 रन की अटूट साझेदारी करके दिन के बाकी खेल के दौरान मेजबान टीम के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

बैजबॉल के खिलाफ भारत को बदलनी होगी रणनीति

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल चोट के कारण बाहर होने से पहले ही मुश्किल में है भारतीय टीम

विशाखापत्तनम, एजेंसी

पहला टेस्ट गंवाने के बाद भारत को शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की बेखौफ बैजबॉल शैली का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ उतरना होगा, जबकि उसके प्रमुख खिलाड़ी भी चोट के कारण बाहर हैं। अपनी धरती पर काफी मजबूत भारतीय टीम को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी। रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोट के कारण बाहर होने से उसका काम और मुश्किल हो गया है।

नेट पर अभ्यास करते शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल। ● एजेंसी

कुलदीप, वॉशिंगटन या सौरभ का खेलना संभव

जडेजा की गैर मौजूदगी में कुलदीप यादव खेल सकते हैं या भारत जसप्रीत बुमराह के रूप में एक तेज गेंदबाज के साथ उतरता है या फिर वॉशिंगटन सुंदर के रूप में एक और स्पिनर को उतारता है। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को भी टीम में जगह दी गई है। भारतीय बल्लेबाजों को भी पहले टेस्ट में नए स्पिनर टॉम हार्टली ने परेशान किया। दूसरी पारी में सिर्फ रोहित आत्मविश्वास से भरे दिखे, जबकि शुभमन गिल समेत युवा ब्रिगेड ने निराश किया। तीसरे टेस्ट में विराट कोहली की वापसी होगा जिससे गिल और श्रेयस अय्यर पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा। केएल राहुल की जगह रजत पाटीदार खेल सकते हैं। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद आखिरकार सरफराज खान को चयनकर्ताओं ने मौका दिया है और वह पदार्पण को बेताब होंगे।

3 साल पहले भी ऐसे ही थे हालात

तीन साल पहले भी भारतीय टीम को इन्हीं हालात से दो-चार होना पड़ा था, तब चेन्नई में पहले टेस्ट में उसे इंग्लैंड ने हराया था लेकिन वापसी करके भारत ने श्रृंखला जीती थी। हालांकि जो रूट की कप्तानी वाली वह टीम अलग थी और इस बार भारत को वापसी करने के लिए इंग्लैंड की ऐसी टीम को हराना होगा, जिसने टेस्ट क्रिकेट खेलने के मानदंड ही बदल दिए हैं। हैदराबाद में पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद उसने आक्रामक खेल की अपनी बैजबॉल शैली से वापसी करके 28 रन से मैच जीता। ओली पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप की ढाल बनाकर भारतीय फिरकी को बखूबी झेला, जिससे रोहित शर्मा और उनकी टीम हैरान रह गई। पोप के आगे भारत का विख्यात स्पिन आक्रमण बौना साबित हो गया।

अश्विन और अक्षर पटेल पर निगाहें

चोट से उबरने वक्त लगने के कारण जडेजा और शमी टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं। ऐसे में 500 टेस्ट विकेट से 4 विकेट दूर रविचंद्रन अश्विन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अक्षर पटेल को भी विकेट लेने के रनों पर अंकुश लगाना होगा। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि अगले मैच में उनका ध्यान होगा कि वे सही रणनीति के साथ उतरे और प्रदर्शन अधिक अनुशासित हो। पिछले मैच में हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके।

इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का मौका

इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का मौका है। बेन स्टोक्स ने बेहतरीन कप्तानी का नमूना पेश किया है। युवा स्पिनर हार्टली को पहली पारी में अतिरिक्त स्पैल देना उनका मास्टर स्ट्रोक रहा। इंग्लैंड के लिए चिंता का विषय अनुभवी स्पिनर जैक लीच का चोटिल होना है। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को उनकी जगह उतारा जा सकता था लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं हैं। मैकुलम ने कहा था कि पहले टेस्ट की तरह पिच टर्न लेगी तो हम चौतरफा स्पिन आक्रमण उतार सकते हैं। पहले मैच में तेज गेंदबाज मार्क वुड प्रभावित नहीं कर सके। लिहाजा गुस एटकिंसन, जेम्स एंडरसन या ओली रॉबिनसन को उतारा जा सकता है।

पृथ्वी शॉ की रणजी टीम में वापसी

कोलकाता एजेंसी। चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ को बंगाल के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले रणजी ट्रॉफी के पांचवें दौर के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। पृथ्वी शॉ अगस्त में नॉथैंप्टनशर के साथ काउंटी कार्यकाल के दौरान घुटने में चोट लगाने के पर लंदन में हुई सर्जरी के बाद से तीन महीने स्वास्थ्य लाभ पर थे। पिछले सप्ताह के आखिर में उन्हें फिटनेस परीक्षण के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने मंजूरी दे दी गई थी। 41 बार की रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई अभी ग्रुप बी के शीर्ष पर है, जहां उसने चार में से तीन मैच जीते हैं और वह नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अग्रसर है।

खेल डायरी

युवा ओलंपिक मेजबान की घोषणा अगले साल

गैंगनेउंग। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने गुरुवार को कहा कि शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों के अगले मेजबान की घोषणा 2025 की शुरुआत में की जाएगी। दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन में हो रहे 2024 के शीतकालीन युवा ओलंपिक के समापन समारोह से कुछ घंटे पहले बाख ने कहा कि कोई ध्वज सौंपने का समारोह नहीं होगा क्योंकि अगले मेजबान का फैसला बाद में करेंगे। आईओसी प्रमुख ने कहा कि इस साल के अंत में या अगले साल की शुरुआत में उनकी घोषणा कर सकते हैं। इसके लिए आयोग को विभिन्न परियोजनाओं का मूल्यांकन करने और फिर निष्कर्ष निकालने के लिए थोड़ा और समय चाहिए कि 2028 के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य कौन सा होगा। गैंगवॉन में 19 जनवरी को शीतकालीन युवा ओलंपिक की शुरुआत हुई थी और गुरुवार शाम इसका समापन समारोह होगा। यह इतिहास में पहली बार है कि जब समापन समारोह में अगले मेजबान को झंडा नहीं सौंपा जाएगा।

अवनि एशिया पेसिफिक टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर

पटाया। भारत की अवनि प्रशांत गुरुवार को पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन के साथ महिलाओं के एमेच्योर एशिया पेसिफिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर चल रही हैं। अवनि ने पहले दौर में छह बर्डी की लेकिन वह दो बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। थाईलैंड की इला गेलिटस्काई और नोवापोर्न सूनत्रीयापास व चीनी ताइपे की चेन वेइ वू पांच अंडर 67 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं। अन्य भारतीयों में विधात्री उर्स (73) और सानवी सोमु (73) संयुक्त 39वें पर चल रहे हैं। पदार्पण कर रहीं कीर्तना राजीव नायर (81) और हीना कांग (81) संयुक्त 84वें, जबकि मन्नत बरार (82) 86वें स्थान पर हैं।

मेस्सी का सामना नहीं कर सकेंगे चोटिल रोनाल्डो

रियाद। क्रिस्टियानो रोनाल्डो चोट के कारण लियोनेल मेस्सी के खिलाफ बहुचर्चित नुमाइशी फुटबॉल मैच नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो के क्लब अल नासर और मेस्सी के इंटर मियामी के बीच बृहस्पतिवार को मुकाबला होना था। अल नासर के कोच लुईस कास्ट्रो ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि क्रिस्टियानो अभी पूरी तरह से फिट नहीं है। उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिन में फिट हो जाएगा। वह इंटर मियामी के खिलाफ नहीं खेल सकेगा। मेस्सी और रोनाल्डो की प्रतिद्वंद्विता स्पेन में बार्सीलोना और रीयाल मैड्रिड के लिए खेलने के दिनों से चली आ रही है। दोनों मिलकर पिछले 15 में से 13 बलोन डिओर पुरस्कार जीत चुके हैं।

घरेलू मैचों में भारतीय हॉकी टीम की कमान हरमनप्रीत को

नई दिल्ली। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान होंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिए गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम का एलान किया। भुवनेश्वर में खेला जाने वाला चरण 10 से 16 फरवरी तक चलेगा, जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा। भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो-दो बार खेलेगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा। भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन नहीं हैं जो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे। गोलकीपर का जिम्मा पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक संभालेंगे। डिफेंस में हरमनप्रीत, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित, संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह होंगे। मिडफील्ड में हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम होंगे। फॉरवर्ड में ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडर होंगे।

त्रीशा-गायत्री, मंजूनाथ और अस्मिता क्वार्टर फाइनल में

बैंकॉक, एजेंसी। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत अपने से कम रैंकिंग वाले भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से हारकर बाहर हो गए। महिला एकल में अस्मिता चालिहा भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहीं। त्रीशा और गायत्री ने प्री क्वार्टर फाइनल में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी को सीधे गेम में 21-15, 24-22 से हराया। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और अमालिया कहाया प्रातिवी की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। मंजूनाथ अंतिम आठ के मुकाबले में नीदरलैंड के मार्क कालजोव से भिड़ेंगे।

थाईलैंड मास्टर्स

पुरुष एकल में एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को चीनी ताइपे के चुन यी लिन के खिलाफ 9-21, 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अस्मिता भी चीनी ताइपे की यू पो पाइ को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं।

चेन्नई ओपन में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे सुमित नागल

चेन्नई, एजेंसी। सुमित नागल रविवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। रामकुमार रामनाथन और मुकुंद शशिकुमार पुरुष एकल में अन्य खिलाड़ी होंगे, जिन्हें मुख्य ड्रा में वाइल्डकार्ड दिया गया है। इटली के लुका नार्डी शीर्ष वरीय खिलाड़ी होंगे।

टूर्नामेंट में 14 देशों के खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं लेकिन पिछले साल के विजेता आस्ट्रेलिया के मैक्स पुर्सेल हिस्सा नहीं ले रहे हैं क्योंकि वह अन्य एटीपी प्रतियोगिता में खेल रहे हैं। युगल वर्ग में भारत के अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान शीर्ष वरीय हैं। देश में खेले जाने वाली चार चैलेंजर सीरीज में यह पहला टूर्नामेंट हैं जबकि अन्य बेंगलुरु, पुणे और दिल्ली में खेले जाएंगे। एकल मुख्य ड्रा में 32 खिलाड़ी और युगल में 16 जोड़ियां हार्ड कोर्ट पर उतरेंगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 1,33,250 डॉलर होगी।

हादसे के बाद पैर खोने का था डर : ऋषभ पंत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ने बयां की कार हादसे की दास्तां

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि 13 महीने पहले हुए भयावह कार हादसे के बाद उन्हें अपना दाहिना पैर गंवाने का डर था। वह उस समय काफी डर गए थे। उनकी एसयूवी हादसे के बाद सेडान लग रही थी। उनके दाहिने घुटने की हड्डी खिसक गई थी और काफी दर्द हो रहा था। वहां आसपास कोई था जिसने घुटने को सही जगह पर पहुंचाने में मदद की।

रजत कुमार और निशु कुमार ने पंत को उनकी एसयूवी से निकाला था, जो बाद में आग की लपटों में घिर गई थी। ऋषभ पंत का शुरुआती इलाज देहरादून में हुआ, इसके बाद उन्हें मुंबई ले जाया गया। दाहिने घुटने के आपरेशन के बाद पंत ने बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन शुरू किया। वह मार्च में आईपीएल के जरिये वापसी कर सकते हैं।

अब सभी लोग गाड़ी चलाने से कर रहे हैं मना

ऋषभ पंत ने कहा कि हर कोई उन्हें अब गाड़ी चलाने के लिए मना कर रहा है लेकिन कोई भी उनसे ज्यादा डरा नहीं है। वह अब भी गाड़ी चलाएंगे क्योंकि उन्हें चलाना पसंद है। एक हादसा हो गया तो इसका मतलब यह नहीं कि उन चीजों को दोबारा न करें। पंत ने कहा कि वह करीब एक महीने तक बिस्तर पर रहे और सामान्य चीजें करने के लिए परेशान थे। उन्होंने धीरे धीरे घूमना शुरू किया। उन्होंने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि दांत साफ करना इतना अच्छा लगेगा। जब नहाने गया तो बाथ टब से निकलना ही नहीं चाह रहा था। इन छोटी चीजों में खुशी मिली क्योंकि भाग्यशाली था कि दूसरी जिंदगी मिली। डॉक्टरों ने भी कहा कि दुर्घटना के बाद कोई फ्रेक्चर नहीं था।

बॉलीवुड हलचल

फाइटर में ऋतिक के साथ काम करके खुश हैं महेश शेट्टी

अभिनेता महेश शेट्टी फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम कर बेहद खुश हैं। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित एक्शन थ्रिलर फाइटर महेश ने स्क्वाड्रन लीडर राजन उन्नीनाथन की भूमिका निभाई है। फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर महेश ने कहा कि वायु सेना के शब्दकोष में एक विंगमैन एक पायलट होता है जो पारस्परिक सहायता प्रदान करते हुए एक उड़ान संरचना के नेता के साथ उड़ान भरता है, इसलिए उनकी बॉन्डिंग हमेशा दूसरे स्तर पर होती है। शूटिंग शुरू होने से पहले ही ऋतिक और उनके बीच अच्छी बॉन्डिंग शुरू हो गई थी। जिस तरह से उन्होंने सेट पर यारा के रूप में मेरा स्वागत किया वह बहुत स्थायी था और पूरी टीम एक बड़े परिवार की तरह थी। वह बेहद सच्चे, मधुर और मजाकिया स्वभाव के हैं। जिस तरह से उन्होंने कहानियां सुनाईं, उसने हमेशा चकित कर दिया। किसी को एक बार भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि हम काम कर रहे थे। वह एक कारण से रितिक रोशन हैं और इसका कारण केवल समर्पण और कड़ी मेहनत है।

अर्जुन रामपाल चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड से सम्मानित

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल को चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड से सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल को सिनेमा और संस्कृति में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल ने सोशल मीडिया पर पुरस्कार समारोह की तस्वीर साझा करते हुए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के माननीय 37वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केजी बालाकृष्णन के हाथों चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड प्राप्त कर बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहा हूं। न्यायमूर्ति ज्ञानसुधा मिश्रा (पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट) का आभारी हूं कि उन्होंने इस सम्मान को और भी प्रभावी बनाया, वह समाज और फिल्म इंडस्ट्री में लगातार अपना योगदान देते रहेंगे।

कॉकटेल 2 में साथ नजर आ सकती हैं सारा अली और अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे और सारा अली खान सोशल मीडिया पर अपनी दोस्ती के लिए अक्सर चर्चा में रहती हैं। अब रूपहले पर्दे पर भी दोनों एक साथ नजर आने वाली हैं। बॉलीवुड गलियारों में चर्चा हैं कि हाल में दोनों को एक साथ मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस के बाहर देखा गया, जिसने कॉकटेल फिल्म बनाई थी और कॉकटेल 2 बनाने जा रहा है। माना जा रहा है कि कॉकटेल 2 में ये दोनों अभिनेत्री एक साथ दिख सकती हैं। दोनों की मेकर्स से इसे लेकर बात चल रही है। हाल ही में करन जौहर के शो में भी दोनों साथ नजर आई थीं और कई बड़े खुलासे किए थे। हालांकि इस फिल्म में उनके एक साथ काम करने को लेकर कोई अधिकारिक खबर सामने नहीं आई है लेकिन इंडस्ट्री में दोनों के अगली फिल्म में साथ काम करने को लेकर चर्चा जोरों पर हैं।

2012 में रिलीज हुई थी सैफ अली खान की कॉकटेल

फिल्म कॉकटेल को साल 2012 में रिलीज किया गया था। इस फिल्म में सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण, डायना पेंटी समेत कई बड़े कलाकारों ने भूमिका निभाई थी। दीपिका पादुकोण और सैफ अली खान की इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का ट्रेलर रिलीज

सनोज मिश्रा निर्देशित फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की स्थिति और वहां पर हो रहे अत्याचारों को इंगित करते हुए बनाई गई है। इसके ट्रेलर में दिखाया गया है कि किस कदर वहां के मुसलमानों ने धर्म परिवर्तन के नाम पर हिंदू महिलाओं के साथ जोर जबरदस्ती की और उनकी बात नहीं मानने वाली महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। वसीम रिजवी फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्माता वसीम रिजवी उर्फ जितेंद्र नारायण सिंह हैं। फिल्म के लेखक और निर्देशक सनोज मिश्र हैं। फिल्म के कलाकारों में अर्शिन मेहता, यजुर मारवाह, दीपक कंबोज, अल्फिया शेख, गरिमा कपूर, रीना भट्टाचार्य, गौरी शंकर, देव फौजदार, अनिल अंजुनिल, संजू सोलंकी, डॉ. रामेंद्र चक्रवर्ती, दीपक सूठा, जितेंद्र नारायण सिंह, जनार्दन सिंह मयूर, अनुज दीक्षित, नीत महल शामिल हैं। फिल्म के सह निर्माता क्षत्रपाल सूर्यवंशी, संजय कुमार और अर्जुन सिंह हैं। फिल्म के छायाकार सत्यपाल सिंह, संपादक रंजीत प्रसाद और संगीतकार ए आर दत्ता हैं।

सेहत के लिए फिल्मों से ब्रेक लेंगे प्रभास

टॉलीवुड सुपरस्टार प्रभास को लेकर एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सालार की बंपर सक्सेस के बाद एक्टर इन दिनों अपनी फिल्म राजा साब को लेकर काफी व्यस्त चल रहे हैं। इस बीच खबर आ रही है कि सुपरस्टार प्रभास अपनी फिल्म की रिलीज के बाद ब्रेक लेने की तैयारी में हैं। इसकी वजह उनकी सेहत बताई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि प्रभास लंबे समय से घुटने में दर्द की शिकायत से जूझ रहे हैं। वह घुटने की सर्जरी के लिए विदेश यात्रा भी कर चुके हैं। ऐसे में अब प्रभास अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान देना चाहते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

शरद के पोते से ईडी की दूसरी बार पूछताछ

मनी लॉन्ड्रिंग मामला

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक रोहित पवार आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। उनपर सहकारी बैंक घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है। बता दें कि रोहित पवार राकांपा प्रमुख शरद पवार के पोते हैं।

पिछले 10 दिनों में दूसरी बार रोहित पवार ईडी के समक्ष पेश हुए हैं। 38 वर्षीय राकांपा नेता कर्जन जामखेड से विधायक है। ईडी ने उनसे आखिरी बार 24 जनवरी को पूछताछ की थी। गुरुवार को वह दक्षिणी मुंबई के बैलार्ड स्टेट स्थित ईडी दफ्तर पहुंचे। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी उनके साथ मौजूद थे। इस दौरान रमेश पवार की पत्नी प्रतिभा पवार राकांपा दफ्तर पहुंची।

रमेश पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले फिलहाल नई दिल्ली में हैं। ईडी दफ्तर के पास राकांपा कार्यालय में सैकड़ों राकांपा नेता एकत्रित हुए। ईडी के दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। बता दें कि महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक मनी लॉन्ड्रिंग मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की अगस्त 2019 की एफआईआर से प्रकाश में आया है।

इस साल पांच जनवरी को ईडी ने रोहित पवार की स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो की बारामती, पुणे और औरंगाबाद परिसर पर तलाशी ली। इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामला: जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े घोटाला मामले में गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घंटों पूछताछ की जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। इससे पहले ईडी मुख्यालय में ही अधिकारियों ने दोनों से घंटों पूछताछ की थी। माना जा रहा है कि पूछताछ में कई ऐसे खुलासे हुए हैं जिनके आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को कोर्ट में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए इनका रिमांड मांगेगी।

स्वदेशी ग्रीन प्रोपल्शन प्रणाली ने किया क्षमता का प्रदर्शन

नई दिल्ली। स्वदेशी रूप से विकसित ग्रीन प्रोपल्शन प्रणाली कक्षा (ऑर्बिट) ने अपनी कार्यक्षमता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। इसे पीएसएलवी सी-58 से एक पेलोड पर लॉन्च किया गया था। रक्षा मंत्रालय ने इसे अंतरिक्ष रक्षा तकनीक के क्षेत्र में बड़ी छलांग बताया है।

ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम को डीआरडीओ की प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के तहत विकसित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह अंतरिक्ष रक्षा तकनीक के क्षेत्र में बड़ी छलांग है। टीडीएफ योजना के तहत विकसित ग्रीन प्रोपल्शन प्रणाली ने ऑर्बिट में सफलतापूर्वक अपनी कार्यक्षमता का प्रदर्शन किया है। मंत्रालय ने कहा, पीएसएलवी सी-58 मिशन के तहत लॉन्च इस सिस्टम ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया।

मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत

▸▸ नासा के दृढ़ता रोवर ने की खोज विज्ञानियों ने कहा- मंगल पर जीवन बसाने की उम्मीद जागी

नैनीताल कार्यालय

मंगल ग्रह की तस्वीर।

अमृत विचार : मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर के समीप प्राचीन झील की तलछट में सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य मिले हैं। नासा के दृढ़ता रोवर ने यह महत्वपूर्ण खोज की है। नासा के विज्ञानियों के अनुसार इस खोज से मंगल की धरती पर जीवन बसाने की उम्मीद को बल मिलता है। जीवन के यह निशान लाल ग्रह मंगल के 45 किलोमीटर चौड़े जेजेरो क्रेटर के अंदर पाए गए हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस गड्ढे में कभी बड़ी झील थी। रोबर ने इस झील से कई सबूत एकत्र किए हैं। जिनसे पता चलता है कि यहाँ कभी जीवन रहा होगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए) और ओस्लो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिको ने शोध कर इसका खुलासा किया है। उनका कहना है कि ताजा सबूतों से उम्मीद जगती है कि इस गड्ढे में सूक्ष्मजीवी जीवन रहा होगा। यदि मंगल ग्रह पर जीवन मौजूद रहा होगा तो मंगल की धरती पर भविष्य में जीवन बसाना होगा।

विज्ञानियों ने बताया है कि, प्राचीन मंगल ग्रह के रोगाणुओं ने हाइड्रोजन हजम कर ली और मीथेन का उत्पादन किया। उन्होंने धीरे-धीरे अपने ग्रह के गर्मी को जकड़ने वाले आवरण को खा लिया।

उन्होंने मंगल को अंततः इतना ठंडा बना दिया कि वह जीवन के रूपों को विकसित करने लायक नहीं रहा। मंगल ग्रह की सतह का तापमान 10 से 20 डिग्री सेल्सियस की एक सहनीय सीमा से गिरकर माइनस 57 सेल्सियस हो गया और जीवाणु ग्रह की भीतरी परत की तरफ भाग गए।

दो दशक से मंगल पर जीवन बसाने की हो रही कवायद

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन व तेजी से बढ़ती मानव जनसंख्या ने वैज्ञानिकों को मानव का दूसरा घर बसाने को लेकर बाहरी ग्रह की तलाश है और मंगल एकमात्र ग्रह है, जो हमारी उम्मीद की पूर्ति कर सकता है। जिसके चलते इस ग्रह पर जीवन बसाने की कवायद की जा रही है। अमेरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा इस दिशा में सर्वाधिक सक्रिय है और अभी तक कई मिशन भेज चुका है। इस दिशा में भारत भी पीछे नही है। 2013 में इसरो ने मार्स ऑर्बिटर भेजा था। इसरो का उद्देश्य मंगल के वारावरण में जीवन की संभावना तलाश करना था। जिसमें वह सफल रहा।

एक नजर

मैक्सिको: बुल फाइटिंग पर सुप्रीम कोर्ट की रोक हटते ही उमड़ा हुजूम

मैक्सिको सिटी। करीब डेढ़ साल के इंतजार के बाद मैक्सिको में एक बार फिर से बुल फाइटिंग की भव्य वापसी हुई है।

प्लाजा मैक्सिको एरीना में हुई बुल फाइटिंग को देखने के लिए सैंकड़ों लोग पहुंचे। दरअसल, मैक्सिको सिटी के पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने इस खेल में पशुओं से बर्बरता का हवाला देते हुए स्थानीय कोर्ट में अपील की थी। जिस पर मई 2022 में लोकल कोर्ट ने बुल फाइटिंग पर रोक लगा दी। बुल फाइटिंग के समर्थकों की डेढ़ साल की कानूनी लड़ाई के बाद मैक्सिको के हाईएस्ट कोर्ट (सुप्रीम कोर्ट) ने लोकल कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। हालांकि, 300 से ज्यादा पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने आयोजन स्थल के बाहर प्रदर्शन किया।

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने पक्षी जैसे उड़ने वाले रोबोट बनाए

वाशिंगटन। अमेरिका की यूनिवर्सिटी 'न्यू मेक्सिको टेक' के वैज्ञानिकों ने पक्षियों से प्रेरित होकर उड़ने वाले रोबोट बनाए हैं, जिन्हें 'टेक्नो-टैक्सीडमर्मी मॉडल' कहा जाता है। हालांकि, अभी तक ये रोबोट असली पक्षियों की तरह उतने अच्छे से उड़ नहीं पाते हैं। वे हवा में तैर सकते हैं। थोड़ा ऊंचा उड़ सकते हैं और गर्म हवा के प्रभाव में आने पर थोड़ा ऊपर जा सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इनका इस्तेमाल जासूसी ड्रोन की तरह किया जा सकता है। लेकिन असल में इनका उद्देश्य 'वन्यजीवों की निगरानी के लिए प्रकृति-प्रेमी ड्रोन' बनाना है। पुराने ड्रोन शोर और अनजान होने के कारण वन्यजीवों को परेशान करते हैं। इसलिए वैज्ञानिक ऐसे ही चुपचाप उड़ने वाले और प्राकृतिक दिखने वाले ड्रोन बना रहे हैं, ताकि जंगली जानवरों की निगरानी और उनके बारे में जानकारी आसानी से मिल सके।

कनाडा: गिरफ्तार तीन भारतवंशी अमेरिका प्रत्यर्पित होंगे

टोरंटो। कनाडा में गिरफ्तार तीन भारतवंशियों को मेक्सिको और उत्तरी अमेरिकी देशों के बीच ड्रग्स की तस्करी करने वाले नेटवर्क से कथित संबंधों के लिए अमेरिका में प्रत्यर्पित किया जाएगा। एफबीआइ और रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के बीच संयुक्त अभियान ने संगठित अपराध गिरोह में कथित भूमिका के लिए 19 लोगों को आरोपित किया है। आरसीएमपी ने मंगलवार को कहा कि ब्रैम्पटन से 25 वर्षीय आयुष शर्मा और 60 वर्षीय गुरअमृत सिद्धू और कैलगरी से 29 वर्षीय सुभम कुमार को अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं, एक अन्य मामले में पुलिस ने कहा कि एक 29 वर्षीय भारतवंशी ड्राइवर को ट्रक से 406 किलो मेथामफेटामाइन मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया है। विनिपेग के कोमलप्रीत सिद्धू को मैनिटोबा रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने 14 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

इजराइल का दावा: गाजा में यूएन की राहत टीम से जुड़ी बोरियों से हथियारों का जखीरा बरामद

जब्त हथियारों को आईडीएफ ने किया नष्ट

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना लगातार गाजा पर बमबारी कर रही है। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के हथियारों के भूमिगत ठिकाने को इजराइली सेना ने तबाह कर दिया है। गौरतलब है कि यह हथियार संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी से जुड़ी बोरियों में छिपाए गए थे। आईडीएफ ने मामले में जुड़े बयान में कहा कि बोरियों के अंदर रॉकेट, टैंकरोधी मिसाइलें, खदानें और विस्फोटक सामग्रियों को छिपाया गया था। इजराइली सेना ने द्वारा किया कि रॉक्टे निर्माण के लिए इस्तेमाल सामग्रियों को नष्ट कर दिया है। साथ ही इजराइली सेना ने आरपीजी मिसाइलों के लिए डिजाइन किए हथियार, कारतूस, स्प्रे चार्ज, ग्रेनेड समेत कई विस्फोटक सामग्रियों को जब्त किया गया है।

इजराइल ने कहा कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले में यूएनआरडब्ल्यूए के कर्मचारी भी शामिल थे। इस खुलासे के बाद इजराइल ने मांग की है कि यूएनआरडब्ल्यूए गाजा में उसके अधिकार से हटा दिया जाए। इसके बाद अमेरिका, यूरोपीय संघ और 16 अन्य देशों ने एजेंसी के लिए फंडिंग निलंबित कर दी है। इस्राइल ने 12 कर्मचारियों को उनकी भागीदारी के लिए दोषी ठहराते हुए खुफिया जानकारी दी है। जिसमें दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के वाहनों और कई सामग्रियों का आंतकी गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में भी दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के 10 आतंकी फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद से संबंध रखते हैं। यूएन वॉच और इम्पैक्ट-एसई द्वारा जारी रिपोर्ट में यूएनआरडब्ल्यूए कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया पर हमलों के लिए समर्थन व्यक्त करने का दस्तावेजीकरण किया गया है। गौरतलब है कि इस्राइली सैनिकों को यूएनआरडब्ल्यूए राहत आपूर्ति के बीच छिपी हुई मिसाइलें मिली थी, जबकि एजेंसी की बोरियों का इस्तेमाल विस्फोटक सामग्री के लिए किया जा रहा था।

24 घंटे में 150 फिलिस्तीनी समेत 15 आंतकियों को मार गिराया

गाजा पट्टी के लिए मानवीय सहायता ले जाने वाले वाहनों का रास्ता रोकने के लिए खड़े इजराइली नागरिक।

इजराइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। युद्ध के कारण अब तक दोनों पक्षों के करीब 26 हजार लोगों की मौत हो गई। इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में इजराइल ने गाजा में भयंकर गोलीबारी की। इजराइली हमले में पिछले 24 घंट में 150 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 313 लोग अतिरिक्त घायल हैं। इजरायली सेना क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में भी आतंकियों से लड़ाई जारी रखे हुए है। इजराइली सेना ने बुधवार को बताया कि उन्होंने एक दिन पहले उत्तरी गाजा में 15 से अधिक हमास आतंकवादियों को मार गिराया। इसी के साथ हमने स्कूल में एक आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। नेतन्याहू शुक्रवार को कहा था कि हम अपने लोगों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे लोगों और देश की सुरक्षा के लिए जो भी आवश्यक कदम होंगे हम उठाएंगे। हर देश की तरह इजराइल को भी अपनी अखंडता की रक्षा करने का बुनियादी अधिकार है। इजराइल फिलिस्तीनियों के खिलाप नरसंहार कर रहा है, यह दावा सरासर गलत है। यह अपमानजनक है। हमास ने कहा कि ये यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। हमास ने कहा कि इजराइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंक इसे अपवित्र किया था।

कल नौसेना में शामिल होगा संधायक पोत मजबूत होगी निगरानी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के नए पोत 'आईएनएस संधायक' का तीन फरवरी को जलावतरण समारोह होगा। इसके लिए विशाखापत्तनम में पूरी तैयारी की गई है। नौसेना ने सर्वेक्षण पोत को तिरंगे धव्ज, फूल-मालाओं से सजाया हुआ है।

यह पोत रणनीतिक जलमार्ग में नौसेना के निगरानी तंत्र को मजबूत करेगा। समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और नौसेना के पूर्वी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ राजेश पेंढारकर शामिल होंगे। इसके अलावा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह समारोह देश के सबसे बड़े सर्वेक्षण पोत को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल करने का प्रतीक होगा। उन्होंने बताया कि कोलकाता के मैसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में चार बड़े सर्वेक्षण पोत निर्माणाधीन हैं। यह उनमें पहला है। आईएनएस संधायक का बंदरगाह और समुद्र दोनों में परीक्षण किया गया था। इसके बाद चार दिसंबर को इसे नौसेना को सौंप दिया गया था।

भारत को मिलेंगे एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन, अमेरिका ने दी मंजूरी

वाशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत को 3.99 अरब डॉलर की अनुमानित लागत पर एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन और अन्य उपकरणों की सैन्य बिक्री को मंजूरी देने का फैसला लिया है।

खबरों के मुताबिक, भारत और अमेरिका ने 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन का सौदा किया है। इसे आमतौर पर एमक्यू-9बी प्रीडेटर यूएवी ड्रोन के रूप में भी जाना जाता है। यह सौदा 3.99 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है।

वहीं, इस सौदे पर एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस मुद्दे का संबंध अमेरिकी पक्ष से है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के मुताबिक, अमेरिका ड्रोन डील को अंतिम रूप देने से पहले अपने देश से जुड़े तमाम आंतरिक पहलुओं पर मंथन कर रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रोन सौदा मामले में भारत अमेरिकी रूख का पर्याप्त सम्मान करता है।

संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे म्यांमार

नई दिल्ली। म्यांमार तख्तापलट की बरसी पर विदेश मंत्रालय भारत-म्यांमार में बिगड़ती स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर

जायसवाल ने कहा, म्यांमार की स्थिति का पड़ोसी देश और म्यांमार के मित्र के रूप में हम पर सीधा प्रभाव पड़ता है। भारत तत्काल हिंसा बंद होने की वकालत करता रहा है। उन्होंने कहा कि म्यांमार एक समावेशी और संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे, भारत यही चाहता है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस वार्ता में म्यांमार तख्ता पलट के अलावा भारत-अमेरिका ड्रोन सौदा, चीनी सैनिक- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और भारतीय मवेशी पालक का आमना-सामना होने जैसे मुद्दों पर विस्तार से जवाब दिया।

मालदीव: महाभियोजक पर हमले के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

माले, एजेंसी। मालदीव के महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार को किए गए हमले के

आरोप में गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ था। बता दें, महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार सुबह मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने हथौड़े से हमला किया। मीडिया के मुताबिक, पुलिस आयुक्त अली शुजाउ ने कहा कि हमले के दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन पुलिस ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। शुजाउ ने कहा, पूछताछ में पता चला कि हमला पूर्व-नियोजित था। उन्होंने कहा आरोपियों की पहचान कर ली गई। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) ने शमीम की सुरक्षा कड़ी कर दी है।

यातायात बाधित...

बनिहाल/जम्मू : जम्मू-कश्मीर के रामबन इलाके में बारिश होने के कारण भूस्खलन हुआ, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। रामबन के किश्तवारी पत्थर इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया, जिससे मार्ग पर 200 से अधिक गाड़ियां फंसी रहीं। वहीं, कई जिलों में बर्फबारी भी हुई। भूस्खलन जिले के शेरबीबी इलाके में हुआ, जहां भारी बारिश भी हुई है। ● एजेंसी

हिंसा के आरोप में इमरान की पार्टी के 39 कार्यकर्ता गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ तीन दिन में पीटीआई के 72 कार्यकर्ता किए गए गिरफ्तार

पाकिस्तान में पुलिस ने एक रैली के दौरान हिंसा को लेकर इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। कराची पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि दंगा, पुलिसकर्मियों पर हमला और सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ के आरोप में 39 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

तीन दिन में पीटीआई के 72 कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं। आम चुनाव से महज एक सप्ताह पहले कानून प्रवर्तन एजेंसियां कराची में पीटीआई कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इधर, पाकिस्तान निर्वाचन आयोग खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में बिगड़ रही कानून एवं व्यवस्था को लेकर बैठक करेगा। दोनों राज्यों में रैलियों, कार्यालयों और प्रत्याशियों पर हमले तेज हो गए हैं। इसके साथ ही आतंकी घटनाएं भी बढ़ गई हैं। बलूचिस्तान के ग्वादर जिले में पासानी तहसील में बडोक जांच चौकी पर बीबीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र महबूब को सुरक्षा बलों ने बस से उतारकर हिरासत में ले लिया। इसके विरोध में बलूच छात्रों ने सड़क जाम कर दिया। इससे वाहनों की आवाजाही अवरुद्ध हो गई।

87 साल पहले लापता विमान प्रशांत महासागर में मिला

न्यूयॉर्क। 1932 में गायब हुआ विमान प्रशांत महासागर में खोजा गया है। इसके मिलने का दावा अमेरिकी वायु सेना के पुर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर ने किया है। दरअसल 1932 में अमेरिकी पायलट अमेलिया इयरहार्ट विमान से पूरी दुनिया का चक्कर लगाने निकली थीं।

अगर वह सफल होती तो ये काम करने वाली दुनिया की वे पहली महिला पायलट होतीं। हालांकि ऐसा होने से पहले ही उनका प्लेन गायब हो गया। गायब होने के 6 साल बाद तक इसकी खोजबीन भी हुई, लेकिन कुछ सुराग न मिल पाने के कारण जांच आगे न बढ़ पाई और अंत में बंद कर दी गई। डीप सी ड्रोन की मदद से पूर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर टोनी रोमियो ने इसे खोजा है। ड्रोन ने जो तस्वीर ली है वो अमेलिया के विमान से मिलता है। आगे की जांच के बाद आकिरिक पुष्टि की जाएगी।

अरब देश में मंदिर मंदिर में राम-सीता, शिव-पार्वती समेत विराजेंगे सात देवी-देवता, 6 साल में पूरा हो रहा मंदिर, 700 करोड़ आई लागत

सद्भाव-अस्तित्व की नीति की मिसाल बीएपीएस मंदिर

अबू धाबी, एजेंसी

अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह- अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा।

हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। इसके आधे हिस्से में पार्किंग है। इसकी आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। मंदिर के प्रांगण में एक वॉल ऑफ हार्मनी का भी निर्माण किया गया है। मंदिर की दीवारों पर अरबी क्षेत्र, चीनी, एज्टेक और मेसोपोटामिया से 14 कहानियां होंगी, जो सभी संस्कृतियों में जुड़ाव दिखाते हैं। बीएपीएस स्वामीरायण संस्था के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख बहाविहारी स्वामी ने बताया कि यह अरब देश में पहला विचार आधारित बीएपीएस होगा। 1997 में गुरु प्रमुख स्वामी महाराज जब यहां आए थे, तो उन्होंने एक सपना देखा था कि यहां हिंदू मंदिर बने। आज 27 साल बाद यह सपना साकार हो रहा है। मंदिर के गेट पर रेत के टोले की रचना की गई है, जिसे सातों अमीरात से रेत लाकर बनाया गया है। आगे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है जिसमें मुख्य प्रवेश द्वार से पहले सीढ़ियों के दोनों तरफ गंगा और यमुना का प्रवाह रहेगा और सरस्वती नदी की कल्पना एक लाइट से की गई है। गंगा के साथ 96 घंटों को स्थापित किया गया है, जो 96 साल की तपस्या दर्शाति हैं। मंदिर को मार्ग पर ठंडी रहने वाली नैनो टाइल्स लगाई गई हैं।

वहीं, मंदिर के दाई ओर गंगा घाट है, जिसमें गंगा जल की व्यवस्था होगी। 7 एमिरेट्स को दर्शाने वाले 7 शिखर: मंदिर में सात शिखर हैं, जो यूएई के सात एमिरेट्स को दशति है। मंदिर में सात देवी-देवता विराजेंगे, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव का प्रतीक : परियोजना प्रमुख बहाविहारी

अबू धाबी में सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बीएपीएस हिंदू मंदिर परियोजना के प्रमुख स्वामी बहाविहारी ने कहा है कि, मंदिर को अंतरधार्मिक और अंतरसांस्कृतिक सद्भाव के उत्प्रेरक के रूप में मान्यता देते हुए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह हिंदुओं के लिए पूजा स्थल है। बीएपीएस हिंदू मंदिर का मूल विचार इस धरती पर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक सद्भाव के लिए एक आध्यात्मिक नखलिस्तान है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 21 बलूच विद्रोहियों को उतारा मौत के घाट

कराची। पाकिस्तान सुरक्षा बल की ओर से की गई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए। सुरक्षा बलों का कहना है कि यह कार्रवाई को बलूच विद्रोहियों की ओर से माच टाउन और कोलपुर इलाके में किए गए हमले के जवाब में की गई।

एक अधिकारी ने बताया कि इन दोनों स्थानों पर हुई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए हैं। सुरक्षा बलों के इस आपरेशन के दौरान चार सुरक्षा बल के जवान और दो आम नागरिक भी मारे गए। सेना की मीडिया वर्ग की ओर से अब तक आधिकारिक रूप से 12 विद्रोहियों के मारे जाने की सूचना दी गई है, लेकिन एक अधिकारी ने कहा है कि मारे जाने वाले 21 विद्रोही बलूच लिबरेशन आर्मी मुजाहिद ब्रिगेड के सदस्य थे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा बलों के मारे जाने की संख्या भी बढ़ सकती है।

पाकिस्तान: टीटीपी में शामिल हो रहे अलकायदा के आतंकी

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ निगरानी टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी रिपोर्ट से किया खुलासा

प्रतिबंधित टीटीपी समूह को पाकिस्तान में हमलों को अंजाम देने के लिए अलकायदा और अन्य आंतकी गुटों से समर्थन मिल रहा है। पाकिस्ताान के एक प्रमुख अखबार ने संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के हवाले से यह बात कही। अखबार ने बताया कि आईएसआईएल और अलकायदा/तालिबान की निगरानी करने वाली एक टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की समिति को 33वीं रिपोर्ट सौंपी।

इस रिपोर्ट में यह जानकारी निकलकर सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगान तालिबान के अलावा, अलकायदा व अन्य आंतकवादी गुटों से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को हथियारों और उपकरणों का समर्थन मिल रहा है। यही नहीं, इन संगठनों के आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी अभियानों में टीटीपी को ऑन-ग्राउंड समर्थन दे रहे हैं। पाकिस्तान मानता है कि देश के भीतर बड़े आतंकवादी हमलों के लिए टीटीपी जिम्मेदार है। इसको लेकर वह कई बार अफगान तालिबान से अनुरोध कर चुका है कि वह टीटीपी पर लगाम लगाए। लेकिन, टीटीपी ने हमलों को और तेज कर दिया। इस पर पाकिस्तान कई बार अपनी नाराजगी जता चुका है। इसके कारण दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं।